100
प्रमुखस्वामी महाराज
शताब्दी महोत्सव

वर्ष : 4 अंक : 45 मूल्य : 4 रु.

RNI No. -DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

# मदरलैण्ड वॉइस

गुरुवार, 20 अक्टूबर 2022

राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र

दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित

## नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति देश को गुलामी की मानसिकता से मुक्त कराएगी : पीएम



अहमदाबाद, एजेंसी। दो दिवसीय गुजरात दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अहमदाबाद के निकट अडालज स्थित त्रिमंदि में मिशन स्कूल ऑफ एक्सेलन्स का प्रारंभ कराते हुए कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति देश को गुलामी की मानसिकता से मुक्त कराएगी। उन्होंने कहा कि गुजरात का मिशन स्कूल ऑफ एक्सेलन्स एक महत्वपूर्ण कदम होगो बीते दो दशकों में गुजरात के शिक्षा क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन आया है। 20 साल पहले 100 में से 20 बच्चे स्कूल नहीं जाते थे और जो जाते थे उनमें से ज्यादातर 8वीं कक्षा के बाद स्कूल छोड़ देते थे बेटियों की स्थिति और खराब थी और उन्हें स्कूल भेजा नहीं जाता था। आदिवासी क्षेत्रों में सायंस पढ़ाया नहीं जाता थो पीएम मोदी ने कहा कि वर्ष 2003 में गुजरात का मुख्यमंत्री रहते हुए मैंने शाला प्रवेशोत्सव अभियान शुरू किया और उस वक्त आदिवासी ग्रामीण क्षेत्रों में गयो खासकर जिन गांवों में शिक्षा कम थी वहां के अभिभावकों से उनकी बेटियों को पढ़ाने का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों की ऊंगली पकड़ कर स्कूल ले गया था आज उन बच्चों के दर्शन किए हैं। ऐसे बच्चों के माता-पिता को वंदन जिन्होंने उस वक्त मेरे अनुरोध को स्वीकार किया और अपने बच्चों को स्कूल भेजो पीएम मोदी ने कहा कि दो दशक में गुजरात में सवा लाख से अधिक नए क्लास रूम बने हैं। 2 लाख से ज्यादा शिक्षकों की भर्ती की। शाला प्रवेशोत्सव के दौरान गांव गांव जाकर सभी से अपने बच्चों को स्कूल भेजने का आग्रह किया। हमने शिक्षा की गुणवत्ता पर खास ध्यान दियो शाला प्रवेशोत्सव के साथ ही हमने गुणोत्सव की भी शुरूआत की थी। जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों का आंकलन किया जाता था। पूरी सरकारी मशीनरी तीन दिन राज्य के गांव गांव जाती थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि गुजरात ने शिक्षा क्षेत्र में अनेक प्रयोग किए हैं। शिक्षा के क्षेत्र में नए प्रयोग करना गुजरात के डीएनए में है। गुजरात का शिक्षा मॉडल देश में आदर्श बना है। गुजरात की 15 हजार स्कूलों में टीवी पहुंचे हैं। आज गुजरात में 1 करोड़ से भी अधिक विद्यार्थी और 4 लाख शिक्षकों का ऑनलाइन अटेडन्स होता है इस अभियान के तहत स्कूलों में 50 हजार क्लास रूम, 1 लाख स्मार्ट क्लास रूम को अत्याधुनिक रूप से विकसित किया जाएगा। ऐसी आधुनिक स्कूलें विद्यार्थियों की प्रत्येक जरूरतें पूरा करेंगी। ऐसे बदलाव के लिए केन्द्र सरकार प्रोत्साहन देती है। उन्होंने कहा कि देश में 14 हजार पीएमश्री स्कूल शुरू किए जाएंगे जिसमें कोडिंग और रोबोटिक्स की सभी सुविधाएं और शिक्षा बच्चों को दी जाएगा। इस योजना पर सरकार रु. 27 हजार करोड़ खर्च किए जाएंगे बच्चों को अपनी ही भाषा में बेहतर शिक्षा मिलेगी। पीएम मोदी ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति देश को गुलामी की मानसिकता से मुक्त कराएगी। भारतीय भाषाओं में पाठ्यक्रम तैयार किया जा रहा है। गुजरात के पास बहुत बड़ा अवसर है। पीएम मोदी ने कहा कि हमने इंटरनेट की पहली से लेकर फोर जी तक सेवाओं का उपयोग किया है और अब देश में 5जी बड़ा परिवर्तन करने वाला है।आज 5जी स्मार्ट सुविधाएं, स्मार्ट क्लासरूम, स्मार्ट टीचिंग से आगे बढ़ते हुए हमारी शिक्षा व्यवस्था को नेक्स्ट लेवल पर ले जाएगो अब वर्च्युअल रियालिटी, इंटरनेट ऑफ थिंग्स की ताकत भी स्कूलों में अनुभव की जा सकेगी।

## डिफेंस एक्सपो 2022 ने भारत के एक नए भविष्य की जोरदार शुरूआत की : पीएम मोदी

गांधीनगर, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के गांधीनगर में डिफेंस एक्सपो 2022 का उद्घाटन कर दीसा में नए सैन्य हवाई अड्डे की आधारशिला रखी। इस मौके पीएम मोदी ने जनता को संबोधित कर कहा कि यह पहला ऐसा 'डिफेंस एक्सपो' है, जिसमें सिर्फ भारतीय कंपनियां हिस्सा ले रही हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि मुझे खुशी है, कि जब भारत भविष्य के इन अवसरों को आकार दे रहा है, तब 53 अफ्रीकी देश जो भारत के मित्र हैं, हमारे साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। देश के अब तक के सबसे बड़े डिफेंस एक्सपो ने एक नए भविष्य की जोरदार शुरूआत की है। मुझे पता है कि इससे कुछ देशों को भी असुविधा हुई है, लेकिन सकारात्मक मानसिकता के साथ कई देश हमारे साथ आए हैं। पीएम मोदी ने कहा हमारे देश में पहले भी डिफेंस एक्सपो होता था लेकिन डिफेंस एक्सपो 2022 अभूतपूर्व है। यह एक नई शुरूआत का प्रतीक है। यह देश का पहला ऐसा डिफेंस एक्सपो है, जहां सिर्फ भारतीय कंपनियां ही हिस्सा ले रही हैं, जहां सिर्फ मेड इन इंडिया डिफेंस सामान हैं।

**नए सैन्य हवाई अड्डे का आधारशीला रखा**

इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने दीसा में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास नए सैन्य हवाई अड्डे की आधारशीला रखते हुए कहा कि यह देश की सुरक्षा का एक प्रभावी केंद्र बनकर उभरेगा। गांधीनगर में 'डिफेंस एक्सपो' के उद्घाटन समारोह में पीएम मोदी ने कहा कि रक्षा बल 101 वस्तुओं की एक सूची जारी करने वाले हैं, जिनके आयात पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही रक्षा क्षेत्र के 411 साजो-सामान व उपकरण इसतरह के हैं, जिन्हें भारत में ही बनाया जाएगा। पीएम मोदी ने कहा, इससे भारतीय रक्षा उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कि यह एक अद्भुत 'डिफेंस एक्सपो' है क्योंकि पहली बार इसमें केवल भारतीय कंपनियां हिस्सा ले रही हैं। उन्होंने कहा कि उत्तरी दीसा में बनने वाला नया सैन्य हवाई अड्डा देश की सुरक्षा के लिए एक प्रभावी केंद्र के रूप में उभरेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारतीय रक्षा उत्पादों का निर्यात पिछले कुछ वर्षों में आठ गुना बढ़ा है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में दीपावली से पहले बड़ी कार्रवाई 2,000 किलोग्राम से ज्यादा पटाखे जब्त

नई दिल्ली, एजेंसी। दीपावली से पहले राष्ट्रीय राजधानी में पुलिस ने चार अलग-अलग अभियानों में छह लोगों को गिरफ्तार किया और उनके पास से 2000 किलोग्राम से अधिक पटाखे जब्त किए। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक द्वारका, उत्तर-पूर्व और दक्षिण जिलों की पुलिस टीमों द्वारा कुल मिलाकर तीन अभियान चलाए गए। इसके अलावा एक अन्य अभियान स्वापक दस्ते द्वारा संचालित किया गया था। दक्षिणी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त चंदन चौधरी ने कहा कि मदनगीर के केंद्रीय बाजार में सोमवार को शाम करीब साढ़े चार बजे गश्त के दौरान पुलिस ने संजय कुमार (53) के पास से प्लास्टिक की थैलियों के अंदर पटाखे मिलने के बाद गिरफ्तार किया। बाद में मदनगीर इलाके में उसकी दुकान से कुल 1,193 किलोग्राम पटाखे बरामद किए गए।

### 5 वायुसेना जवानों की हत्या में टाडा कोर्ट ने यासीन मलिक व अन्य पर तय किए आरोप

जम्मू, एजेंसी। भारतीय वायुसेना के अधिकारियों की हत्या के मामले में आज अलगाववादी नेता यासीन मलिक के खिलाफ जम्मू की टाडा कोर्ट में सुनवाई की गई। इस मामले की सुनवाई के लिए अगली तारीख 23 नवबंर तय की गई है। बुधवार को हुई सुनवाई में मुख्य गवाह समेत सभी के ब्यान दर्ज किए गए। माना जा रहा है कि ऊम्रकैद की सजा काट रहे जम्मू-कश्मीर लिबेरशन फ्रंट के संस्थापक आतंकी यासीन मलिक की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। तिहाड़ जेल के इनकार करने से यासिन मलिक आज फिर वर्चुयली कोर्ट में पेश हुआ। जम्मू-कश्मीर में 30 साल पहले सन 1990 में कश्मीर में हुए वायुसेना के 5 अधिकारियों की हत्या के मामले में टाडा कोर्ट जम्मू ने जम्मू कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के संस्थापक यासीन मलिक सहित 7 अन्य पर आरोप तय कर दिए हैं। इस मामले में कोर्ट ने यासीन मलिक के अलावा अली मुहम्मद मीर, मंजूर अहमद सोफी उर्फ मुश्तफा, जावेद अहमद मीर उर्फ नालका, नाना जी उर्फ सलीम, जावेद अहमद जरगर व शौकत अहमद बख्शी पर आरोप तय किए हैं। सुनवाई के दौरान यासीन अपने गुनाह कबूल कर चुका है। मलिक पर 25 जनवरी 1990 को श्रीनगर में वायुसेना के जवानों पर हमला करने का आरोप है। इस घटना में 40 लोग घायल हुए थे, जबकि चार जवान शहीद हो गए थे। स्क्वाड्रन लीडर रवि खन्ना भी उनमें से एक थे। सभी एयरपोर्ट जाने के लिए गाड़ी का इंतजार कर रहे थे, तभी आतंकियों ने उन पर हमला कर दिया था। मलिक ने मीडिया को दिए इंटरव्यू में भी इस बात का जिक्र किया था। इसके साथ ही उस पर पाकिस्तानी आतंकियों के साथ संबंध रखने के आरोप भी हैं।

## कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव में भारी बहुमत से जीते मल्लिकार्जुन खड़गे, शशि थरूर ने दी बधाई

### पार्टी के 136 साल के इतिहास में छठी बार मतदान के माध्यम से किया गया कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव



नई दिल्ली, एजेंसी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस अध्यक्ष के लिए हुए चुनाव में भारी बहुमत से जीत गए हैं। उन्हें कुल 7897 वोट मिले, जबकि उनके एकमात्र प्रतिद्वंद्वी शशि थरूर को लगभग 1000 वोट मिले जबकि 416 वोट खारिज कर दिए गए। कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए बुधवार को हुई मतगणना में मल्लिकार्जुन खड़गे को शशि थरूर की तुलना में 8 गुना ज्यादा वोट मिले। मल्लिकार्जुन खड़गे के कांग्रेस का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने की घोषणा के साथ ही नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में ढोल-नगाड़े बजने शुरू हो गए। नई दिल्ली में एआईसीसी कार्यालय के बाहर बड़ी संख्या में जुटे लोगों ने जश्न मनाना शुरू कर दिया।

अध्यक्ष पद के पराजित प्रत्याशी शशि थरूर ने कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित होने पर मल्लिकार्जुन खड़गे के घर पहुंचकर उन्हें बधाई दी और कहा है कि वे पार्टी को मजबूत करने में उन्हें पूरा सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा मेरा मानना है कि हमारी पार्टी का पुनरुद्धार आज शुरू हो गया है।

थरूर ने कहा ह्यअंतिम फैसला खड़गे के पक्ष में रहा। कांग्रेस चुनाव में उनकी जीत के लिए मैं उन्हें हार्दिक बधाई देना चाहता हूं। कांग्रेस का अध्यक्ष बनना बड़े सम्मान-बड़ी जिम्मेदारी की बात है। मैं मल्लिकार्जुन खड़गे को इस चुनाव में उनकी जीत के लिए बधाई देता हूं। थरूर ने कहा कि ह्यकांग्रेस अध्यक्ष पद का स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने में अपना योगदान देने के लिए मैं राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को भी धन्यवाद देता हूं।

इससे पहले, कांग्रेस मुख्यालय में मतगणना बुधवार सुबह निर्धारित समय 10 बजे के कुछ देर बाद लगभग 10।20 बजे शुरू हुई। इस मौके पर अध्यक्ष पद के उम्मीदवार शशि थरूर के प्रस्तावक सांसद कार्ति चिदंबरम और कुछ अन्य चुनावी एजेंट मौजूद थे। खड़गे की तरफ से सांसद सैयद नासिर हुसैन और कुछ अन्य नेता मौजूद थे। कांग्रेस की भारत जोड़ो पदयात्रा कर रहे कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आंध्र प्रदेश में खड़गे निर्वाचित होने के बाद कहा कि मुझे आगे क्या करना है यह अध्यक्ष के रूप में मल्लिकार्जुन खड़गे को देखना है। पार्टी में मेरी भूमिका क्या होगी वह भी वही तय करेंगे। राहुल गांधी ने कहा कि देश में सिर्फ कांग्रेस है जिसने पार्टी अध्यक्ष पद के लिए चुनाव कराए। कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसके अंदर चुनाव आयोग है और जिसके मुखिया टीएन शेषन की तरह के व्यक्ति हैं।

## दिल्ली नगर निगम चुनावों का रास्ता साफ घटकर 250 हुई एमसीडी वार्डों की संख्या



नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली नगर निगम यानी के चुनावों का रास्ता साफ हो गया है। एमसीडी के वार्डों में परिसीमन का काम पूरा हो चुका है। दिल्ली नगर निगम में परिसीमन के बाद वार्डों की संख्या घटकर 250 हो गई है, जिनमें से 42 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित होंगे। बता दें कि इससे पहले तीनों नगर निगम में 272 वार्ड थे। अब केंद्र सरकार दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के वार्डों के परिसीमन को लेकर सौंपी गई अंतिम रिपोर्ट को इस सप्ताह के अंत तक मंजूरी दे सकती है। परिसीमन समिति ने एमसीडी वार्डों के परिसीमन को लेकर अपनी अंतिम रिपोर्ट गृह मंत्रालय को सौंप दी है। सूत्रों ने बताया कि केंद्र अंतिम रिपोर्ट को सत्यापित करने की अधिसूचना इसी सप्ताह जारी कर सकता है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया था कि परिसीमन समिति ने सोमवार को केंद्र को एमसीडी के वार्डों के परिसीमन पर अपनी अंतिम रिपोर्ट सौंपी थी। गृह मंत्रालय द्वारा जारी गजट अधिसूचना के बाद परिसीमन की कवायद पूरी की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, इस कदम से एमसीडी चुनावों का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा। केंद्र सरकार राज्य निर्वाचन आयोग को चुनाव प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दे सकती है। इन चुनावों को सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के लिए परीक्षा के तौर पर देखा जा रहा है। पहले एमसीडी चुनाव इसी साल मार्च में होने थे। लेकिन बाद में इन्हें पीछे धकेल दिया गया क्योंकि केंद्र ने कहा कि वह दिल्ली में तीनों नगर निकायों का विलय करना चाहता है। तीनों निकायों के विलय पर विपक्ष ने मोदी सरकार पर हमला बोला था। दिल्ली की सत्ताधारी आम आदमी पार्टी ने तर्क दिया था कि भाजपा और समय चाहती है क्योंकि वह पंजाब में अपनी करारी हार के बाद मुकाबले के लिए घबरा गई है।

## 21 अक्टूबर को केदारनाथ-बद्रीनाथ जाएंगे पीएम मोदी, 3400 करोड़ की परियोजनाओं की रखेंगे आधारशिला

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21 अक्टूबर को उत्तराखंड का दौरा करेंगे। इस दौरान वह केदारनाथ और बद्रीनाथ में पूजा करने के अलावा 3,400 करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के बयान में बताया गया है कि पीएम मोदी सुबह करीब 8.30 बजे केदारनाथ मंदिर पहुंचेंगे और वहां दर्शन और पूजन करेंगे। इसके बाद वह करीब 9 बजे केदारनाथ रोपवे परियोजना का शिलान्यास करेंगे।

प्रधानमंत्री आदि गुरु शंकराचार्य के समाधि स्थल पर भी जाएंगे और मंदाकिनी और सरस्वती नदी के किनारे चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। पीएमओ ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी इसके बाद करीब 11.30 बजे बद्रीनाथ पहुंचेंगे और फिर वहां मंदिर में पूजा और दर्शन करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वहां रिवरफ्रंट विकास कार्य की प्रगति की समीक्षा करेंगे तथा माणा गांव में सड़क और रोपवे परियोजना की आधारशिला रखेंगे।

पीएमओ के मुताबिक, इसके बाद करीब 2 बजे प्रधानमंत्री अराइवल प्लाजा और झीलों के विकास कार्य की भी समीक्षा करेंगे। केदारनाथ का रोपवे 9.7 किलोमीटर लंबा होगा और यह गौरीकुंड को केदारनाथ से जोड़ेगा। इससे दोनों स्थानों की यात्रा का समय करीब 30 मिनट हो जाएगा। फिलहाल इस दूरी को तय करने में 6 से 7 घंटे का समय लगता है। हेमकुंड का रोपवे गोविंदघाट को हेमकुंड साहिब से जोड़ेगा। इसकी लंबाई करीब 12.4 किलोमीटर होगी। इससे इस दूरी को 45 मिनट में पूरा किया जा सकेगा। अभी इस दूरी को तय करने में करीब दिन भर लग जाते हैं। यह रोपवे घांघरिया को फूलों की घाटी राष्ट्रीय पार्क से भी जोड़ेगा।

रोपवे को 2430 करोड़ रुपए की लागत से विकसित किया जाएगा। यह पर्यावरण हितैषी होंगे और इनसे यात्रा करना सुलभ और सुरक्षित भी होगा। पीएमओ ने कहा कि इन अवसंरचना विकास कार्यक्रमों से उत्तराखंड में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और इससे क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी। प्रधानमंत्री के इस दौरे के दौरान सड़कों के चौड़ीकरण की करीब 1,000 करोड़ रुपए की परियोजनाओं की भी आधारशिला रखी जाएगी।

## ड्रोन हमलों से एक सप्ताह में तबाह हुए यूक्रेन के 30 फीसदी पॉवर प्लांट

### देश को बिजली, पानी और हीटिंग की समस्या से निपटने के लिए तैयार होना जरूरी



कीव, एजेंसी। पिछले एक हफ्ते में यूक्रेन के लगभग एक-तिहाई बिजली संयंत्रों को रूसी हमलों में नष्ट कर दिया गया है। इसके बाद नाटो के महासचिव को यह घोषणा करने के लिए मजबूर होना पड़ा कि यूक्रेन को जल्द ही नए काउंटर-ड्रोन डिफेंस हथियार दिए जाएंगे। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रूस पर मिसाइलों और ईरानी में बने ड्रोन से आतंकवादी हमले करने का आरोप लगाया जबकि इन हमलों का मुकाबला कैसे किया जाए, इसके बारे में चर्चा करने के लिए ब्रिटिश मंत्री वाशिंगटन में आपातकालीन बैठकों में शामिल हुए। एक अंग्रेजी अखबार की खबर के मुताबिक जेलेंस्की ने एक ट्वीट करके कहा कि 10 अक्टूबर से यूक्रेन के 30 फीसदी बिजली स्टेशन नष्ट हो गए हैं। जिससे पूरे देश में बड़े पैमाने पर बिजली बंद हो गई है। नागरिक बुनियादी ढांचे पर हमलों का मतलब है कि पुतिन के शासन के साथ बातचीत के लिए कोई जगह नहीं बची है। रूस की बमबारी अक्सर गलत निशाने पर होती है और कीव और अन्य बड़े शहरों में आवासीय भवनों में नागरिक मारे गए हैं। फिर भी जापोरिज्जिया परमाणु पॉवर प्लांट के बंद होने के बाद पहले से ही कम उत्पादन वाले पावर ग्रिड के लिए समस्याएं पैदा करने के लिए रूसी बमबारी काफी है।

उधर यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय के उप प्रमुख कायर्लो टायमोशेंको ने कहा कि कीव के एक पूर्वी जिले में रात भर बिजली सप्लाई के बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया। इस हमले में दो लोग मारे गए। उन्होंने कहा कि देश भर में अब स्थिति गंभीर है। पूरे देश को बिजली, पानी और हीटिंग की समस्या से निपटने के लिए तैयार होना जरूरी है जबकि नाटो के महासचिव जेन्स स्टोल्टेनबर्ग ने कहा कि नाटो के सदस्य यूक्रेन की मदद करने के लिए कदम बढ़ाएंगे और अधिक हवाई सुरक्षा प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि नाटो आने वाले दिनों में ड्रोन हमलों के खतरे का मुकाबला करने के लिए काउंटर-ड्रोन सिस्टम प्रदान करेगा।

## दिल्ली परिवहन विभाग ने अब तक 50 लाख से अधिक वाहनों के रजिस्ट्रेशन रद्द किए

### इसमें 15 साल पुराने पेट्रोल और 10 साल पुराने पेट्रोल वाहन

नई दिल्ली, एजेंसी। साल 2022 में नई दिल्ली में अभी तक परिवहन विभाग द्वारा 50 लाख से अधिक वाहनों के रजिस्ट्रेशन रद्द हो चुके हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, रजिस्ट्रेशन रद्द किए वाहनों में 10 साल से पुराने डीजल वाहन और 15 साल से पुराने पेट्रोल वाहन शामिल हैं। जिन वाहनों का रजिस्ट्रेशन रद्द हो चुका है, वे अब दिल्ली की सड़कों पर नहीं चल सकते हैं। अगर इसतरह के वाहन सड़कों पर चलते दिखाते हैं तब इन्हें सीज किया जा सकता है।

यह एक साल में रजिस्टर्ड वाहनों के रद्द होने की सबसे अधिक संख्या है। वाहनों से होने वाले प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए परिवहन विभाग प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों पर रोक लगा रहा है। आंकड़ों के मुताबिक, 2018 से 2022 के बीच 53,38,045 वाहनों के रजिस्ट्रेशन रद्द हुए हैं, जिसमें इस साल 17 अक्टूबर तक 50,25,447 वाहनों के रजिस्ट्रेशन रद्द हो चुके हैं। 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने एक आदेश के तहत दिल्ली में 10 साल पुराने डीजल वाहन और 15 साल से पुराने पेट्रोल वाहनों के चलने पर प्रतिबंध लगाया है। जिन वाहनों के रजिस्ट्रेशन रद्द किए गए हैं, उसमें 15 साल से पुराने 46 लाख पेट्रोल वाहन, 10 साल से पुराने 4,15,362 डीजल वाहन और 1,46,681 पेट्रोल और सीएनजी वाहन शामिल हैं।

31 जनवरी तक दिल्ली में लगभग 1.34 करोड़ रजिस्टर्ड वाहन थे, जिसमें से 78 लाख से अधिक को परिवहन विभाग द्वारा सक्रिय वाहनों के रूप में वर्गीकृत किया गया है। सक्रिय वाहन वे वाहन हैं, जिनका वैध पंजीकरण है। परिवहन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, इन वाहनों अभी अपनी लाइफ साइकिल को पूरा नहीं किया है और शहर की सड़कों पर चलने के लिए फिट हैं।





# स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आयोजित मेले में बी एस एफ बैंड ने देश भक्ति गीत गाकर समां बांधा





नई दिल्ली। स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आयोजित मेले में (बी एस एफ)बॉडर सुरक्षा फोर्स के बैंड ने देश भक्ति गीत गाकर हजारों दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

मेले में दिल्ली स्थित छबला कैम्प की 25वी वटालियान के एक दर्जन से अधिक बैंड टीम जवानों ने मेले में देश भक्ति गीत गाकर हजारों दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया, लोगों की फर्माइश पर जवानों ने उनकी पासिंदा देश भक्ति गीत गाए, सबसे ज्यादा पसींदा गीत मेरा रंग दे बसंती चोला..., हम कर चले फिदा वतन साथियों को लेकर काफी उत्साह और उमंग उल्लास भर दिया गया था, मिडिया प्रभारि नीलेंद्र पाठक ने बताया ऐसी मेला परिसर में एक शाम शहीदों के नाम... कार्यकर्म का सफल नेतत्व कंपनी कमांडर प्रेम सिंह ने भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए किया, मेले बी एस एफ के जवानों ने देश भक्ति भाव से ओत प्रोत बॉडर सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने वाले किस्से भी सुनाए जिनको सुनकर युवाओं को जोश भर गया, मेले के संयोजक रविंद्र सोलंकी ने सभी जवानों को सलाम करते हुए सम्मानित किया।







# समाजसेवी रेणुका चौधरी झा बनी एस के स्टार इवेंट की ब्राण्ड एंबेसडर



» मदरलैंड संवाददाता

गाजियाबाद की रहने वाली रेणुका चौधरी झा करीब 10 वर्षों से समाजसेवा के कार्य को करते हुए आज अपनी अलग पहचान बना चुकी है हाल ही में उनको एस के स्टार इवेंट का ब्राण्ड एंबेसडर बनाया गया है . इंडिया टॉप मॉडल नोएडा के इम्पीरियल बैंकेट हॉल में सोनिया खाताना और संदीप गोस्वामी के द्वारा ऑर्गनाइज किया गया जिसमे देश भर से कई प्रतियोगियो ने मोडलिंग प्रतियोगिता में भाग लिया रेणुका जी को सार्थक जी के हाथों से ब्रैंड एंबेसडर बनाया गया उन्होंने इसके पहले कई सारे रैंप वॉक और फैशन वॉक कई सारे फैशन डिजाइनर के लिए किया है और कई सारे फैशन अवॉर्ड भी जीता है मिसेज इंडिया इंटरनेशनल में उन्होंने टाइटल अवॉर्ड मिसेज ब्यूटीफुल हेयर और कहीं मिसेज ब्यूटीफुल स्माइल टाइटिल अवॉर्ड जीता है अब तक वह कई जरूरतमंद बच्चों के लिए रैंपवॉक ओर वॉक फॉर कॉज कर लोगो में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी है कई जगह फैशन शो में उन्हें जूरी के तहत आमंत्रित किया जा रहा है बोकारो की बेटी और बिहार की बहू रेणुका जी ने काशी हिंदू विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर किया है इसके अलावा उन्होंने प्रयाग संगीत समिति से संगीत प्रभाकर भी किया है 10 वर्षों तक उन्होंने कई विद्यालयों में शिक्षण का भी कार्य किया है और बच्चों के साथ समय बिताना उन्हें बहुत अच्छा लगता है हैं इसलिए अब जब भी समय मिलता है वो आस पास के सरकारी स्कूल के बच्चों कि साथ और अपनी सोसाइटी के बच्चों के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम करती रहती है ।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली के 2 जिलों में हुई सड़क दुर्घटनाओं में 3 लोगों की मौत

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली दो जिलों में हुई सड़क दुर्घटनाओं में 3 लोगों की मौत हो गई है। दिल्ली के दक्षिणी जिले के सीआर पार्क और फतेहपुर बेरी में एक अंजान वाहन द्वारा टक्कर मारने से 2 अलग-अलग दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, दक्षिण पश्चिम जिले के वसंत कुंज साउथ इलाके में एक अन्य व्यक्ति को भी अंजान वाहन टक्कर मारकर फरार हो गया। मृतकों और वारदात अंजाम देने वाले वाहनों की पहचान अब तक नहीं हुई है। दक्षिणी जिले की पुलिस उपायुक्त ने बताया कि तड़के सीआर पार्क और फतेहपुर बेरी थाना पुलिस को 2 अज्ञात वाहनों द्वारा दो लोगों को टक्कर मारने की सूचना मिली। फतेहपुर बेरी इलाके में सूचना पर जौनापुर गांव मार्केट रोड पर पंहुची पुलिस को 30-35 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद हुआ। जिसका सिर कुचला हुआ था और उसके आस पास किसी वाहन के टायरों के निशान थे। मृतक के दाएं हाथ पर बेबी टैटू किया हुआ था और उसकी जेब से एक अटेंडेंस कार्ड बरामद हुआ है जिस पर प्रदीप लिखा हुआ था। दूसरी ओर सीआर पार्क थाना पुलिस मौके आउटर रिंग रोड स्थित टाटा कम्युनिकेशन के पास पंहुची तो वहां उन्हें करीब 40 वर्षीय एक युवक का शव मिला। उसका सिर कुचला हुआ था और शरीर पर कई गहरे घाव थे। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज कर मामलों को संबंधित थानों में दर्ज कर लिया है। दक्षिण पश्चिम जिले की वसंत कुंज थाना पुलिस को पीसीआर काल से एनएच-8 पर रजोकरी फ्लाईओवर पर एक शख्स बुरी तरह घायल अवस्था में पड़े होने की सूचना मिली। उसके सिर पर काफी ज्यादा चोट लगी हुई थी व सिर फटा भी हुआ था। इसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### अमीरी और गरीबी के बीच में फंसे चुनाव

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत में चुनाव अब गरीबी एवं अमीरी के बीच फंस गये है। सत्तापक्ष भाजपा पूरे साल चुनाव की तैयारियों एवं प्रचार में बड़ी राशि खर्च करती है। वहीं विपक्षी दलों को चुनाव लड़ने के लिये चंदा ही नहीं मिल रहा है। जिसके कारण चुनाव प्रचार में विपक्षी दल कांग्रेस सहित सभी क्षेत्रीय राजनैतिक दल भाजपा के सामने बेबस हैं। जिसके कारण चुनाव प्रक्रिया भी अब गरीबी और अमीरी के बीच फंसकर रह गई है। निष्पक्ष एवं समान अवसर चुनाव में खत्म होते जा रहे हैं। राजनैतिक दलों को मिलने वाले चंदा को पारदर्शी व्यवस्था में लाने के लिये सरकार ने इलेक्ट्रोल बांड की शुरूआत 2018 में शुरू की थी। चुनाव के समय सरकार स्टेट बैंक को चुनावी ब्रांड जारी करने की अनुमति देती है। चंदा किसने किस पार्टी को दिया इसको गोपनीय रखा जाता है। सरकार एवं चुनाव आयोग को भर पता होता है कि, किस राजनैतिक दल को बांड के जरिये कितना चंदा मिला। 2000 रुपए से अधिक का नगद चंदा देने पर सरकार ने रोक लगा दी है। इस व्यवस्था का सबसे ज्यादा फायदा भाजपा को मिल रहा है। कॉरपोरेट एवं उद्योग जगत ने पहिले साल 95 फीसदी चंदा भाजपा को दिया है। बाद के वर्षों में भाजपा को कुल चंदे का 80 फीसदी तक चंदा मिलता है। शेष 20 फीसदी कांग्रेस सहित सभी क्षेत्रीय राजनैतिक दलों में बंट जाता है। इलेक्ट्रॉल बॉन्ड आने के बाद से कांग्रेस सहित सभी गैर भाजपा दल वर्तमान में ठन-ठन पाल हो गए है।

# जानी-मानी कवयित्री नीरजा चतुर्वेदी ने कुशल मच संचालन से किया श्रोताओं को भाव विभार



गाजियाबाद के वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के विवेकानंद सभागार में देवप्रभा प्रकाशन गाजियाबाद द्वारा साझा गजल संग्रह ह्यकविता अविराम-3ह्व समेत 5 पुस्तकों का लोकार्पण, रचनाकार सम्मान व गजल गोष्ठी का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का संचालन जानी-मानी कवयित्री आकाशवाणी केन्द्र दिल्ली की उद्घोषिका नीरजा चतुर्वेदी ने किया। उनकी प्रखर प्रतिभा के कुशल प्रदर्शन के लिए इस अवसर पर सम्मानित किया गया कविता अविराम-3 के अलावा जिन पुस्तकों का लोकार्पण किया गया इस अवसर पर स्थापित एवं नवोदित रचनाकारों ने अपनी गजलों का मनमोहक पाठ किया। मंचासीन देश के कई हिस्सों से आए शायरों-शायराओं ने अपने गजल पाठ से खूब समां बांधा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुप्रसिद्ध कवयित्री डॉ. रमा सिंह ने की, जबकि मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार अमिताभ अग्निहोत्री उपस्थित रहे, जबकि अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मशहूर गजलकार अब्दुल रहमान मंसूर, उत्कर्ष गाफिल, डॉ. माला कपूर, डा. वीके शेखर, सीए महिम मित्तल, उर्वशी उर्वी, मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल रहे। अन्य जिन नामचीन साहित्यकारों ने इस अवसर पर अपनी उपस्थिति दी, उनमें सुप्रसिद्ध कवि बाबा कानपुरी, सुरेन्द्र शर्मा उदय, डॉ. सपना सक्सेना दत्ता, रजनी श्रीवास्तव, पूनम चंदन वामसी, डॉ. शुभदा पांडेय, डॉ. मनोज कामदेव, डॉ. चित्रलेखा, अंजलि चड्ढा भारद्वाज, डॉ. सुधीर त्यागी, डॉ. ज्योति उपाध्याय, मंजु मन आदि थे। कार्यक्रम का संयोजन देवप्रभा प्रकाशन के प्रकाशक डॉ चेतन आनंद ने किया। इस अवसर पर गजलकारों को देवप्रभा साहित्य सम्मान से सम्मानित किया गया। डॉ. माला कपूर ने कविता अविराम-3 गजल विशेषांक की सह-सम्पादिका की हैसियत से पुस्तक के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर संगीता आनंद, डॉ. आशीष शर्मा, अनुजा रैना, विक्रांत तोमर आदि भी समारोह में शामिल रहे। कार्यक्रम में कुसुम लता कुसुम का कुसुमांजलि काव्य संग्रह, डॉ. सुरेन्द्र शर्मा रसिक का प्रकाश की ओर कहानी संग्रह, डॉ. ममता जोशी का क्षितिज की ओर काव्य संग्रह एवं वरिष्ठ पत्रकार रवि अरोड़ा का दंगा नाटक संग्रह शामिल रहे। कवयित्री नीरजा चतुर्वेदी के कुशल मच संचालन से सभी श्रोता भाव विभार हो गए।

# किरण चैधरी से माफी मांगे कुलदीप वत्स: हिम्मत सिंह यादव

» सतबीर शर्मा, मदरलैंड संवाददाता

गुरुग्राम। आदमपुर चुनाव के दौरान बादली के कांग्रेसी विधायक कुलदीप वत्स के ब्यान ने एक बार फिर पार्टी में खलबली मचा दी है। कुलदीप वत्स ने किरण चैधरी पर राज्यसभा चुनाव कांग्रेस उम्मीदवार का साथ ना देने का आरोप लगाया है। जिसके बाद प्रदेश कांग्रेस कार्यकारणी के सदस्य हिम्मत यादव ने कुलदीप वत्स पर जमकर निशाना साधा और कहा कि कुलदीप वत्स किरण चैधरी से माफी मांगे। और यदि सबूत है तो कुलदीप सबूत दे में सारी उम्र उनकी नौकरी करने को तैयार हूं। मामला यही पर थमता नजर नही आया हिम्मत यादव ने कहा कि किरण चैधरी हरियाणा की सर्वमान्य नेता है। वे हमेशा कार्यकताओं के बीच जाकर हमेशा कांग्रेस को उपर उठाने का काम कर रही है। आदमपुर चुनाव में भी किरण चैधरी के समर्थक लगातार कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करने में लगे है। यह बात कुलदीप को हजम होती नजर नही आ रही है। जिसके चलते वे इस तरह के ब्यान देकर पार्टी के कार्यकताओं का मनोबल तोड़ने का काम कर रहे है। उन्होने कहा कि हम हाईकमान से मांग करते है, कुलदीप वत्स के इस ब्यान पर आलाकमान एक्शन ले और उस पर कड़ी कार्यवाही करें। हिम्मत यादव ने इशारों में एक गुट की और इशारा करते हुए कहा कि ये लोग कांग्रेस के सच्चे कार्यकताओं और नेताओं से पद छिन्ने का काम कर है। जैसे की राज्यसभा की असली हकदार कुमारी सैलजा थी लेकिन कुछ नेताओं ने साजिश कर उनके राज्यसभा में जाने के लिए रोड़े अटकाने का काम किया है। इससे पहले जब किरण चैधरी सीएलपी लीड़र थी उस समय सभी नेताओं को मीटिंग में फोन कर बुलाती थी लेकिन अब की कार्यप्रणाली में अन्तर है आ गया है। उन्होने कहा कि हम कांग्रेसी कार्यकर्ता कुलदीप वत्स के इस ब्यान की निंदा करते है। इसके साथ ही कुलदीप वत्स को किरण चैधरी से मांफी मागंनी चाहिए और अपना ब्यान वापिस लेना चाहिए।



# पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध को लागू करवाने के लिए 408 टीमों का गठन : गोपाल राय



नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध को लागू करवाने के लिए 408 टीमों का गठन किया गया है। राजस्व विभाग की 165 टीम, दिल्ली पुलिस की 210 टीम और डीपीसीसी की 33 टीम लगातार निगरानी करेंगी। अभी तक 2917 किलोग्राम पटाखे जब्त किए गए हैं। उन्होंने कहा कि जन जागरूकता फैलाने के लिए 21 अक्टूबर से ह्लदीए जलाओ पटाखे नहींह्व अभियान की शुरूआत होगी। इस अभियान की शुरूआत सेंट्रल पार्क, कनॉट प्लेस में 51 हजार दीए जलाकर की जाएगी।

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने आज प्रेसवार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि दिवाली के अवसर पर पटाखों से होने वाले प्रदूषण से दिल्ली की हवा काफी प्रदूषित हो जाती है और यह प्रदूषण बच्चों एवं बुजुर्ग के लिए बहुत ही घातक होता है और इसीलिए पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री (ऑनलाइन मार्केटिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से डिलीवरी सहित) तथा पटाखों को जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। प्रतिबंध को लागू करवाने के लिए 408 टीमों का गठन किया गया है। जिसमें दिल्ली पुलिस के एसीपी रैंक के अधिकारियों के नेतृत्व में 210 टीम, रेवन्यु विभाग की 165 तथा डीपीसीसी की 33 टीमें शामिल हैं। ये टीमें पूरी दिल्ली में लगातार निगरानी कर रही हैं।

गोपाल राय ने कहा कि ठंड के मौसम में दिल्ली में प्रदूषण से निपटने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 15 प्वाइंट विंटर एक्शन प्लान की घोषणा की है जिसपर सरकार लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री के साथ हुई मीटिंग में पटाखों पर प्रतिबद्ध से संबंधित मुद्दा उठाया था और आज भी मैं केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री से निवेदन कर रहा हूँ कि जिस प्रकार दिल्ली में पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंद्ध लगाया गया है उसी प्रकार एनसीआर के राज्यों में प्रतिबंद्ध लगाना चाहिए क्योंकि एनसीआर में छोड़े गए पटाखों का दुष्प्रभाव दिल्ली की हवा पर पड़ता है और दिवाली के अगले दिन दिल्लीवासियों को ऑखों में जलन तथा सांस लेने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

# कांग्रेस पार्टी सहित दिल्लीवासियों के सुझावों को दरकिनार करके गृह मंत्रालय ने भाजपा के हित में दिल्ली नगर निगम की परिसीमन रिपोर्ट जारी की है: चौ. अनिल कुमार




नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने कहा कि दिल्ली नगर निगम के वार्ड परिसीमन की फाइनल रिपोर्ट भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए, आम आदमी पार्टी के कन्वीनर अरविन्द केजरीवाल की मौन सहमति से बनाई गई है, जिसका कांग्रेस पार्टी विरोध करती है। मूल अवधारणा और किए गए वायदों से अलग लोकतांत्रिक मूल्यों को ताक पर रख बनाई गई परिसीमन रिपोर्ट में वार्डों में जनसंख्या समीकरण का उल्लंघन, दलित और अल्पसंख्यक समुदाय को अलग-थलग करके नियमों की पूरी तरह से अवहेलना की गई है। जिसके खिलाफ दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाऐगी और दलितों, अल्पसंख्यकों के अधिकारों तथा वार्डों में जनसंख्या फामूर्ले का जो दुरुपयोग हुआ है उसके खिलाफ याचिका दायर करेगी।

संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार के साथ दिल्ली कांग्रेस परिसीमन समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक हरी शंकर गुप्ता, कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज, पूर्व विधायक चौ. मतीन अहमद, अमरीश गौतम, वीर सिंह धींगान, विजय लोचव और डा. नरेश कुमार मौजूद थे।

चौ. अनिल कुमार ने कहा कि परिसीमन रिपोर्ट को जब ड्राफ्ट रिपोर्ट की तरह जस का तस ही बनाकर पब्लिक के सामने लाना था तो फिर दिल्ली की जनता से सुझाव और शिकायतें मांग कर चुनाव आयोग ने गुमराह क्यों किया गया। उन्होंने कहा कि दिल्ली कांग्रेस ने ड्राफ्ट परिसीमन की गहन समीक्षा करके चुनाव आयोग के समक्ष 168 शिकायत/सुझाव जमा किए थे, परंतु चुनाव आयोग ने उन पर कोई विचार न करके सभी गृह मंत्रालय को भेज दिए और भाजपा को फायदा पहुंचाने वाली परिसीमन रिपोर्ट का नोटिफिकेशन कर दिया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा परिसीमन रिपोर्ट पूरी तरह भाजपा और आम आदमी पार्टी की रिपोर्ट है न कि चुनाव आयोग की रिपोर्ट। उन्होंने कहा कि भाजपा ने निगम चुनाव टालने के लिए जिस मंशा से परिसीमन की कार्यवाही की थी परिसीमन रिपोर्ट जारी होने के बाद वह पूरी हो गई है, जबकि 15 वर्षों के शासन में भाजपा हर मोर्चे पर विफल रही।

चौ. अनिल कुमार ने कहा कि परिसीमन में 22 वार्ड कम किए है उसके लिए सभी 70 विधानसभाओं का स्वरुप बदलना किसी न किसी साजिश के तहत किया गया है। परिसीमन में दलित और अल्पसंख्यक बहुल वार्डों में उनकी जनसंख्या को छिन्न-भिन्न करके इन समुदायों को कमजोर करके इनके वोट के महत्व को खत्म करने की कोशिश की गई है। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यकों की जनसंख्या को विधानसभा के अंदर इस प्रकार से समायोजित किया है ताकि यह समुदाय चुनाव में निर्णायक भूमिका न निभा सके। उन्होंने कहा कि परिसीमन रिपोर्ट आने के बाद भाजपा का दलित विरोधी, अल्पसंख्यक विरोधी और सरकारी एजेंसियों को दुरुपयोग करने वाला चेहरा उजागर हो चुका है।

चौ. अनिल कुमार ने कहा कि परिसीमन की फाइनल रिपोर्ट में प्रति वार्ड जनसंख्या 65,675 तथा (10% +/-) से कम या अधिक की तर्ज पर सिर्फ 140 वार्ड ही रखे गए है।

# बच्चो ने स्किड एवं नाटक के रूप में देशभक्ति से परिपूर्ण अपनी शानदार मनमोहक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया

» मदरलैंड संवाददाता



गुरुग्राम। गुरुग्राम इंडियन मोरल कैल्चरल एण्ड ट्रेनिंग फाउंडेशन के सौजन्य से कल दिनांक 19 अक्टूबर 2022 को सेक्टर 49, गुरुग्राम के नवयेनदरा पब्लिक स्कूल मे आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में स्कूली बच्चों की देशभक्ति के विषय पर आधारित स्किड एवं नाटक प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। इसमें अधिकतर नाटक देश की आजादी के लिए मर मिटने वाले गुमनाम शहीदों को नाटक के रूप में दिखाकर याद किया गया।

विभिन्न स्कूलों से आए भारी संख्या में बच्चो ने स्किड एवं नाटक के रूप में देशभक्ति से परिपूर्ण अपनी शानदार मनमोहक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा पेश की जा रही प्रस्तुतियों का आकलन करने हेतु जज के रूप में कुसुम जैन जी एवं खन्ना साहब मोजूद रहे। अशोक सिंघल वेद विज्ञान यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर श्री अशोक दिवाकर जी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा फाउंडेशन के प्रांतीय सह सचिव नरोत्तम वत्स जी ने पटका पहनाकर मुख्य अतिथि अशोक दिवाकर का सम्मान किया।

मुख्य अतिथि अशोक दिवाकर जी प्रांतीय सहसचिव नरोत्तम वत्स एवं निर्णायक मंडल से कुसुम जैन और खन्ना साहब ने दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। प्रांतीय सह सचिव नरोत्तम वत्स ने बताया कि इंडियन मोरल कैल्चरल एण्ड ट्रेनिंग फाउंडेशन एवम हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा फाउंडेशन स्कूलों में एवं विभिन्न स्थानों पर सामाजिक संस्थाओं आदि के साथ मिलकर इस प्रकार के देशभक्ति से परिपूर्ण कार्यक्रम लगातार आयोजित कर रही है और बच्चों में राष्ट्रप्रेम की भावना पैदा करने में मुख्य भूमिका अदा कर रहे हैं। कार्यक्रम की संयोजिका सुजाता गोड एवं उनकी टीम की सदस्य गण अंजू जोशी, युक्ति मुरारी, निधि सक्सेना, प्रवेशिका, शिवानी, विमला राघव, विमला गुप्ता, प्रीति, पूनम, पूनम यादव एवं किरण यादव आदि के प्रयासों से सारे कार्यक्रम का व्यवस्थित, सुंदर एवं भव्य तरीके से प्रबंध हुआ।

कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिता में जूनियर और सीनियर लेवल के विजेता छात्रों को स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया।

# फिट इंडिया मूवमेंट के तहत उपाध्यक्ष-पालिका परिषद् ने 23वीं राष्ट्रीय रोप स्किपिंग चैंपियनशिप के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए




नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री, नरेंद्र मोदी के 'फिट इंडिया मूवमेंट' के दृष्टिकोण के तहत फिटनेस को हमारे दैनिक जीवन का एक अभिन्न अंग बनाने के उद्देश्य से उपाध्यक्ष-नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) श्री सतीश उपाध्याय ने स्किपिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (आरएसएफआई) द्वारा आयोजित 23वीं राष्ट्रीय रोप स्किपिंग चैंपियनशिप के विजेताओं को आज एनडीएमसी तालकटोरा इंडोर स्टेडियम, नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुरस्कार वितरित किये ।

श्री उपाध्याय ने बताया कि इस 3 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन रोप स्किपिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (आरएसएफआई) द्वारा 17 से 19 अक्टूबर 2022 तक नई दिल्ली में किया गया, जिसमें भारत भर के 19 विभिन्न राज्यों से आने वाले 900 छात्रों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस आयोजन में पहली बार दादर नगर हवेली और केन्द्रीय विद्यालय के छात्रों के साथ विभिन्न स्कूलों जैसे डीएवी, विद्या भारती, नेशनल स्कूल गेम्स के छात्रों ने भाग लिया। श्री उपाध्याय ने कहा कि आरएसएफआई के प्रयासों से ही इस खेल को दिल्ली ओलंपिक में शामिल किया गया।

उपाध्याय ने कहा कि दिल, शरीर, दिमाग और आत्मा को स्वस्थ रखने के लिए खेल और फिटनेस गतिविधियां बहुत अच्छी हैं। फिट इंडिया पहल को बढ़ावा देने के लिए रोप स्किपिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (आरएसएफआई) ने इस चैंपियनशिप का आयोजन किया है। आंदोलन का मिशन व्यवहार में बदलाव लाना और अधिक शारीरिक रूप से सक्रिय जीवन शैली की ओर बढ़ना है।

उपाध्याय ने इस पहल के लिए आरएसएफआई को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आरएसएफआई का प्रयास सराहनीय है और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सपने फिट इंडिया के आंदोलन के साथ जुड़ा हुआ है। श्री उपाध्याय ने कहा कि छात्रों को फिट रखने के लिए प्रत्येक स्कूल अपने पाठ्यक्रम के तहत रस्सी कूदने की गतिविधियों को शामिल करना चाहिये । उन्होंने कहा कि स्कूलो के माध्यम से राष्ट्रीय, एशियन, कामनवेल्थ ओलम्पिक एवं विश्व प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ी तैयार कर सके और पीएम के फिट इण्डिया का सपना भी पूर्ण हो सके । उन्होंने कहा कि आज पूरे भारतवर्ष से खिलाडी इस प्रांगणा में एकत्र हुए है जो हम सभी के लिए गर्व का विषय है ।

श्री उपाध्याय ने कहा कि महामारी के बाद रोप स्किपिंग का यह पहला बड़ा आयोजन है क्योंकि विभिन्न शैलियों और विविधताओं के कुल 14 कार्यक्रमो में आज विभिन्न श्रेणियों में 590 पदक वितरित किए गए । श्री उपाध्याय ने शारीरिक फिटनेस के सकारात्मक पहलुओं के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि इस तरह की चैंपियनशिप न केवल शारीरिक और मानसिक फिटनेस और उत्साह बनाए रखने में मदद करती हैं, बल्कि सहनशक्ति और मानसिक क्षमता को बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि खेल व्यक्ति को स्वस्थ, मजबूत और तनाव मुक्त भी बनाते हैं।

उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेल लोगों को जोड़ता है और जब व्यक्ति एक टीम/चैंपियनशिप के रूप में खेलते हैं, तो वे एक-दूसरे से बहुत कुछ सीखते हैं और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि विश्वास का निर्माण होता है और रिश्तों में सुधार होता है।

पुरस्कार वितरित करने के बाद, श्री उपाध्याय प्रतिभागियों के साथ बातचीत करते हैं और उन्हें फिटनेस और स्वास्थ्य के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि रस्सी कूदना सबसे अच्छा कार्डियो एक्सरसाइज है क्योंकि यह हृदय गति को बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि स्किपिंग से हृदय रोग और स्ट्रोक का खतरा काफी कम हो जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### मांगों के समर्थन में कर्मचारी हड़ताल पर बैठ गए

मदरलैंड संवाददाता, नूंह/मेवात। नगर परिषद नूह(मेवात) के सफाई कर्मचारी बुधवार को दो दिवसीय हड़ताल पर बैठ गए। कर्मचारियों की माने तो वह लम्बे समय से सरकार के समक्ष मांगों के समर्थन में बाते रख रहे हैं लेकिन उनकी मांग को पूरा नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि समान काम- समान वेतन,कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना, पुरानी पेंशन बहाल करना, डोर टू डोर कर्मचारियों को रोल पर लाना, कर्मचारियों को वर्दी और जूते साल में दो बार मिलने आदि को लेकर उनके संगठन की 19 सूत्री मांगों पर सरकार के साथ बातचीत हुई थी, लेकिन आज तक मांगे पूरी नही हो सकी हैं। इसी को लेकर संस्था के आहवान पर आज वह दो दिवसीय हड़ताल पर गए हैं। इस मौके पर जिला प्रधान पूर्ण चंद, सचिव सुभाष संगेलिया, गौरव कुमार संगेलिया, इकाई प्रधान सुभाष गुर्जर आदि सहित नप के कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### अधेड़ के साथ महिला ने की लाठी-डंडों से मारपीट दी जान से मारने की धमकी

मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी। बिछ्वा थाना क्षेत्र के एक गांव में वीती शाम एक अधेड़ को एक पड़ोसी महिला और एक युवक ने मामूली वात को लेकर गाली गलौज की जव गाली गलौज का बिरोध किया तो उसे लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर घायल का मेडिकल कराया है। थाना क्षेत्र के गांव कुवेरपुर निवासी मोंनू कुमार पुत्र संन्तोष कुमार ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि वीते मंगलवार की शाम पांच बजे के लगभग बाबा ग्याप्रसाद पुत्र झम्मनलाल से पड़ोसी किरन पत्नी चंद्रशेखर से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई जिस पर किरन तथा अजय पुत्र श्रीकृष्ण गाली गलौज करने लगे जव गाली गलौज का विरोध किया तो उक्त लोगों ने लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया जिसमें वह घायल हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर घायल का मेडिकल कराया है।

### मारपीट में महिला घायल

मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी। बिछ्वा थाना क्षेत्र के गांव धुरा मे परिवारी विवाद को लेकर एक महिला को मारपीट कर घायल कर दिया मामले की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव धुरा निवासिनी देवकी पत्नी सुग्रीव ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसके परिवार के बबलू पुत्र हनुमंत ने उसके साथ गाली-गलौज की है साथी ही जान से मारने की धमकी दी है जब विरोध किया तो उसे मारपीट कर घायल कर दिया मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

### खादय सुरक्षा की टीम ने नूंह व तावडू की अलग-अलग मिठाई की दुकानों पर छापेमारी की



मदरलैंड संवाददाता, नूंह/मेवात। जिला में त्योहारी व चुनावी सीजन में मिलावटी खादय सामग्री खासकर दूग्ध व उससे बनी मिलावटी मिठाईयों की लगातार जिला प्रशासन पर पहुंच रही शिकायतों के आधार पर खादय सुरक्षा विभाग कुम्भकर्णी नींद से जाग गया हैं। बुधवार को खादय सुरक्षा व स्थानीय प्रशासन की संयुक्त टीम ने नूंह व तावडू की अलग-अलग मिठाई की दुकानों से काजू व वर्क बर्फी, वर्क कलाकंद, चमचम ,खोया व वर्क मिल्क केक आदि के नमूने सील कर जांच के लिए प्रयोगशाला(लैबोरट्री)भेजे हैं। खादय सुरक्षा टीम द्वारा नमूने लेने की खबर ने जंगल में आग का काम किया और मिठाईयों व खादय सामग्री आदि के अधिकांश दुकानदारों ने दुकान के शटर डालकर फुरर हो गए। खादय सुरक्षा विभाग की माने तो उनका यह अभियान बदस्तूर जारी रहेगा। तावडू के उप मण्डलाधीश रणबीर सिंह ने माना कि उनके संज्ञान में त्योहारी सीजन में मिठाईयों में मिल रही मिलावट की शिकायतों के आधार पर खादय सुरक्षा अधिकारी श्यामलाल व उनकी टीम ने तावडू से 4 अलग-अलग मिठाई के सेम्पल लिये हैं, खादय सुरक्षा अधिकारी श्यामलाल ने माना कि बुधवार को तावडू में 4 व नूंह में 2 चावला स्वीट से चमचम, खोया व बर्फी, पुराने बस अडडे पर बीकानेर से खोया व वर्क वाली बर्फी, मिल्क केक आदि के नमूने लिये हैं।

### तावडू पंचायत समिति के चुनाव में कुल 176 उम्मीदवारों ने अपने-अपने वार्डों से नामांकन दाखिल किये



मदरलैंड संवाददाता, नूंह/मेवात। जिला की तावडू पंचायत समिति के चुनाव में कुल 176 उम्मीदवारों ने अपने-अपने वार्डों से नामांकन दाखिल किये हैं। जिनमें 104 पुरूष व 72 महिला दावेदारों ने फार्म भरे। बुधवार को अंतिम दिन सर्वाधिक फार्म जमा हुए हैं। इसी तरह जिला परिषद, सरपंच, पंच व अन्य पंचायत समितियों के अंतिम रोज नामांकन पत्र भरने वालों का हजूम उमड़ पड़ा था। नामांकन के दौरान सबसे दिलचस्प बात देखने को यह मिल रही थी कि महिला आरक्षित वार्डों से अधिकांश महिला उम्मीदवार घूंघट में रहने से उनके परिजन ही नामांकन प्रक्रिया पूर्ण कराने के लिए भाग दौड़ कर रहे थे। महिला दावेदारों के घूंघट में रहने से वह कलमकारों से बातचीत करने में भी गुरैज कर रही थी। नामांकन भर रहे उम्मीदवारों ने आरोप लगाकर कहा कि नामांकन पत्र भरने के दौरान निर्वाचन विभाग द्वारा बार-बार नियम बदलाव की वजह से कई उम्मीदवार कारणवश अपना पर्चा तक दाखिल नहीं कर सके। इस बारे में उप मण्डलाधीश कम तावडू पंचायत समिति के निर्वाचन अधिकारी रणबीर सिंह ने माना कि तावडू पंचायत समिति के बने वार्डों से अंतिम रोज कुल 176 फार्म जमा हुए हैं और साथ ही कहा कि कम से कम फार्म रदद होने के लिए भी निर्देश जारी किए गए हैं।

## आयुक्त ने किया पंचायत सहायकों की एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला शुभारम्भ

### विकास की धुरी हैं पंचायत सहायक -आयुक्त

» **अवनीश त्यागी, मदरलैंड संवाददाता**





बिजनौर। पंचायती राज एवं अन्य विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के संबंध में पंचायत सहायकों की एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का नजीबाबाद रोड स्थित कृष्णा बैंकट हाल में माननीय आयुक्त मुरादाबाद मण्डल श्री आज्जनेय कुमार सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर व माल्यापर्ण कर किया। उन्होंने कहा कि पंचायत सहायक विकास की धुरी हैं। उन्होंने कहा कि समृद्ध ग्राम से समृद्ध प्रदेश बनेगा और समृद्ध प्रदेश से समृद्ध देश बनेगा।

उन्होंने कहा कि पंचायत सहायक विकास की धुरी हैं। उन्होंने कहा कि जिसको कर्तव्य दिया जाता है उसको अधिकार भी दिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि विकास सतत प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि ग्राम के हर परिवार व व्यक्ति की प्रोफाइलिंग की जाए जिससे उनके आर्थिक व सामाजिक उत्थान में सहायक बना जा सके। उन्होंने कहा कि प्रोफाइलिंग के लिए परिवार को लाल, पीली व हरी श्रेणी में विभाजित किया जाए ताकि उसी के अनुरूप उसकी मदद की जा सके व योजनाओं का लाभ दिलाया जा सके।

उन्होंने कहा कि औद्योगिक व मैन्युफैक्चरिंग इकाइयों का क्लस्टर बनाएं। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन पोर्टल पर जनपद बिजनौर व मुरादाबाद मंडल के अन्य जनपदों के उत्पादों की ब्रांडिंग की जाएगी जिससे गांव का निमार्ता सीधे अपने प्रोडक्ट पोर्टल पर बेच सकेगा और बिचौलियों से भी प्रभावित नहीं होगा इसके लिए जो भी उसके उत्पाद है उसकी फोटो व विवरण उसके पास होना चाहिए।

आयुक्त ने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायकों का वेतन समय से नहीं दिया जाएगा उनकी निधि रोकने पर विचार किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि जनपद स्तर पर पंचायत सहायकों की समस्याओं के समाधान के लिए व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाए। उन्होंने कहा कि एम विश्वेश्वरैया इंजीनियरिंग के जनक थे। उन्हें मॉडर्न इंजीनियरिंग का संस्थापक भी कहा जाता है।

आयुक्त ने कहा कि हम लोक सेवक हैं। उन्होंने कहा कि अपने काम को इंजॉय करें व इंजॉय करना सीख लेते हैं तो हम अपना शत-प्रतिशत अपने कार्य में दे पाते हैं जिससे हमें आत्म संतुष्टि होती है वह कार्य भी सही होता है। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने कहा कि संपूर्ण जिले के समग्र विकास के लिए आयुक्त महोदय की सोच को आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिजनौर जनपद प्रदेश के हर क्षेत्र में अपना मानक स्थापित करें। उन्होंने कहा कि बिजनौर के हर ग्राम को बेहतर ग्राम बनाएं, उस पर कार्य करें। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ ग्राम वासियों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि ग्राम आगे बढ़ेंगे और समृद्ध बनेगें तो जिला आगे बढ़ेगा और समृद्ध होगा जिला आगे बढ़ेगा तो प्रदेश आगे बढ़ेगा और प्रदेश आगे बढ़ेगा तो देश आगे बढ़ेगा।

उन्होंने कहा कि देश की तरक्की का रास्ता गांव से होकर ही जाता है इसलिए गांव का समृद्ध व संपन्न होना अति आवश्यक है उन्होंने कहा कि पंचायत सहायक विकास की मूल दूरी है वह अपने कर्तव्यों का सही प्रकार से पालन करें अगर उन्हें किसी प्रकार की सहायता की आवश्यकता है तो वह बेहिचक उनसे संपर्क कर सकते हैं। उन्होंनें बताया कि गोल्डन कार्ड अभियान पर कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि आगामी 15 दिनों के अंतर्गत सभी पात्रों के आयुष्मान कार्ड बन जाए इस पर कार्य करें। उन्होंने कहा कि ग्राम के विकास के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएं व इसमें सहायक बने। उन्होंने कहा कि प्रतिभा का सम्मान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में पंचायत सहायकों की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है उन्होंने कहा कि वह योजनाओं के क्रियान्वयन में सहयोग करें ग्रामों को स्मार्ट बनाएं। उन्होंने कहा कि बच्चों की यूनिफार्म के लिए दी जाने वाली धनराशि डीवीटी के माध्यम से बैंक खातों में पहुंच गई है नही, यह सुनिश्चित किया जाए तथा सभी बच्चों को यूनिफॉर्म उपलब्ध हो यह सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूल पब्लिक स्कूल से बेहतर हों इस पर कार्य किया जाए। उन्होंने पंचायत सहायकों से कहा कि पूरा सिस्टम आपके साथ है आप ग्रामों को आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि योजनाओं, टीकाकरण संपत्ति आदि से संबंधित सभी हर प्रकार के रजिस्टर पंचायत भवन में हों यह सुनिश्चित किया जाए तथा उनका ठीक प्रकार से रखरखाव भी सुनिश्चित किया जाए और उन्हें नियमित रूप से मेंटेन भी किया जाए।

उन्होंने कहा कि मन बना लोगे तो आपका गांव स्वर्ग हो जाएगा। उन्होंने कहा कि बिजनौर हर क्षेत्र में नंबर वन हो। उन्होंने कहा कि ब्लॉक वाइज व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाए जाएं उन्होंने कहा कि जिन ग्रामों में विकास कार्य नहीं होंगे उन ग्राम पंचायत की निधि रोकने पर विचार किया जायेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, स्वच्छता व विकास आदि पर अच्छा कार्य होगा ऐसा उनका विश्वास है। उन्होंने कहा कि महात्मा विदुर और ऋषि कण्व की भूमि तरक्की करें इसलिए सभी मिलकर प्रयास करें इसमें पंचायत सहायकों की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है।

मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण गोरा ने कहा कि पंचायत सहायक पंचायतों के अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में 1082 पंचायत सहायक कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामों के विकास में व ग्राम वासियों को योजनाओं का लाभ दिलाने में पंचायत सहायकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि 22 प्रकार के कार्य ग्रामों में कराए जाने से स्मार्ट ग्राम पंचायत बनाया जा सकता है उन्होंने कहा कि इन कार्यों में सीसीटीवी लगाना, ग्राम को ओडीएफ प्लस बनाना, ग्राम के प्रवेश पर द्वार बनाना, पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम लगाना, ओपन जिम बनाना आदि कार्य हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत स्तर पर पुस्तकालय बनाए जा रहे हैं जिससे ग्रामों के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए पुस्तकें व कोर्स भी उपलब्ध हो सकेंगी।

इस अवसर पर कार्यशाला के समापन पर जिला पंचायत राज अधिकारी ने सभी का आभार ज्ञापन किया। इस अवसर पर निपुण बेसिक शिक्षा विभाग की निपुण योजना के लिए नुक्कड़ नाटक का प्रस्तुतीकरण भी नाट्य दल द्वारा किया गया जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा।

इस अवसर पर पीडी डीआरडीए ज्ञानेश्वर तिवारी, उप कृषि निदेशक गिरीश चंद्र सहित सभी पंचायत सहायक, खंड विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## नन्दी विहार का लोकार्पण

### गौ सेवा प्रभु सेवा के समान - आयुक्त आज्जनेय कुमार सिंह



- निराश्रित गौवंश सडकों पर नजर नहीं आये इसके निर्देश दिए गए है
- गौशालाओं में अच्छा चारा, पीने का पानी व व्यवस्थाएं निराश्रित गौ वंशो को उपलब्ध हो इसको सुनिश्चित कराया जा रहा-जिलाधिकारी उमेश मिश्रा

» **मदरलैंड संवाददाता**

बिजनौर। माननीय आयुक्त मुरादाबाद मण्डल आज्जनेय कुमार सिंह ने आज ग्राम पंचायत शेख सराय हबीब विकास खण्ड जलीलपुर में नन्दी विहार का फीता काटकर लोकार्पण किया। चारागाह की जमीन पर बने करीब 55 बीघा में बनाए गए नंदी विहार में 400 नंदियों के रहने की व्यवस्था होगी। वर्तमान में 29 नंदी वहां संरक्षित है। आयुक्त ने नंदी को गुड़ खिलाया व माला पहनाई। उन्होंने परिसर में पौधारोपण भी किया तथा केयरटेकर के लिए बनाए जा रहे कक्ष की नींव भी रखी। उन्होंने कहा कि गौ सेवा प्रभु सेवा के समान है।

आयुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकता है कि बेसहारा गौ वशों को संरक्षण मिले। उन्होंने बताया कि जनपद बिजनौर व मुरादाबाद मण्डल में स्थायी व अस्थायी गौ-आश्रय स्थल बनाये गये है जिसमें रहने की व्यवस्था व चारे आदि की व्यवस्था गौ वशों के लिये की गयी है। उन्होंने बताया कि गौ आश्रय स्थलों के अतिरिक्त नंदियों के लिए नंदी विहार बने इसके लिए प्रयास किए गए। मण्डल में जनपद बिजनौर, अमरोहा व संभल मे नंदी विहार बनाने के लिए कार्य हुआ। उन्होंने कहा कि इस बात कि खुशी है कि बिजनौर ने सबसे पहले कार्य पूर्ण किया और आज इसका लोकार्पण किया जा रहा है।

आयुक्त ने कहा कि गौ आश्रय स्थलों व नंदी विहार से बाय-प्रोडेक्ट बनाये जा सकते है जिससे इन स्थलों को स्वावलंबी बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि गौ आश्रय स्थलों में निराश्रित गौ वंशों के लिए प्रयाप्त व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि निराश्रित गौ वंश सडकों पर नजर नहीं आये इसके लिए निर्देश दिए गए है। उन्होंने कहा कि यहां पशुओं के चारे के लिए नेपियर घांस की भी व्यवस्था की गई है। आयुक्त में परिसर में जामुन का पौधा भी रोपित किया। उन्होंने कहा कि नंदी नस्ल सुधार में सहायक होगें।

जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने कहा कि जनपद में स्थापित स्थायी व अस्थायी गौ आश्रय स्थलों का वह स्वयं समय-समय पर निरीक्षण करते रहते है। उन्होंने कहा कि गौशालाओं में अच्छा चारा, पीने का पानी व व्यवस्थाएं निराश्रित गौ वंशो को उपलब्ध हो इसको सुनिश्चित कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निराश्रित गौवंश सडकों पर नजर न आये इसके निर्देश दिए गए है।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, उप जिलाधिकारी चांदपुर मांगे राम चौहान, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 विजेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी व ग्रामवासी आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार की गिरती साख को बचाने के लिए मुख्यमंत्री अब होंगे जनता से रूबरू

» **मयंद मोहन, मदरलैंड संवाददाता**

नूंह/मेवात। मुख्यमंत्री मनोहरलाल खटटर द्वारा अपने दो पारी के 8 साल तक के शासन के दौरान भले ही वह अपने चण्डीगढ़ आवास व बाहरी दौरे के दौरान लोगों से मेल जोल न करने के विरोधियों द्वारा किए गए ताबड़ तोड़ हमलों के बाद इस बात का संज्ञान लिया हैं। मुख्यमंत्री ने भी अब पूर्व में रही सरकारों की तर्ज पर ₹जनता दरबार₹ लगाकर जहां सक्रियता बढ़ाऐंगे वहीं, दूसर तरफ इस दौरान वह लोगों की नब्ज भी टटोलेंगे। सियासी जानकारो की माने तो मुख्यमंत्री द्वारा लगाये जा रहे जनता दरबार आगामी विधानसभा चुनाव से भी जोड़े जा रहे हैं।





हांलाकि, मुख्यमंत्री मनोहरलाल के नेतृत्व में काम कर रही भाजपा की पहली पारी की सरकार ने प्रदेशवासियों की चण्डीगढ भागदौड़ कम करने के मकसद से सूबे के सभी जिला मुख्यालयों पर मुख्यमंत्री खिडक ी(सीएम विंडो) खोलकर सराहनीय पहल की थी लेकिन इसका लोगों में संदेश ठीक ना पहुंचने तथा सरकार की वाह-वाही की जगह किर-किरी अधिक रही हैं। सीएम विंडो में आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए सरकार ने सरकारी व गैर सरकारी सदस्यों को भी इसमें जोड़ रखा हैं लेकिन सीएम विंडो में लगाई गई अधिकांश शिकायतों का शिकायतकर्ता बुलाए बगैर ही पोर्टल पर समाधान कर दिया जाता था और विपक्षी लोगों को बैठे बैठाये मुददा मिलने से सरकार को घेरने में कतई नहीं चूंक रहे हैं। इतना ही नही, मुख्यमंत्री खिडक ी पर शिकायत देने वाले व्यक्ति को अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए एडिया घिसनी पड़ रही हैं।

नूंह से विधायक व कांग्रेस विधायक दल के उप नेता आफताब अहमद ने भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार पर वार करते हुए कहा कि यह प्रदेशवासियों की उम्मीदों पर खरी नहीं उतर पाई हैं। सरकार से लोगों का मोह भंग होने से मुख्यमंत्री अब अपने दूसरी पारी के 8 साल के दौरान जनता दरबार लगाकर सस्ती लोकप्रियता हांसिल करने के मकसद से बाहर निकल रहे हैं। लेकिन प्रदेश की जागरूक जनता अब भाजपा के झांसे में आने वाली नहीं हैं और साथ ही कहा कि सरकार भी अब इस बात को बाखूबी जान गई हैं।

## अरिंद नदी के पुल के समीप गड्डायुक्त सड़क, विभाग कर रहा हादसे का इंतजार



» **मदरलैंड संवाददाता**

मैनपुरी। नदी का पुल निर्माण कुछ माह पहले ही हुआ है लेकिन निमार्णाधीन पुल के समीप सड़क धस जाने से कभी भी हादसा हो सकता है। लेकिन विभाग खानापूर्ति कर बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। शिकोहाबाद मैंनपुरी मार्ग पर कल्होर पर कुछ माह पहले अरिंद नही के पुल का निर्माण हुआ है। जिससे वर्षात के समय कराये निर्माण में मिट्टी वाहन चलने से नीचे सड़क में बड़ा गद्दा हो गया है। जिसमे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। आस पास के ग्रामीणों की माने तो एक टेम्पो चालक हड़ासे का शिकार होने से बच गया। वही विभाग ने एक वोरी मे मिट्टी भरकर रखने के बाद झाँकर लगा रखे है। लेकिन इस गड्ढे में कभी भी बाहन गिरने से हादसे का शिकार हो सकता है। वही पुल के ढरक पर भी एक गड्ढा है उसमें विभाग ने मिट्टी डालकर खाना पूर्ति कर दी। राहगीरों ने पुल के गड्ढा को सही कराने की मांग की है।

## जिला परिषद चुनाव में भाजपा कमल खिलाने की फिराक में

» **मदरलैंड संवाददाता**

नूंह/मेवात। मुस्लिम बाहुल्य नूंह(मेवात) के जिला परिषद के चुनाव इतिहास में पहलीबार सत्तारूढ दल भाजपा पार्टी चिहन से चुनाव लडकर जिला में कमल खिलाने के फिराक में हैं। जिला परिषद के 25 वार्डों में से 24 ₹हैवीवेट₹ पर प्रत्याशी मैदान में उतारे हैं जबकि टिकट से रिक्त वार्ड से जीतने वाले उम्मीदवार को बाहर से खुलकर समर्थन देने का जिला इकाई ने दावा पेश किया हैं। उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी ने अभी हाल हुए स्थानीय निकाय चुनाव पार्टी चिहन पर लडकर कमल खिलाया था और अब जिला परिषद चुनाव पार्टी सिंबल पर लड़ रही हैं जबकि गठबंधन वाली जजपा पार्टी का रूख अभी स्पष्ट नहीं हो सका हैं। हांलाकि, जजपाईयों ने कहा है कि जेजेपी पार्टी द्वारा चुनाव निशान पर यह चुनाव नहीं लड़े जाएंगे बल्कि आपसी भाईचारे को सम्मान दिया जाएगा। पंचायत चुनाव में जीते उम्मीदवारों को सहयोग कर हम गांवों के विकास में अपना पूरा योगदान देंगे। उधर, बसपा, इनेलो व आप आदि ने भी जिला परिषद चुनाव पार्टी सिंबल पर लडने का दावा कर रखा हैं जबकि कांग्रेस ने पार्टी की विचारधारा रखने वाले उम्मीदवारों के समर्थन का दावा किया हैं। 19 अक्तुबर बुधवार को नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन तक कई दलों से चुनाव लडने वाले उम्मीदवारों तक पार्टी का लेटर अभी तक नहीं पहुंच सका हैं। माना जा रहा है कि चुनाव चिहन अलाट से पूर्व संबंधित पार्टियां जिला परिषद निर्वाचन अधिकारी तक लेटर भिजवाने की बात सामने आई हैं।

उधर, सत्तारूढ भाजपा जनता पार्टी जिला परिषद चुनाव निकाय चुनाव की तर्ज पर पूरे लाव लश्कर से चुनाव लड़ रही हैं। इन चुनाव में शहरी पार्टी नेता ,वर्कर भी सहयोग कर रहे हैं। पार्टी के जिला अध्यक्ष नरेन्द्र पटेल ने नामांकन प्रक्रिया समापन के अंतिम रोज पार्टी के जिला कार्यालय पर कार्यकताओं के संग बैठक कर जीत का मूल मंत्र दिये। नपा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व पार्टी समर्थित पार्षदों को भी जिला परिषद के पार्टी प्रत्याशी की मदद में जुटने की अपील की। जिला से प्रदेश के इतिहास में विधानसभा में भले ही पार्टी का खाता नहीं खुल सका हैं लेकिन जिला परिषद चुनाव में पार्टी अपने दम पर जिला की प्यासी धरती पर जहां कमल खिलाने की फिराक में हैं वहीं, विपक्षी दल कांग्रेसी, इनेलो, बसपा व आप आदि भाजपा के मंसूबों पर पानी फेरने में पूरे लाव लश्कर से लगे हुए हैं। भाजपा के जिला अध्यक्ष नरेन्द्र पटेल ने बुधवार सांय माना कि जिला परिषद के 25 वार्डों में से पार्टी ने 24 उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं और साथ ही कहा कि एक उम्मीदवार के नामांकन प्रक्रिया में तकनीकी खामी होने की वजह से टिकट आवंटन नहीं हो सका हैं। उन्होंने बताया कि पार्टी के रिक्त सीट पर जीतने वाले उम्मीदवार को खुलकर समर्थन दिया जायेगा। गठबंधन की हिस्सेदार जजपा के बाबत कहा कि अभी तक पार्टी की ओर से जजपा के रूख का कोई निर्देश नहीं मिल पाने से कुछ भी कहना जल्दबाजी होगा। उन्होंने दावा कर कहा कि जिला परिषद के इतिहास में भाजपा का परचम लहरायेगा।

## बड़े बकायेदारो के विरुद्ध जारी हुई आरसी ,काटे गए कनेक्शन

### तीन दर्जन के करीब बकायेदारो के संयोजन भी विच्छेदित किये गए

» **मदरलैंड संवाददाता**

मैनपुरी/कुसमरा।बिजली बकायेदारों पर विभाग का हंटर तेजी से चल रहा है। बताया गया कि विद्युत सब स्टेशन कुसमरा के अंतर्गत तीन दर्जन के करीब बकायेदारों के खिलाफ आरसी जारी हुई है। एसडीओ किशनी रजत शुक्ला ने बताया बिजली बकायेदारों से भू-राजस्व की तरह वसूली की जायेगी। इसके लिए अमीनों को बकायेदारों की सूची दे दी गई है। उसके उपरान्त तहसील प्रशासन की ओर से बिजली बकायेदारी में 26 लाख के करीब रुपये वसूलने के लिए आरसी भी जारी की गई है।



बिजली जलाने के बाद बकाया न जमा करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ शासन के फरमान पर सख्ती शुरू हो गयी है। जहां एक तरफ शासन के फरमान पर ओटीएस योजना के तहत उपभोक्ताओं को बिजली बकाया की धनराशि ब्याज मुक्त करते हुए किश्तो में जमा करने की सहूलियत मिली थी। वहीं, बार-बार मांगने के बावजूद बकाया न जमा करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ शाशन के निर्देश पर आरसी जारी की गयी है। जिसके तहत विभाग में सख्ती दिखाते हुए बकायेदारों के सस्न्योजन विच्छेदित किये व जल्द ही अपना झ अपना बकाया जमा करने की अपील भी की हैं नायब तहसीलदार रोहित यादव ,अवर अभियंता ज्ञानेंद्र पुष्कर ने अभियान चलाकर कार्यवाही की इसके अतिरिक्त अमीन श्याम सिंह , संजय कुमार , कुलदीप , अमित आदि बड़े बकायेदारो को डोर तू डोर जाकर बकाया जमा करने के लिए जागरूक भी करते नजर आये।

विद्युत सब स्टेशन कुसमरा के अंतर्गत इन बकायेदारों की जारी की गई है आरसी जारी

प्रमिला देवी , किशोरीलाल , सर्वेश , अशफीर्लाल , श्यामबिहारीलाल , महेश , सुलेमान , अरविन्द , सूरजमुखी ,राकेश कुमार , दिनेश कुमार , रामप्रकाश , मुन्नालाल , वजेदार , रमाकांत , विभूति प्रसाद ,जयप्रकाश , श्रीकृष्ण

## संक्षिप्त समाचार

### पल्टन बाजार की सड़कों को ठीक किए जाने पर डीएम का जताया आभार



देहरादून, एजेंसी। पल्टन बाजार के व्यापारी संगठन के प्रतिनिधियों द्वारा पल्टन बाजार में दीपावली से पूर्व सड़क निर्माण कार्य कराने हेतु जिलाधिकारी सोनिका से उनके शिविर कार्यालय में भेंट कर आभार व्यक्त किया। जिलाधिकारी/मुख्य कार्यकारी अधिकारी स्मार्ट सिटी लि. सोनिका द्वारा स्मार्ट सिटी परियोजना लि. के अन्तर्गत शहर में संचालित निर्माण कार्यों में तेजी लाने तथा आम जन की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए व्यवस्थित एवं समयबद्धता से कार्य पूर्ण करने के निर्देश कार्यदायी संस्थाओं को दिए गए हैं। जिलाधिकारी द्वारा पल्टन बाजार क्षेत्रान्तर्गत समय-समय पर किए गए भ्रमण के दौरान पल्टन बाजार में संचालित कार्यों में तेजी लाते हुए दीपावली से पूर्व सड़क को ठीक करने के निर्देश दिए गए। दीपावली से पूर्व पल्टन बाजार की सड़कों को ठीक किए जाने पर व्यापारी संगठनों द्वारा जिलाधिकारी से मिलकर उनका आभार व्यक्त किया। जिलाधिकारी द्वारा जनपद में सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया है जनपद में निर्माण कार्यों से जनमानस को किसी प्रकार की कोई समस्या न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए तथा सार्वजनिक स्थान व सड़कों पर निर्माण सामग्री न रखी जाए, साथ ही निमार्णाधीन साइटों पर सामग्री व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए।

### कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर मल्लिकार्जुन खड़गे को दी बधाई

देहरादून, एजेंसी। मल्लिकार्जुन खड़गे के कांग्रेस पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा सहित प्रदेश के सभी कांग्रेसजनों ने मल्लिकार्जुन खड़गे को भारी बहुमत से जीत की बधाई दी है। यहां करन माहरा ने बताया कि गुलबर्गा जिले के वारवट्टी में एक गरीब दलित परिवार में जन्मे मल्लिकार्जुन खड़गे, उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा और बीए के साथ-साथ गुलबर्गा में कानून की पढाई की। उन्होंने कहा कि राजनीति में आने से पहले वह कुछ समय के लिए वह कुछ समय तक वकालत भी करते थे। उन्होंने संघ नेता के तौर पर अपने करियर की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के लिए काम करने के दौरान 1969 में वह कांग्रेस में शामिल हुए और गुलबर्गा सिटी कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बने। कांग्रेस में आने के बाद से उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। खड़गे ने पहली बार 1972 में विधानसभा में प्रवेश किया था जब वह गुरमीतकल निर्वाचन क्षेत्र से जीते थे और 1976 में प्राथमिक शिक्षा राज्य मंत्री के रूप में देवराज उर्स सरकार के सदस्य बने थे। उन्होंने 1980 में गुंडू राव मंत्रालय में भी काम किया, जिसके दौरान प्रभावी भूमि सुधारों पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने एक ट्राइब्यूनल का गठन किया गया था ताकि भूमि अधिकार किसानों को ट्रासंफर किया जा सके। उन्होंने कहा कि मल्लिकार्जुन को 50 साल से ज्यादा का राजनीतिक अनुभव है। खड़गे ने अपने गृह जिले गुलबर्गा में एक संघ नेता के रूप में राजनीतिक पारी की शुरूआत की। उसके बाद उनके राजनीतिक करियर ग्राफ बढता गया। राजनीति में कड़ी मेहनत के चलते उन्हें हमेशा राजनीति का चैंपियन कहा जाता है। उन्होंने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे विभिन्न परोपकारी और सामाजिक गतिविधियों से भी जुड़े हुए हैं। उनका विवाह राधाबाई से हुआ है और उनके तीन बेटे और दो बेटियां हैं। चुनाव की बात करें तो मल्लिकार्जुन हमेशा अजेय रहे। साल 2008 में उन्हें कर्नाटक कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया गया।

### भाजपा उत्तराखंड प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम के बयान से कांग्रेस में आक्रोश

देहरादून, एजेंसी। महानगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष डाक्टर जसविन्दर सिंह गोगी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने एसएसपी दलीप सिंह कुंवर से मिला और कार्यवाही किये जाने की मांग की गई। इस अवसर पर महानगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष डा. जसविन्दर सिंह गोगी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दी गई तहरीर में कहा है कि भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री व उत्तराखंड प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम ने अपने बयानों में कहा है कि कांग्रेसी मंदिरों में महिलाओं के साथ छेडछाड़ करने जाते हैं महानगर कांग्रेस कमेटी दुष्यंत गौतम के इस बयान का विरोध करती है। उन्होंने कहा कि यह बयान धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने वाला तो है ही, साथ ही साथ समाज को दूषित करने वाला भी है। इस अवसर पर डा. जसविन्दर सिंह गोगी ने एसएसपी से अनुरोध किया है कि भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं उत्तरीखंड प्रभारी दुष्यंत गौतम के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उचित कार्यवाही की जाये, अन्यथा कांग्रेस जन पूरे प्रदेश में भाजपा के नेताओं के खिलाफ व्यापक स्तर पर आंदोलन छेडेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून से मुलाकात करने वालों में अनेकों कांग्रेसी शामिल थे।

# पर्यटन मंत्री ने पिंडारी ग्लेशियर और बागची बुग्याल के लिए दल को किया रवाना

## पिंडारी ग्लेशियर और बागची बुग्याल को किया गया है ट्रैक ऑफ द ईयर घोषित



देहरादून, एजेंसी। उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद (यूटीडीबी) की ओर से बागेश्वर जिले के पिंडारी ग्लेशियर ट्रैक और चमोली जिले में बागची बुग्याल ट्रैक को ट्रैक ऑफ द ईयर घोषित किया गया है। बुधवार को गढ़ी कैंट स्थित यूटीडीबी से पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने दोनों ट्रैक के लिए ट्रेकिंग दल को रवाना किया। टूर ऑपरेटरों को विभाग की ओर से प्रत्येक ट्रेकर को ट्रैक पर किए जाने वाले कुल खर्चे पर 02 हजार रुपये की सब्सिडी भी दी जाएगी। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने बागेश्वर व चमोली से आए एडवेंचर फाउंडेशन के प्रशिक्षणार्थियों को ट्रैक के शुभारंभ के मौके पर बधाई देते हुए कहा कि विंटर ट्रेकिंग डेस्टिनेशन और शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने के लिय कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके अलावा इस ट्रैक के माध्यम से विंटर ट्रैकिंग डेस्टिनेशन को केदारकांठा की भांति प्रचारित एवं प्रसारित करना है। साथ ही ट्रैकिंग को बढ़ावा दिए जाने के लिए विभाग द्वारा ट्रैकिंग गाईड ट्रेनिंग भी प्रदान की जा रही है। वहीं इस मौके पर पर्यटन मंत्री महाराज ने उत्तरकाशी के हर्षिल-छितकुल ट्रैक पर ट्रैकिंग दल के साथ हुए हादसे पर दुख प्रकट करते हुए कहा कि इस तरह के खतरों से बचने के लिए हमें और अधिक सतर्क और सुरक्षित रहना होगा। इस दौरान पर्यटन मंत्री ने माह सितम्बर 2022 में यूटीडीबी द्वारा आयोजित बलजूरी (5922 मी.) पर्वतारोहण अभियान दल का भी स्वागत व प्रमाण पत्र देकर स्वागत किया। इस मौके पर अपर सचिव पर्यटन सी रविशंकर, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (साहसिक विंग) कर्नल अश्विनी पुण्डीर, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी अवस्थापना पूजा गर्ब्यालए निदेशक प्रचार व विपणन सुमित पन्त, निदेशक अवस्थापना ले. कमांडर दीपक खंडूरी, अपर निदेशक पूनम चंद, उपनिदेशक योगेंद्र गंगवार, वरिष्ठ शोध अधिकारी एसएस सामन्त समेत विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

**यह रहेगा ट्रेक का रूट**

पिंडारी ग्लेश्यिर के ट्रेक की शुरूआत कुमाऊं के काठगोदाम से होगीए जो खाती, दव्याली, फुर्किए, जीरो प्वाइंट, खाती के बाद खरकिया से होते हुए काठगोदाम में संपन्न होगा। जबकि बागची बुग्याल के ट्रेक की शुरूआत देहरादून के ऋषिकेश से होगी, जो घेश, देवलीखेत से होते हुए बागची बुग्याल के बेस कैंप पहुंचेंगे। जहां से ट्रेकर्स धुलंब होते हुए बागची के टॉप हिमनी पहुंचेंगे।

# चार दिवसीय योग एवं आयुर्वेद कार्यशाला सम्पन्न



हरिद्वार, एजेंसी। हरिद्वार स्थित देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के माध्यम से देश विदेश में ऐसे युवा, मानव गढ़े जा रहे हैं, जो योग, आयुर्वेद एवं भारतीय संस्कृति को पूरे विश्व में पहुंचाने हेतु संकल्पित हैं। इसी अभियान के मद्देनजर वियतनाम के नामचीन 13 योग संस्थानों के प्रमुख देवसंस्कृति विश्वविद्यालय पहुंचे और चार दिवसीय विशेष योग एवं आयुर्वेद कार्यशाला में भाग लिया। जिसमें देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के विषय विशेषज्ञों ने अतिथियों को योग और आयुर्वेद के व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक पक्षों पर अपनी जानकारियाँ साझा की। यहाँ आपको बताते चलें कि कार्यशाला वियतनाम से आये अतिथियों के लिए विशेष रूप से आयोजित की गयी थी। कार्यशाला के समापन अवसर पर देसंविवि के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्डया ने भारतीय संस्कृति एवं योग पर विस्तृत जानकारी दी। प्रतिकुलपति डॉ. पण्डया ने कहा कि जीवन विद्या के आलोक केन्द्र के रूप मे विख्यात देसंविवि युवाओं को गढ़ने के लिए संकल्पित है। यहाँ के वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा घनिभूत है, इसे युवा आत्मसात करते हैं। इस अवसर पर प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्डया ने अतिथियों को धन्यवाद देते हुए पुनः पधारने का आमंत्रण दिया। वियतनाम से आए सभी अतिथियों ने प्रतिकुलपति एवं देसंविवि परिवार का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# आम व्यापारी की पहली पसन्द बन गया है प्रदेश व्यापार मण्डल: संजीव



हरिद्वार, एजेंसी। प्रदेश व्यापार मण्डल के हरिद्वार शहर अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने प्रदेश अध्यक्ष संजीव चैधरी से विचार विमर्श कर शहर कार्य कारिणी की घोषण की गयी। जिसमें शहर अध्यक्ष प्रीवन शर्मा, महामंत्री विमल सक्सेना, कोषाध्यक्ष अनुज गुप्ता, सह कोषाध्यक्ष सोरभ अरोर, उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार जोशी, राहुल चैहान, चंद्रमोहन सचदेव, पुनीत त्रिपाठी, सतेंद्र बिष्ट व दीपक अत्रि, मंत्री जगमोहन वर्मा, मनीष जैन, शिवकुमार राजपूत, संजय गुप्ता, सोरभ ठाकुर व रजत त्रिपाठी व धर्मेंद्र पाठक, मीडिया प्रभारी बलबीर सिंह व सह मीडिया प्रभारी वेदांत उपाध्याय व सदस्य कार्यकारिणी शानू गिरी व सन्नी मल्होत्र को बनाया गया। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष संजीव चैधरी ने कोर कमेटी से विचार कर गढ़वाल मण्डल आइटी प्रभारी शरत शर्मा को बनाया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष संजीव चैधरी ने कहा कि प्रदेश व्यापार मण्डल आज आम व्यापारी की पसन्द बन गया है और लोकतांत्रिक तरीके से चलने वाला व व्यापारी की पीड़ा को आवाज देने वाला एक मात्र संगठन बन कर उभरा है और पूरे प्रदेश मे अपनी जड़े जमाने मे सफल हुआ है, आज व्यापारी खुद आगे बढ़कर संगठन के साथ चलना चाहता है। कहा कि अब जल्दी ही शिवालिक नगर कनखल व रुड़की सहित अन्य स्थानो व युवा विंग की घोषणा की जाएगी और अब व्यापारी हितों को लेकर सरकार से वार्ता की जाएगी। प्रदेश की समस्याओं को राज्य के मुख्यमंत्री के सामने रखा जाएगा। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री सुमित अरोर व प्रदेश उपाध्यक राजेन्द्र चोटाल ने कहा कि आज प्रदेश व्यापार मण्डल वो सागर बन गया है। जिसमें हर छोटी नदी रूपी व्यापार मण्डल समा रहे हैं और व्यापारी की आवाज आज अगर कोई उठा रहा है तो वह प्रदेश व्यापार मण्डल है। उन्होंने कहा कि अब अन्य जगह भी जल्दी ही घोषण की जाएगी। बैठक को सम्बोधित करते हुए शहर अध्यक्ष प्रवीण शर्मा व महामंत्री विमल सक्सेना ने कहा कि अब हरिद्वार के व्यापारी की पीड़ा को हमारी पूरी टीम मिलकर उठाएगी और यदि आंदोलन भी करना पड़ा तो हम पीछे नहीं हटेंगे। इस अवसर पर महानगर महामंत्री दीपक गोनियाल, युवा महानगर अध्यक्ष संजय पाल रिकी अरोर आदि अनेक व्यापारी उपस्थित रहे।

# 'मौलिकता सच्ची विद्वता का सार है, रचनात्मकता सच्चे विद्वान की आत्मा है'



देहरादून, एजेंसी। छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन और उनकी सराहना करने के लिए स्कॉलर बैज समारोह मनाया जाता है। यह न केवल छात्रों में पहले से ही हासिल किए गए कार्यों के लिए गर्व पैदा करता है, बल्कि अधिक प्रशंसनीय उपलब्धि हासिल करने की प्रवृति को प्रोत्साहित करता है। सत्र 2021-22 के लिए दिल्ली पब्लिक स्कूल का स्कॉलर बैज समारोह आज उत्साह के साथ मनाया गया। सारस्वत अतिथि निधि श्रीवास्तव, आईएफएस इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी में प्रोफेसर की सौम्य उपस्थिति ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और गणेश वंदना के साथ हुआ। इसके बाद स्कूल ऑर्केस्ट्रा द्वारा संगीतमय प्रस्तुति दी गई। योग और काव्य प्रस्तुति के बाद एक सुंदर नृत्य प्रदर्शन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रधानाचार्य बीके सिंह ने औपचारिक रूप से सभा का स्वागत किया। अपने उद्धबोधन में उन्होने कहा कि आज के विद्यार्थी कल के नागरिक हैं। यदि हम आज अपने छात्र-छात्राओं को कर्तव्य बोध और सत्य निष्ठा का पाठ पढ़ा पाएए तो यही योग्य छात्र आने वाले कल के प्रकाश स्तंभ बनेंगे, जो देश को उन्नति और विकास के मार्ग पर आगे लेकर जाएँगे। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा शिक्षा के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बैज और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। पांच छात्रों को गोल्ड मैडल प्रदान किए गए। यह छात्र पिछले सात वर्षों से लगातार स्कॉलर बैज प्राप्त कर रहे हैं। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों के प्रयास की सराहना की और उन्हें अपने कर्तव्य मार्ग पर अग्रसर होने की प्रेरणा दी। माता-पिता ने अपने बच्चों को सम्मान प्राप्त करते हुए गर्व से देखा। अंत में छात्रों द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# सड़क सुरक्षा एवं दुर्घटना न्यूनीकरण अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित



हरिद्वार, एजेंसी। जिलाधिकारी विनय शंकर पाण्डेय की अध्यक्षता में बुधवार को कलक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा एवं दुर्घटना न्यूनीकरण अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित हुई। जिसमें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. योगेन्द्र सिंह रावत ने भी प्रतिभाग किया। बैठक में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी श्रीमती रश्मि पन्त ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से सड़क सुरक्षा एवं दुर्घटना न्यूनीकरण के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में सर्वप्रथम जनपद के विभिन्न मार्गों पर दिन-पर-दिन बढ़ रहे ई-रिक्शा की संख्या के सम्बन्ध में विचार-विमर्श हुआ। इस पर जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि ई-रिक्शा के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभागों की एक संयुक्त कमेटी गठित की जाये, जो ई-रिक्शा के सम्बन्ध में विभिन्न पहलुओं पर विचार कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से बैठक में पूर्व में राष्ट्रीय राजमार्ग के अवैध कट बन्द कराने के सम्बन्ध में दिये गये निर्देश के सम्बन्ध में जानकारी ली तो पुलिस, परिवहन तथा एनएचआई के अधिकारियों ने बताया कि जनपद के राष्ट्रीय राजमार्गों का सर्वे कर टृषिकुल सहित पांच कट बन्द कर दिये गये हैं। बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुमार खगेन्द्र से आकस्मिकता के समय अस्पतालों में अवस्थापना सम्बन्धी क्या-क्या व्यवस्था रहती है, के सम्बन्ध में जानकारी ली तो मुख्य चिकित्साधिकारी ने जनपद में उपलब्ध कुल एम्बुलेंस, 108 एम्बुलेंस का रिस्पांश टाइम तथा अस्पतालों में कुल उपलब्ध बैड के सम्बन्ध में जानकारी दी। बैठक में राज्य एवं राष्ट्रीय राजमार्गों पर निकटवर्ती चिकित्सालय, पुलिस थाने एवं परिवहन विभाग के सम्पर्क नम्बर सम्बन्धी बोर्ड लगाने के सम्बन्ध में चर्चा हुई, जिस पर जिलाधिकारी ने सम्पर्क नम्बर सम्बन्धी बोर्ड आगामी 15 नवम्बर तक लगाने के निर्देश दिये।

बैठक में एनएचएआई के अधिकारियों ने जानकारी दी कि जिन स्थानों पर हिट एण्ड रन की घटनायें हो रही हैं, वहां पर विद्युतीकरण का कार्य कराया जा चुका है। इस पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि दुर्घटना संभावित स्थलों पर कैमरा लगाना भी सुनिश्चित करें। विनय शंकर पाण्डेय ने बैठक में पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे बसों व भारी वाहनों के विरूद्ध प्रवर्तन की कार्रवाई में और तेजी लायें। उन्होंने अधिकारियों को ये भी निर्देश दिये कि सड़क सुरक्षा जागरूकता की दृष्टि से आगामी नवम्बर के प्रथम सप्ताह में सभी अधिकारी स्कूलों में प्रार्थना के समय सड़क सुरक्षा जागरूकता के सम्बन्ध में छात्रध्छात्रओं को जानकारी देंगे, जिसके लिये रूपरेखा तैयार कर ली जाये। बैठक में नये ब्लैक स्पॉटध्दुर्घटना सम्भावित स्थलों के चिह्नीकरण आदि के सम्बन्ध में भी विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी(वित्त एवं राजस्व)बीर सिंह बुदियाल, सिटी मजिस्ट्रेट अवधेश कुमार सिंह, एसडीएम पूरण सिंह राणा, एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण, सुरेश तोमर, सीओ ट्रैफिक सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बदरीनाथ धाम में संचालित विकास कार्यों का सीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

## मुख्यमंत्री ने भगवान बद्री विशाल के किए दर्शन



चमोली, एजेंसी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार को सुबह बद्रीनाथ धाम पहुंचे। बद्रीनाथ मंदिर में भगवान बद्री विशाल के दर्शन व पूजा करते हुए सीएम ने प्रदेश की सुख समृद्धि एवं खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इस दौरान उन्होंने बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत संचालित विभिन्न विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करते अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी हिमांशु खुराना, सीडीओ डा.ललित नारायण मिश्र, अपर जिलाधिकारी डा. अभिषेक त्रिपाठी, एसडीएम कुमकुम जोशी सहित निर्माणदायी संस्थाओं के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# सेप्टेज प्रबंधन पर स्टेट एवेंट ऑन सेनिटेशन कार्यक्रम का आयोजन

## शहरी विकास मंत्री ने नौ नगर निकायों को सेप्टेज निस्तारण करने की दिशा में सराहनीय कार्य करने पर किया सम्मानित



देहरादून, एजेंसी। राष्ट्रीय नगर कार्य संस्थान (एनआईयूए) और शहरी विकास निदेशालय की ओर से सेप्टेज प्रबंधन पर स्टेट एवेंट ऑन सेनिटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर शहरी विकास मंत्री उत्तराखण्ड सरकार डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया और कार्यक्रम को सेप्टेज प्रबन्धन के कार्यों को गति प्रदान करने वाला बताया। इस मौके पर नौ नगर निकायों को मंत्री डा. अग्रवाल ने सेप्टेज का निस्तारण करने की दिशा में सराहनीय कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। साथ ही नोट ऑन को-ट्रीटमेंट, सेप्टेज प्रोटोकॉल पर एडवाइजरी तथा स्टेट इन्वेस्मेंट प्लान का विमोचन किया गया। आज जनपद के जनपद में मसूरी रोड अवस्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ शहरी विकास मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड एक पर्वतीय राज्य हैए जिसमें 103 शहरी स्थानीय निकाय वर्तमान तक गठित की गयी है। बताया कि राज्य के लगभग 80 प्रतिशत परिवार आज भी सेप्टिक टैंक/सोक पिट पर ही निर्भर हैं। इसके लिए सेप्टेज प्रबन्धन के लिए राज्य द्वारा सेप्टेज मैनेजमेंट प्रोटोकॉल जारी किया गया है, जो राज्य की समस्त शहरी स्थानीय निकायों में लागू है। मंत्री ने कहा कि इस प्रोटोकॉल के जरिए शहरी निकायों को सेप्टेज मैनेजमेंट सेल का गठन करने, उप विधि बनाने तथा सेप्टेज के सुरक्षित प्रबन्धन के निर्देश दिए गए हैं। कहा कि प्रदेश के 93 निकायों में सेप्टेज मैनेजमेंट सेल का गठन किया गया है तथा 34 निकायों द्वारा उप विधि अधिसूचित कर दी गयी है। उत्तराखण्ड राज्य को नमामी गंगे कार्यक्रम में प्राथमिकता के साथ रखा गया है तथा राज्य द्वारा सेप्टेज प्रबन्धन की समस्या से निपटने हेतु निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं। राज्य स्तर पर निर्मित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट में ही सेप्टेज की को-ट्रीटमेंट सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिये गये हैं। नमामी गंगे कार्यक्रम के तहत हरिद्वारए ऋषिकेश, श्रीनगर तथा देवप्रयाग में को-ट्रीटमेंट सुविधा को अनुमोदित किया गया है। इससे न केवल इन शहरों बल्कि इनके आस-पास के शहरों के सेप्टेज प्रबन्धन में भी सुविधा होगी। राज्य का पहला फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट रूद्रपुर में निमार्णाधीन है जो कि शीघ्र ही क्रियान्वित किया जायेगा। इस प्लांट के द्वारा रूद्रपुर के अतिरिक्त 09 अन्य शहर भी लाभान्वित होंगे। कहा कि सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के साथ-साथ फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट के इस्तेमाल से शहरों की समावेशी स्वच्छता को प्राप्त करने में राज्य को सहयोग प्राप्त होगा। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने एनआईयूए की टीम की प्रशंसा की। कहा कि एनआईयूए के सहयोग से शहरी विकास विभाग पिछले 02 वर्षों से सेप्टेज के सुरक्षित प्रबन्धन में निरन्तर कार्य कर रहा है, जिसमें सभी स्टेक होल्डर्स की क्षमता अभिवृद्धि करना, एडवाइजरी दस्तावेज तैयार करना, तकनीकी सहयोग प्राप्त करना तथा निकायों को सहयोग करना शामिल है। उन्होंने राज्य के स्वच्छता सर्वेक्षण में पहली बार छह अवॉर्ड मिलने पर शहरी विकास निदेशालय के अधिकारियों तथा कर्मचारियों की भी प्रशंसा की। इस अवसर पर शहरी विकास मंत्री डाण प्रेमचंद अग्रवाल ने सेप्टेज निस्तारण की दिशा में उत्कृष्ट कार्य कर रहे निकायों (हरिद्वार, ऋषिकेश, रूद्रपुर, रामनगर, हल्द्वानी, जबकि ओडीएफ अवॉर्ड से सम्मानित निकाय देहरादून, चंबा, रूड़की, मुनिकीरेती) को प्रशस्ति पत्र देकर अन्य निकायों को भी इनसे प्रेरणा लेने को कहा। इस मौके पर नेशनल अर्बन डिजिटल मिशन को लेकर एनआईयूए और शहरी विकास निदेशालय के बीच अनुबंध किया गया। साथ ही नोट ऑन को-ट्रीटमेंट, सेप्टेज प्रोटोकॉल पर एडवाइजरी तथा स्टेट इन्वेस्मेंट प्लान का विमोचन किया गया। इस मौके पर एनआईयूए (राष्ट्रीय नगर कार्य संस्थान) के एडवाइजर राजीव रंजन, सचिव शहरी विकास दीपेंद्र चैधरी, निदेशक शहरी विकास नवनीत पांडे, मुख्य महाप्रबंधक जल संस्थान नीलिमा गर्ग, रूद्रपुर मेयर रामपाल सिंह सहित विभिन्न निकायों के नगर आयुक्त, सहायक नगर आयुक्तए सेनेटरी इंस्पेक्टर, निदेशालय के विभागीय अधिकारी व कर्मचारी तथा एनआईयूए के कर्मचारी मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

## पद्मश्री राजिंदर गुप्ता कॉटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के शताब्दी समारोह में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित



मदरलैंड संवाददाता, चंडीगढ़ । ट्राइडेंट ग्रुप के मानद चेयरमैन पद्मश्री राजिंदर गुप्ता को भारतीय कपड़ा उद्योग को राष्ट्रीय हित में मजबूत करने में बहुमूल्य योगदान देने और उनकी अभूतपूर्व उपब्धियों के लिए कॉटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीएआई) के शताब्दी समारोह में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया है । यह समारोह हाल ही में जियो वर्ल्ड सेंटर मुंबई में आयोजित किया गया । केंद्रीय कपड़ा, वाणिज्य. उपभोक्ता मामले और खाद्य व सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल की तरफ से टेक्सटाइल कमिश्नर श्रीमती रूप राशी और सीएआई के अध्यक्ष श्री अतुल गनात्रा द्वारा पद्मश्री राजिंदर गुप्ता को यह पुरस्कार प्रदान किया गया ।

## मोहाली में भी वन्दे भारत को रुकने की अनुमति दी जाए : अभिनव शर्मा



मदरलैंड संवाददाता, चंडीगढ़/मोहाली । भाजयुमो, चण्डीगढ़ के उपाध्यक्ष अभिनव शर्मा ने ऊना–दिल्ली वन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रेन शुरू करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव का तहेदिल से आभार जताया है व साथ ही रेल मंत्री को पत्र लिख कर मोहाली में भी इस गाडी को दो मिनट का स्टॉपेज देने की मांग की है ताकि मोहाली व आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोग भी इस द्रुत गति की ट्रेन का लाभ उठा सकें ।

## हम नही सुधरेंगे.... पैसेज एरिया मे किया दुगरी मार्किट वालो ने कब्जा



हरप्रीत सिंह, मदरलैंड संवाददाता, लुधियानाः नगर निगम द्वारा पिछले दिनों दुगरी फेस वन मार्किट के दुकानदारों को चेतवानी दी गई थी कि पैसेज एरिया में कोई भी दुकानदार सामान नहीं रखेंगे मगर दुकानदारों के कान में जूं तक नहीं रेंगी उल्टा दुकानदारों ने सारा सम्मान ही पैसेज एरिया में रख दिया और पैदल चलने वाले लोगो का रास्ता ही बंद कर दिया गुरप्रीत सिंह ने बताया कि वो दुगरी मार्किट में अपनी फैमिली के साथ आए थे मगर पार्किंग में टैंट लगाए हुए हैं दूसरी तरफ पैसेज एरिया भी दुकानदारों ने कब्जा किया हुआ है इस संबंध में जब मार्किट प्रधान सचिन मनचंदा से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि नगर निगम जो अधिकारी कारवाही करना चाहते हैं तो करे खुलेआम नगर निगम अधिकारियों को अंगूठा दिखा रहे हैं दुगरी फेस वन के दुकानदार अब देखना है कि नगर निगम क्या कारवाही करता है

## सेवानिवृत्त प्राध्यापक के दो पुत्र एवं एक पुत्रवधू हैं जज



मदरलैंड संवाददाता,कनीना । कनीना उपमंडल से 6 किलोमीटर दूर बव्वा निवासी एवं सेवानिवृत्त प्राध्यापक लालाराम यादव की पुत्रवधू वसुंधरा राव का हरियाणा ज्यूडिशियल सेवा में बतौर सब जज प्रथम श्रेणी के रूप में चयन हो गया है । पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय चंडीगढ़ द्वारा घोषित जुडिशियल ब्रांच का परिणाम हाल ही में घोषित हुआ है जिसमें वसुंधरा राव चयनित हुई है । लालाराम यादव ने बताया वसुंधरा राव के पति एवं लाला राम के पुत्र नीरज कुमार यादव गुजरात राज्य में बतौर सिविल जज वर्ष 2013 से कार्यरत है तथा लालाराम का छोटा पुत्र कौशल कुमार यादव बतौर सिविल जज हरियाणा राज्य के यमुनानगर जिले के बिलासपुर मंडल में कार्यरत है । कौशल कुमार यादव की पत्नी एमबीबीएस है । इस प्रकार एक ही परिवार में तीन जज होने से प्रसन्नता का माहौल है । उनकी पुत्रवधू के जज बनने पर भारी संख्या में लोगों ने बधाई दी है ।

# प्रदूषण रहित दिवाली मनाने के लिए आयोजित की पोस्टर प्रतियोगिता

### एनआरआई सुदर्शन गर्ग ने की अगुवाई

» मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ़। महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल दरिया, चंडीगढ़ ने इको क्लब के विद्यार्थियों के लिए पर्यावरण विभाग के सहयोग से प्रदूषण रहित दीपावली मनाने को प्रेरित करने के उद्देश्य से पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की। अमेरिका से पधारे सुदर्शन गर्ग का स्कूल के प्रिंसिपल डॉ विनोद शर्मा, स्टाफ और बच्चों ने बुके देकर गर्मजोशी से स्वागत किया। विद्यार्थियों ने स्वयं डेकोरेट किए हुए मिट्टी के दीये भी भेंट किए। गर्ग ने पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में भाग लिए बच्चों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि ऐसा करने से समाज को एक अच्छा संदेश मिलेगा और लोग प्रकृति के प्रति सजग रहेंगे। उन्होंने कहा कि पटाखे चलाने से पर्यावरण प्रदूषित होगा। आतिशबाजी से बच्चे, बुजुर्ग और जानवर भी प्रभावित होंगे। उनके मुताबिक दीप जलाकर और घर को रंग-बिरंगी लड़ियों से सजाकर त्यौहार को धूमधाम से मनाएं। उन्होंने बताया कि दीपावली के दिन ही महर्षि दयानंद निर्वाण को प्राप्त हुए थे और उनके दिखाए गए रास्ते पर चलकर हम प्रगति कर सकते हैं। उन्होंने भारतीय संस्कृति के उत्थान के लिए भरसक प्रयास किए। इस अवसर पर एनआरआई गर्ग ने स्कूल के सभी विद्यार्थियों को उनकी ओर से किए जा रहे जागरूकता कार्यों के लिए तोहफे दिए जाने की घोषणा की। उन्होंने अध्यापकों और स्टाफ की मेहनत को देखते सभी सदस्यों को नकद उपहार देने की बात कही। स्कूल के प्रिंसिपल डॉ विनोद शर्मा ने कहा कि महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल दरिया पिछले 22 वर्षों से ग्रामीण क्षेत्र में गुणवत्ता से परिपूर्ण शिक्षा मुहैया करवाने में अग्रसर है। उन्होंने बताया कि एनआरआई सुदर्शन गर्ग ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के उत्थान के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। इसी कड़ी में वे स्कूल में लाइब्रेरी और कंप्यूटर रूम भी बना चुके हैं जिसका स्कूल के विद्यार्थी भरपूर लाभ ले रहे हैं। प्रिंसिपल ने एनआरआई गर्ग का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता को क्रमशः जूनियर, मीडियम एवं सीनियर भागों में बांटा गया। जनरल केटेगरी में दिव्या व हनी को प्रथम, हेमत व अभय को द्वितीय, अंकुश और समनप्रीत को तृतीय स्थान मिला। मध्यम वर्ग में आकाश व रितिका को प्रथम, लक्ष्मी व अभिषेक को द्वितीय, सूरज और हिमांशु को तृतीय स्थान मिला। वरिष्ठ कैटेगरी में साक्षी प्रथम, रागिनी द्वितीय और नम्रता तृतीय स्थान पर रहीं।



## मल्लिकार्जुन खड़गे की जीत से नई कॉग्रेस का उदय होगा : अमित विज

» मदरलैंड संवाददाता

● कॉग्रेस के परिवारवाद की आलोचना करने वालों की बोलती बंद



चंडीगढ़। पंजाब प्रदेश कॉग्रेस के कोषाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अमित विज ने अखिल भारतीय राष्ट्रीय कॉग्रेस के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की जीत पर बधाई देते हुए कहा कि आज से नई कॉग्रेस का उदय होगा। उन्होंने कहा कि खड़गे एक कुशल राजनीतिज्ञ रहें हैं। उनके कुशल नेतृत्व में कॉग्रेस का ग्राफ ऊंचाइयां छुएगा।

उन्होंने कहा यहां आज कॉग्रेस का नेतृत्व अनुभवी हाथों में आया है जो कॉग्रेस को और संगठित और मजबूती देगा। वहीं दूसरी और राहुल गांधी के युवा नेतृत्व में कांग्रेसजन सड़कों पर देश जोड़ने में लगे हैं। इस नए समायोजन से कॉग्रेस, महँगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार व अन्य मुद्दों से मुकाबला करेगी। उन्होंने कहा कि कॉग्रेस ने आज साबित कर दिया कि पार्टी में लोकतंत्र बरकरार है। कॉग्रेस ने चुनावी प्रक्रिया का पालन कर निष्पक्ष चुनाव करवा कर कॉग्रेस के परिवारवाद की आलोचना करने वालों की बोलती बंद कर दी है। उन्होंने कहा कि गाँधी परिवार ने एक बार फिर साबित कर दिया की वे सत्ता की भूख नहीं रखते। कॉग्रेस खासकर गांधी परिवार ने हमेशा देश के लिए बलिदान दिया है। चाहे वे इंदिरा गांधी, राजीव गांधी की देश के लिए शहादत हो या सोनिया गांधी का प्रधानमंत्री का पद ठुकराना। उन्होंने कहा सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री का पद ठुकरा कर मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री बनाया। वहीं राहुल गांधी ने कॉग्रेस अध्यक्ष पद को स्वीकार न करते हुए एक आम कॉग्रेस विचारधारा वाले व्यक्ति को कॉग्रेस की कमान सौंप दी हो।

## नगर परिषद हांसी में 'डी' प्लान के तहत आए हुए पैसो व सरकारी ग्रांट का खुला दुरूपयोग

» मनमोहन शर्मा, मदरलैंड संवाददाता

हांसी। शहीद भगत सिंह पार्क व शहीद मदन लाल ढींगड़ा पार्क नजदीक सब्जी मण्डी, उमरा गेट, हांसी में अधिकारियों व ठेकेदारों द्वारा मिलीभगत करके लाखों रुपए डकार जाने को लेकर इस वर्ष मार्च को सी.एम. विंडो पर एक शिकायत लगाकर उच्च स्तरीय जांच की मांग की थी लेकिन जिसका आज तक कोई भी जवाब नही दिया गया।

यह बात शहर के जागरूक नागरिक मेहर सिंह भ्याना ने प्रैस वार्ता को सम्बोधित करते हुए बताई कि इतने महीने बीत जाने के बाद भी कोई भी कार्यवाही नही हुई। जबकि हरियाणा के मुख्यमन्त्री मनोहर लाल खट्टर यह कहते नही थकते की भ्रष्टाचार 0 पर चल रहा है। यहां अधिकारियों सी.एम. विंडो पर लगाई एप्लीकेशन को नीचे दबाकर रख दिया है। आज तक किसी अधिकारी ने अपनी जिम्मेवारी नही निभाई जो सरासर गलत है। उन्होंने आगे कहा कि लोगों को कब न्याय मिलेगा। इस पार्क में लाखों रूपयों का घोटाला हो रहा है। सभी अधिकारी व नेता मिलकर इस पैसे को हज्म कर गए है। शहीद भगत सिंह पार्क का बुरा हाल है। न ही सफाई है और न ही सम्भाल है। सिर्फ और सिर्फ ठेकेदार ने अधिकारियों व उच्च नेताओं के साथ मिलकर सारे कार्य किया है।

मेहर सिंह भ्याना ने मांग की कि सी.एम. विंडो की सुनाई जल्द से जल्द की जावे क्योंकि पहले ही लगभग 7 माह का समय बीत चुका है और इसके लिए जिम्मेवार अधिकारियों को नौकरी से बर्खास्त करते हुए उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही करें ।

## राष्ट्रीय खेलों में जे.सी. बोस विश्वविद्यालय का शानदान प्रदर्शन



जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के खिलाड़यों ने आईआईटी (बीएचयू), वाराणसी के वार्षिक खेल उत्सव ह्यस्पर्धाह्न तथा बिट्स, पिलानी (राजस्थान) के वार्षिक खेल में ह्यबोसमह्न के अंतर्गत आयोजित विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं की टीम और व्यक्तिगत स्पधाओं में शानदान प्रदर्शन किया है तथा विश्वविद्यालय का नाम रौशन किया है।

कुलपति प्रो. एस.के. तोमर और कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग ने विश्वविद्यालय की टीम और सहयोगी स्टाफ को उनकी उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने डीन छात्र कल्याण कार्यालय तथा खेल अधिकारी डॉ. सुनीता कोक के प्रयासों की भी सराहना की।

विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों के 24 सदस्यीय दल ने 14 से 16 अक्टूबर, 2022 तक आईआईटी, वाराणसी में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता ह्यस्पर्धाह्न में भागलिया। प्रतियोगिता में देशभर के आईआईटी और एनआईटी सहित प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों के 1800 से अधिक प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। विश्वविद्यालय की टीम ने कबड्डी, पावरलिफ्टिंग, बॉक्सिंग और शतरंज प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

विश्वविद्यालय की कबड्डी टीम ने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। प्रतियोगिता में मनोज को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। इसी तरह पांच सदस्यीय शतरंज टीम ने रजत पदक जीता। व्यक्तिगत खेलों में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले हर्ष, हिमांशु और कुनाल ने बॉक्सिंग में स्वर्ण पदक जीते, और भरत और अमन ने पावर-लिफ्टिंग में क्रमशः स्वर्ण और कांस्य पदक जीते।

यूनिवर्सिटी प्रवक्ता ने विजय गौड़ ब्यूरो चीफ को बताया कि विश्वविद्यालय की 26 सदस्यीय टीम ने 14 से 18 अक्टूबर, 2022 तक आयोजित बिट्स पिलानी के बोसम खेल उत्सव मेंएथलेटिक्स, वॉलीबॉल, बैडमिंटन और ताइक्वांडो प्रतियोगिताओं में भी भाग लिया और टीम ने 12 पदक जीते। टीम के खिलाड़ी यशराज ने जैवलिन थ्रो में स्वर्ण और शॉर्ट पुट में रजत और डिस्कस थ्रो में रजत पदक, विजय ने 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ में रजत पदक, अभिषेक ने 400 मीटर दौड़ में कांस्य और चितरंजन ने 5 किमी और 3 किमी दौड़ में कांस्य पदक जीता। एथलेटिक टीम ने भी 4 गुणा 100 मीटर और 4 गुणा 400 रिले दौड़ में कांस्य पदक जीते और देव ने ताइक्वांडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता।

# एमसीएम कॉलेज ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग पर जागरूकता सत्र और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया

» मदरलैंड संवाददाता




चंडीगढ़। नशा मुक्त भारत अभियान के तत्वावधान में मेहर चंद महाजन डीएवी कॉलेज फॉर विमेन, चंडीगढ़ के ड्रग एब्यूज (वाडा) क्लब ने 'युवाओं के बीच नशीली दवाओं के दुरुपयोग' पर जागरूकता सत्र आयोजित किया । सत्र का संचालन मनोचिकित्सा विभाग, पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ में प्रोफेसर और प्रमुख डॉ. देबाशीष बसु द्वारा किया गया था। नशीली दवाओं एवं दुरुपयोग को परिभाषित करते हुए इस ज्ञानवर्धक सत्र में डॉ. बसु ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग की व्यापकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने नशीली दवाओं के दुरुपयोग के प्रति युवाओं की संवेदनशीलता के लिए समाजशास्त्रीय, मनोवैज्ञानिक और जैविक कारणों पर विस्तार से चर्चा की। नशीली दवाओं के दुरुपयोग को रोकने के लिए, डॉ बसु ने जोर देकर कहा कि युवाओं को जीवन को प्राथमिकता देनी चाहिए, मन और शरीर पर ध्यान देना चाहिए, स्वस्थ समाज बनाने में अपना सहयोग देना चाहिए और अपने आप में आध्यात्मिकता की भावना पैदा करनी चाहिए। यह कार्यक्रम इंटरैक्टिव सत्र के साथ समाप्त हुआ, जिसमें विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों के प्रश्नों का उचित समाधान बताया गया। एक अन्य कार्यक्रम में, वाडा क्लब ने भाषण, निबंध लेखन और पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की जिसमें 'इज सबस्टांस यूज अडिक्शन : ए डिजीज ओर ए चॉइस?', 'नशा मुक्त भारत अभियान एंड रोड मैप अहेड फॉर इट्स सक्सेस' और 'इम्पैक्ट ऑफ सबस्टांस यूज ऑन इंडिविजूअल' विषय रखे गए। इस आयोजन का उद्देश्य मादक द्रव्यों के सेवन से मुक्त एक स्थायी दुनिया के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कार्यों और सहयोग को मजबूत करना है। प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में भाग लेने वाले विद्यार्थियों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली।

प्रिंसिपल डॉ. निशा भार्गव ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग की समस्या को रोकने और एक स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए ठोस प्रयासों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को इस खतरे के बारे में अपने समुदाय में जागरूकता बढ़ानी होगी । इसके साथ ही नशीली दवाओं के दुरुपयोग को रोकने के तरीकों के बारे में लोगों को शिक्षित करके नशे के खिलाफ लड़ाई में सकारात्मक भूमिका निभानी होगी।

## नारनौल पहुंची अहीर रेजिमेंट की मोटर साईकिल यात्रा



» मदरलैंड संवाददाता

नारनौल।अहीर रेजिमेंट की ओर से चलाई जा रही मोटरसाइकिल मिशन यात्रा बुधवार को गांव मिजार्पुर बाछोद में पहुंची यात्रा के पहुंचने पर ध्यान सिंह बोहरा एवं समस्त ग्राम वासियों की ओर से स्वागत किया गया। इस मौके पर अनेक लोग उपस्थित थे।

अहीर रेजिमेंट की स्थापना को लेकर अहीर रेजिमेंट समिति की ओर से अनेक कार्य किए जा रहे हैं। कई स्थानों पर बैठक का दौर भी जारी है वहीं धरने प्रदर्शन भी किए गए हैं। इसी को लेकर बाइक यात्रा भी निकाली जा रही है। यह बाइक यात्रा गांव गांव जाकर लोगों को अहिर रेजीमेंट के बारे में तथा उसके गठन के बारे में लोगों को बता रहे हैं। इस मौके पर कालूराम सेक्टरी, किशन लाल, मोतीलाल, राजेंद्र, नरेश, प्रताप, बलवीर, कमल शर्मा, पंकज, राजवीर, राकेश, सत्यवीर और राम सिंह व अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## करीब आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध मार पिटाई का मामला दर्ज

» मदरलैंड संवाददाता

कनीना। कनीना उप-मंडल के गाहड़ा निवासी ओम पति ने उनके साथ मारपीट आई करनी के मामले में करीब आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज करवाया है। कनीना पुलिस में दी शिकायत में ओमपति ने कहा है कि 15 अक्टूबर को जब घर के सामने झाड़ू निकाल रही थी तो मेवा नामक महिला उनकी भैंस की कटड़ी को लकड़ी मार रही थी। जब कारण पूछा तो उन्होंने स्पष्ट कहा कि तुम अगर कटड़ी को बाहर बांधोगी तो यूं ही पिटाई करती रहूंगी। तभी गजराज सुमन, तरुण, जतिन, अंशु ने ओमपति को घर के अंदर खींच लिया तथा लाठी-डंडों से पिटाई की, हाथ की जान से मारने की धमकी दी। जब किसी प्रकार छुड़ाकर भागने लगी जो जिले सिंह व मेवा ने फिर पिटाई कर डाली जिससे ज्यादा चोट आई ओमपति के पति मौके पर पहुंच गया। जिन्होंने उसे छुड़वाया और कनीना अस्पताल भर्ती करवाया जहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया है। उनकी शिकायत पर करीब आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

# गांव दौगड़ा अहीर में सरपंच उम्मीदवार ने मतदाता जागरूकता रैली निकालते हुये पर्चा भरा

» मदरलैंड संवाददाता



कनीना। गांव दौंगड़ा अहीर में एक नई पहल देखी गई, गांव की पंचायत में सरपंच पद की उम्मीदवार सोमा देवी पत्नी जसवंत थानेदार ने जागरूकता रैली निकालते हुए पर्चा भरा।

इस रैली में सोमा देवी ने अनावश्यक खर्चा, शराब पैसे, लालच प्रलोभन देने वाले उम्मीदवारों का बहिष्कार करने की अपील की। गांव में महिलाएं भी काफी संख्या में शामिल हुईं।

रामानंद मास्टर ने बताया उनके गांव में ऐसा पहली बार हुआ है कि कोई उम्मीदवार स्वयं ही जागरूकता रैली निकालते हुये पर्चा दाखिल करने गया हो। मास्टर रघुबीर ने बताया कि 21 वीं शताब्दी का वोटर अब जागरूक हो रहा है और इसी अपेक्षा के चलते उम्मीदवार भी आगे आने लगें हैं।

सोमा देवी ने बताया गांव दौंगड़ा अहीर में उन्होंने स्वयं पहली बार चुनावी घोषणा पत्र सांझा किया है। अक्सर लोग बिना लक्ष्य व विजन के पंचायत में आ जाते हैं और फिर मनमर्जी चलाते हैं। जो गांव के मूल मुद्दे होते हैं उनकी तरफ ध्यान नहीं देतें हैं। उन्होंने कहा कि वो बिना किसी फालतू खर्चे किये चुनाव लड़ेंगी और यदि गांव ने अवसर दिया तो पूरी ईमानदारी से गांव की सेवा करेंगी। रैली में शामिल महिलाओं ने भी इस पहल पर खुशी जताई। कमला मैडम ने बताया कि जो उम्मीदवार बुराई के रास्ते चुनाव जीतेगा, वो कभी गांव के लिये सच्ची निष्ठा व लग्न से कार्य नहीं कर सकता है। जो घर लुटाकर चुनाव लड़ेगा वो तो बनते ही पहले अपना घर बनायेगा।

युवा शक्ति संघ के युवा भी इस मुहिम का स्वागत करते हुये नजर आये, उन्होंने इस पहल की प्रशंसा करते हुये गांववासियों को योग्य उम्मीदवार का चुनाव करने के लिये अपील की।

इस मौके पर ज्योति, काजल, लक्ष्मी देवी, मुन्नी, इलायची देवी, गिरनी देवी, सावित्री देवी, शर्मिला देवी, शकुंतला देवी, दुलीचंद, मास्टर रगबीर, अमर सिंह, बाबूलाल, डॉक्टर सुधीर, सत्यपाल, सोमा देवी, कमला सहित गांव की अन्य महिलायें मौजूद रहीं।

## गोवा घुमाना पड़ा मेहंगा स्विंग मशीन डीलर्स को एजेंट ने लगाया चुना, पुलिस प्रशासन ने अभी तक नहीं की कोई कारवाही



» मदरलैंड संवाददाता

लुधियानाः स्विंग मशीन डीलर्स एसोसिएशन का गोवा ट्रीप उस समय भारी पढ़ गया जब उनका एजेंट पैसे लेकर नो दो ग्यारहा हो गया एसोसिएशन के प्रधान तरुण अरोड़ा ने बताया कि पिछले 35 सालों से हर साल एसोसिएशन कही न कही घूमने जाती है इस साल गोवा का ट्रीप बना था जिसमे 92 मेंबर्स एक सितंबर को घूमने जा रहे थे सभी मेंबर्स से 24 हजार रुपए प्रति मेंबर पैसे लेकर एजेंट लखविंदर सिंह को दिए गए जिसमे पहले 50 हजार का चेक एडवांस मे दिया गया मगर 25 अगस्त को पता चला की एजेंट ने सग्गर सांस के अंडर टिकट बुकिंग कराई है और तुम्हारा एजेंट फरार हो गया है सग्गर सांस के ओनर मनिंदर सिंह ने बताया कि एजेंट 24 लाख 66हजार रुपए लेकर फरार हो गया उसका नंबर बंद आ रहा है

उसके बाद दुबारा एसोसिएशन द्वारा 35000पर मेंबर्स के हिसाब से पैसे देकर गोवा ट्रीप पर गए प्रधान तरुण ने बताया कि जिसकी शिकायत पुलिस कमिश्नर को दी गई उन्होंने मार्क कोतवाली थाना को कर दी मगर पुलिस प्रशासन द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई उन्होंने बताया कि पिछले दो महीने से थाने के चक्कर काट रहे इस संबध में जब कोतवाली थाना प्रभारी से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मेरे पास एक बार आए थे उनको सभी डॉकमेंट जमा करवाने को कहा था उसके बाद अभी तक कोई नही आया

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# मंहगाई की मार में राहुल के अवतार का मतलब

» नवीन जैन

भारतीय संस्कृति में अवतार के अनेक किस्से मशहूर हैं। इसे किसी धार्मिक नजरिए न देखा जाए, तो कहने की आज्ञा दें कि भगवान कृष्ण भी अवतारी पुरुष थे, और उन्हें नीति अनीति का सहारा लेकर महाभारत में पांच पांडवों का साथ देकर कोरवों को सबक सिखाने में अर्जुन का सारथी बनकर रण भूमि में उतरना पड़ा था। यहां कृपया यह न समझें कि भारत जोड़ो यात्रा पर कुल तीन हजार पांच सौ बीस किमी के सड़क सफर पर उतरे कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की तुलना भगवान कृष्ण के आधुनिक अवतार से की जा रही है। न, खुद राहुल गांधी ही इस तरह की तुलना करने वालों को फुटा सकते हैं, लेकिन देश के हालात पर आखिर किसी सबसे पुरानी पार्टी का प्रमुख नेता चुप रहने का वैचारिक अपराध, तो कर नहीं सकता। जरा रोमांटिक अंदाज में बात कहें, तो कहना पड़ेगा कि पतझड़ के मौसम में एक समझदार दरख़्त इस बात के लिए छाती माथा नहीं कूटा करता कि उसके सरसब्ज बाग बगीचे की दुनिया लुट गई। जैसे ही उस पेड़ पर नए पत्ते वंदनवार की तरह लहराते हैं तो, उस पेड़ के इतराने का ठिकाना नहीं रहता।

एक छोटी सी पट्टी में ही सिमटकर रह गई कांग्रेस यदि अपने आगामी यौवन की संभावना पर फिर मुस्कुराने लगे तो इसमें गलत क्या है ?यह उसका सर्वोपरि संवैधानिक अधिकार है। वाकई राहुल ने भूतकाल में कुछ ऐसी बड़ी भूलें की जिसके कारण पप्पू शब्द उनसे चस्पा कर दिया गया था, लेकिन मीडिया और राजनीति में इतने निचले स्तर पर भी अक्सर गिरने के कई किस्से मशहूर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ही चायवाला कह दिया जाता है। कभी स्वर्गीय इंद्राजी को वो औरत लिखा और कहा गया। सोनिया गांधी को इटली वाली बाई तक कहा गया। इस तरह के विशेषणों से सामान्य तौर पर होता यह है कि आदमी चिड़चिड़ा, गुस्सैल, तुनकमिजाज और आपा खो देने वाला हो जाता है। यह कोई मिथक नहीं बल्कि मनोवैज्ञानिक सच्चाई है। हमारी आखिरी उम्मीद हम खुद हैं और जब तक हम हैं उम्मीदों के सातों आसमां हमारी आंखों में दर्ज रहते हैं। कर्नाटक के मांड्या में जब राहुल यात्रा आई, तो सोनिया गांधी के जूते के फीते बांधते और फिर सोनिया को कार में बैठाते हुए चित्रों ने जो हलचल मचाई तो भाजपा उल्टी सीधी (इस तरह की बातों के लिए इस सत्ता धारी पार्टी के एक सर्व कालिक प्रवक्ता ने, तो सफलता के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं) करने लगती है, जबकि यह असलियत किसी से छिपी नहीं है कि एक ही फोटो, बस एक ही फोटो इतिहास बदल देता है। तुर्रा यह कि यह समां उस सूबे से बदला, जहां भाजपा की सरकार है। वहां से गुजरते हुए राहुल ने तूफानी बारिश में हरेक भाषण में कहा कि देश में कर्नाटक की सरकार भ्रष्ट्राचार के मामले में नम्बर एक पर है। ज्ञात हो कि इस आरोप का कोई आधिकारिक जवाब भाजपा की तरफ से अभी तक तो आया नहीं है। बुजुर्गवार पत्रकार श्रवण गर्ग ने कहा है कि राहुल गांधी की यात्रा से देश में एक क्रांति तक संभव है। कोई जरूरी नहीं कि तख्ता पलट के लिए ही कोई क्रांति हो, सोच, और विचारों में भी एक क्रांति होती है। दीगर बात है कि उक्त क्रांति धीरे धीरे आती है, और जब आती है, तो फिर एक पूरी उम्र जीती है। यही बात लोकतंत्र की पहली इबारत लिखने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति स्व. अब्राहम लिंकन ने कही थी और इसी व्याख्या को हिंदी पत्रकारिता के महानायक स्व. राजेंद्र माथुर ने इस तरह कहा था कि लोकतंत्र कोई लॉटरी नहीं,जो एकदम खुल जाए।



निरंतर प्रयास करते रहने के अलावा कोई दूजा उपाय नहीं है। शायद, इसीलिए श्रवण गर्ग साहब ने यह भी कहा कि यात्रा की समाप्ति के बाद राहुल गांधी शायद ही अपने दिल्ली स्थित स्थाई डेरे पर लौटे ही न। वे सड़कों पर ही शायद आंदोलन करेंगे और दिल्ली दफ्तर एम खड़गे देखेंगे।

अब बात करें महंगाई और बेरोजगारी की तो भाजपा की आधार पीठ राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और उसी से जुड़े अन्य संगठनों ने उक्त दोनों मुद्दों पर भाजपा की जो लगातार क्लास लेनी शुरू की है, उसकी इतिहास में मिसालें नहीं मिलती। कांग्रेस के पके हुए नेता जयराम रमेश का कहना है के संघ भाजपा की अंतरात्मा जगाने का जो प्रयास कर रहा है वह सब कुछ राहुल की भारत जोड़ो यात्रा के असर से पैदा हुई स्थिति है। रमेश जयराम माने हुए अर्थ शास्त्री हैं, लेकिन अक्सर उनके जुमले मिस फायर होते रहे हैं। जैसे उन्होंने ही कभी तमगा दिया था कि प्रियंका गांधी( वढेरा) कांग्रेस का अंतिम हथियार है। सुना है कि प्रियंका भी उक्त यात्रा में अपने भाई का साथ देने के लिए शामिल होने जा रही है। इसे नई उम्मीद के नजरिए से क्यों नहीं देखा जाना चाहिए। इस अक्टूबर दो को सबसे शायद सबसे पहले संघ के सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने और उसी के तत्काल बाद सर संघ चालक डा. मोहन भागवत ने गरीबी, असमानता और बेरोजगारी को लेकर भाजपा का एक तरह से धुंआ उड़ाना शुरू कर दिया। सर कार्यवाह ने भी एक इकानामिस्ट की तरह जुमले में कहें, तो केंद्र सरकार को आईने में उसका चेहरा दिखा दिया। उन्होंने असमानता के साथ बेरोजगारी पर नींद उड़ा देने वाले आंकड़े पेश किए वैसे भी एक अन्य सर्वे में कहा गया है कि देश में पिछले पांच सालों में बेरोजगारी 6.1के उच्चतम स्तर पर जा टिकी है। जाहिर है कि जब काम धंधे ही नहीं होंगे, तो एक आम आदमी क्या कमाएगा, क्या खाएगा ह्हवाला यह भी जरूरी है कि एक वैश्विक संगठन की रिपोर्ट के अनुसार भुखमरी और कुपोषण के मामले में भारत की स्थिति फिर 105 वी है। बांगलदेश और नेपाल तक में इस तरह के हालात नहीं हैं। सर कार्यवाह ने कहा कि देश की मात्र एक प्रतिशत आबादी के पास कुल आय का बीस प्रतिशत है, जबकि 50 फीसद के पास उक्त आंकड़ा मात्र 13 फीसद है। ह्सबोलो के अनुसार चार करोड़ से भी ज्यादा लोगों के पास काम धंधे ही नहीं हैं। उन्हीं के अनुसार श्रम बल सर्वे कहता हैं कि देश में बेरोजगारी दर 7.6 फीसद है। एक केंद्रीय मंत्री तक ने सर कार्यवाह के आंकड़ों और दुःख से सहमति जताई। एक वरिष्ठ पत्रिका में दिए गए उक्त सभी आंकड़ों के साथ संघ के एक बड़े नेता ने कहा कि हम केवल सरकार के विवेक रक्षक हैं, लेकिन सवाल फिर वही है कि लोकनायक स्व. जय प्रकाश नारायण ने आपातकाल के दौरान के कहा था कि जब विनाश आता है, तो सबसे पहले विवेक अथवा बुद्धि काम करना बंद कर देती है। यानी विनाश काले विपरीत बुद्धि और समझदार को इशारा काफी।

## संपादकीय



### जजों की नियुक्ति करेगी सरकार ?

हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जजों की नियुक्ति को लेकर सरकार और सुप्रीम कोर्ट के बीच पिछले कई सालों से तल्खी देखने को मिल रही है। केंद्रीय कानून मंत्री किरण रिजिजू ने न्यायपालिका पर सीधा हमला कर दिया। जनता के लिये न्यायपालिका से कुछ नहीं है। संविधान के अनुसार जजों की नियुक्ति करने का अधिकार सरकार को होना चाहिए। एक माह में दूसरी बार कानून मंत्री ने कॉलेजियम सिस्टम को बदलने की बात कही है। पिछले वर्षों में हाईकोर्ट और सुप्रीमकोर्ट जिस तरह से सरकार के दबाव में दिख रही है। उसके बाद अब यह स्पष्ट रूप से देखने लगा है कि सरकार जल्द ही कानून बनाकर हाईकोर्ट और सुप्रीमकोर्ट के जजों की नियुक्ति का अधिकार अपने हाथ में ले लेगी। हाल ही में प्रधान न्यायधीश और 4 जजों वाले सुप्रीम कोर्ट की कालेज्मि की बैठक में 2 सदस्यों की असहमति होने के बाद सरकार का पक्ष मजबूत होने लगा है। पिछले वर्षो में कॉलेजियम की अनुशंसा का पालन करने में सरकार ने पूरी तरह से कोताही बरती है। उन्हीं जजों को सरकार ने नियुक्त किया है, जिन्हें सरकार चाहती थी। कॉलेजियम ने यदि सरकार की इच्छा के विपरीत किसी ऐसे जज की नियुक्ति की सिफारिश की। उस सिफारिश को सरकार ने कभी भी नहीं माना। ऐसी स्थिति में यदि सरकार जजों की नियुक्ति का मामला अपने हाथ में ले भी ले तो न्याय पालिका की वर्तमान स्थिति में कोई ज्यादा फर्क पड़ने वाला नहीं है। उल्टे न्यायपालिका की विश्वसनीयता जरुर कम होगी। न्यायपालिका खुद अपनी समीक्षा करें। 2014 के पहले न्यायपालिका के निर्णय काफी हद तक दोनों पक्षों को प्रभावित करते थे। पिछले कुछ वर्षो से न्यायपालिका निर्णय कम दे रही है, सलाह ज्यादा दे रही है। जनहित याचिकाओं में जुमार्ना लगाना बहुत जरूरी याचिकाओं पर सुनवाई ना होना हाईकोर्ट और सुप्रीमकोर्ट में सरकार और अन्य पक्ष को अलग अलग तरीके से देखना न्यायपालिका की कमजोरी है। पिछले वर्षो में न्यायपालिका की जो आलोचना जनसामान्य के बीच में हो रही है। 70 वर्षो के इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ, जिस तरह से सरकार ने सुप्रीमकोर्ट और हाईकोर्ट के जजों की निष्पक्षता को प्रभावित करने का काम किया है। न्यायपालिका भी सरकार के दबाव में काम करते हुए नजर आई है। उसके बाद यदि सरकार हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जजों की नियुक्ति करें, तो भी कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है। न्यायपालिका और सरकार के अधिकार को लेकर लगातार सरकार हमले करती रही है। संविधान की बात करें तो संविधान के संरक्षण की जिम्मेदारी न्यायपालिका की है। कार्यपालिका और विधायिका पर न्यायपालिका का अंकुश संविधान निमार्ताओं ने लगाया हुआ है। संविधान के अनुच्छेद 19 के तहत जो मौलिक अधिकार वर्णित हैं। उन अधिकारों का हनन करने वाले कानून एवं नियम बनाने का अधिकार विधायिका के पास नहीं है। यह सही है, कि विधायिका को कानून बनाने की शक्तियां हैं। लेकिन उनकी समीक्षा करने संविधान में वर्णित मौलिक अधिकारों के संरक्षण का अधिकार हमेशा न्यायपालिका के पास है। न्यायपालिका के आदेशों को मानना विधायिका और कार्यपालिका की संवैधानिक जिम्मेदारी है।

# जाति व्यवस्था: भागवत के आह्वान के मायने



अनिल बिहारी श्रीवास्तव

जाति प्रथा की जड़ें जमीं तो छुआछूत की बीमारी लग गई। इन दोनों से हिंदू समाज को बहुत नुकसान हुआ है। महात्मा गांधी और बाबा साहेब अंबेडकर ने छुआछूत के विरुद्ध जागरूकता लाने के लिए सतत प्रयास किए। इसके सुपरिणाम सामने आए। छुआछूत विरोधी कानूनी प्रावधानों का असर भी दिखाई दिया। आज महानगरों के अलावा शहरी और अर्द्धशहरी क्षेत्रों में छुआछूत के कितने मामले सुनाई देते हैं? ग्रामीण इलाकों में कभी-कभार ही इक्का-दुक्का मामला प्रकाश आता है। जाहिर है कि लोगों की बदल रही सोच और कानूनी सख्ती का असर दिखा है। बड़े-बड़े होटलों से लेकर चाय-नाश्ते की टपरियों में जाने वाले कितने लोग सामने वाले की जाति पूछते हैं? बदलते हालात में संघ के एक मंदिर, एक पानी और एक श्मशान अभियान से बचे-खुचे छुआछूत के वायरस कितने दिन टिक पाएंगे। असल चुनौती हिंदू समाज से जाति प्रथा को खत्म करने की है।

जाति प्रथा को उखाड़ फेंकने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत के आह्वान का कोई चमत्कारिक प्रभाव भले ही तत्काल दिखाई न दे लेकिन कालान्तर में इसके सकारात्मक परिणामों की आशा की जा सकती है। नागपुर में एक कार्यक्रम संघ प्रमुख ने साफ शब्दों में कहा कि ह्यहिंदू समाज में जाति व्यवस्था एक पुरानी सोच थी। अब इसे भूल जाना चाहिए। पहले जो गलतियां हो चुकी हैं उन पर ब्राह्मणों को प्रायश्चित कर लेना चाहिए। पूर्वजों की गलतियों को मान लेने में कोई हर्ज नहीं है। भागवत ने कहा, शास्त्रों में ब्राह्मण कर्म से हुआ करते थे, जन्म से नहीं। बाद में ब्राह्मणों को जन्म से माना जाने लगा। शास्त्रों ने भी इस बुराई को स्वीकार कर लिया।ह्य आरएसएस के एक पदाधिकारी के अनुसार विजयादशमी उत्सव के संबोधन के दौरान भागवत ने कहा था कि ह्यएक मंदिर, एक पानी और एक श्मशान सभी हिंदुओं के लिए जब तक खुले नहीं होते, तब तक समता की बात एक सपना ही होगी।ह्य भागवत के आह्वान से साफ है कि आरएसएस के 100 साल पूरे होने पर शताब्दी वर्ष-2025 में सामाजिक समरसता की दिशा में पहले से चल रहे एक मंदिर, एक कुआं(पानी),एक श्मशान अभियान को और गति देकर जातीय भेदभाव उन्मूलन अभियान को मजबूती दी जाएगी। पिछले कुछ दिनों में भागवत ने अनेक अवसरों पर जाति प्रथा के खात्मे का आह्वान किया है। इससे उम्मीद जागी है। अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी जीतेंद्रानंद सरस्वती ने संघ प्रमुख के आह्वान का स्वागत किया है। स्वामी जीतेंद्रानंद सरस्वती ने जाति प्रथा से जुड़ा बड़ा सच रखा। उनके अनुसार सनातन परम्परा में जाति व्यवस्था नहीं, वर्ण व्यवस्था थी। वह भी जन्म के आधार पर नहीं, गुरुकुल में शिष्यों के आचरण के आधार पर तय होती थी। समय के साथ इसमें विषमता आती गईं। आरक्षण से इसे बढ़ावा दिया गया। अब जाति का प्रमाण पत्र गुरुकुल नहीं, प्रशासन बांट रहा है। भागवत के आह्वान का स्वागत राकांपा नेता शरद पवार ने भी किया है।

लगभग तीन हजार सालों से जड़ें जमाये बैठी जाति प्रथा पर विचार करने से पहले वर्ण और जाति को समझना होगा। वर्ण चार माने गए हैं-ब्राह्मण, क्षत्री, वैश्य और शूद्र। ब्राह्मण में पुजारी और शिक्षक वर्ग को रखा जाता था। क्षत्री में राजा और योद्धा होते थे। वैश्य में व्यापारी जाति और किसान तथा शूद्र में श्रमिक होते थे। इनमें सभी का अपना महत्व था, ना कोई किसी से कम और ना कोई किसी से ज्यादा। जाति एक बड़ा जटिल सामाजिक समूह है। ऐसा माना जाता है कि भारत में तीन हजार जातियां और पच्चीस हजार उपजातियां है। जातियों की अवधारणा को लेकर विद्वानों के विचार भिन्न-भिन्न रहे हैं। जातियों पर स्पष्ट बात कभी सामने नहीं आई। मौटे तौर पर माना गया कि काम की जिम्मेदारियों के आधार पर इन्हें तय कर लिया गया। एक बुराई यह आ गई कि एक वर्ग स्वयं को अन्य से बेहतर मान बैठा। उसे दूसरों से पवित्र होने का भ्रम हो गया। यहीं से भेदभाव और ऊंच-नीच का खेल शुरू हुआ। योग गुरू और आध्यात्मिक आख्याता सद्गुरू जग्गी वासुदेव कहते हैं, ह्यश्रम के विभाजन को ध्यान में रख कर जाति प्रणाली शुरू हुई थी। समय के साथ श्रम-विभाजन लोगों से भेदभाव का कारण बन गया। लोग एक-दूसरे के विरूद्ध काम करने लगे। श्रम विभाजन में आई बुराई पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित होती चली गई। उदाहरण के लिए, एक सुनार सोचने लगा कि वह चर्मकार से श्रेष्ठ है।ह्य सद्गुरू सवालिया अंदाज में कहते हैं, ह्यचर्मकार से सुनार कैसे श्रेष्ठ हो सकता है? जबकि चर्मकार समाज के लिए अधिक उपयोगी काम करता है। श्रेष्ठता का भाव बढ़ता चला गया। इसका खराब प्रभाव उसी स्तर पर जा पहुंचा जैसा रंगभेद के मामलों में देखा जाता है। आज कौशल हस्तांतरित नहीं हो पा रहा है। कौशल का महत्व बताएं और इसे सभी को दें तो जाति प्रणाली की प्राकृतिक मौत होने में कितनी देर लगेगी?ह्ल

जाति प्रथा की जड़ें जमीं तो छुआछूत की बीमारी लग गई। इन दोनों से हिंदू समाज को बहुत नुकसान हुआ है। महात्मा गांधी और बाबा साहेब अंबेडकर ने छुआछूत के विरूद्ध जागरूकता लाने के लिए सतत प्रयास किए। इसके सुपरिणाम सामने आए। छुआछूत विरोधी कानूनी प्रावधानों का असर भी दिखाई दिया। आज महानगरों के अलावा शहरी और अर्द्धशहरी क्षेत्रों में छुआछूत के कितने मामले सुनाई देते हैं? ग्रामीण इलाकों में कभी-कभार ही इक्का-दुक्का मामला प्रकाश आता है। जाहिर है कि लोगों की बदल रही सोच और कानूनी सख्ती का असर दिखा है। बड़े-बड़े होटलों से लेकर चाय-नाश्ते की टपरियों में जाने वाले कितने लोग सामने वाले की जाति पूछते हैं? बदलते हालात में संघ के एक मंदिर, एक पानी और एक श्मशान अभियान से बचे-खुचे छुआछूत के वायरस कितने दिन टिक पाएंगे। असल चुनौती हिंदू समाज से जाति प्रथा को खत्म करने की है। अनेक विद्वान मानते हैं कि ब्रिटिशराज में जाति प्रथा ने अधिक जोर पकड़ा था। यह अग्रेजों की फूट डालो-राज करो रणनीति का हिस्सा था। उस दौरान छावनी क्षेत्रों की सिविल बस्तियों में जाति के नाम से मोहल्ले बसाये जाते थे। राहत की बात यह रही कि आजादी के बाद खासकर हाल के दशकों में शिक्षा के प्रसार और तेजी से हुए शहरीकरण से जातिवादी भावना में कमी दिखाई देने लगी। अनेक शहरों में भिन्न-भिन्न जातियों के लोग अगल-बगल में रहते हैं। अंतरजातीय विवाह होने लगे हैं जो किसी जमाने में कभी-कभार ही देखे जाते थे। जाति का आग्रह टूटने लगा है। कुछ दक्षिणी राज्यों में लोग सिर्फ एक नाम रखने लगे है। बिहार में बड़ी संख्या में लोग ऐसे नाम रखने लगे हैं जिनसे उनकी जाति का अनुमान आसान नहीं होता। फिर भी एक कटु सत्य यह है कि करोड़ों लोग जाति का मोह त्याग नहीं पा रहे। अधिकांश राज्यों, विशेषकर हिंदी भाषी राज्यों में जाति-जुटता को दबाव बनाने के हथियार की तरह इस्तेमाल किया जाने लगा है। सत्ता और सुविधाओं लेने के लिए जाति का इस्तेमाल होता है। समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता का ढिंढोरा पीटने वाले ज्यादातर राजनेता अप्रत्यक्ष रूप से जातिवाद की राजनीति ही करते हैं। उनकी जातिवादी राजनीति का घिनौना रूप अक्सर सामने आ जाता है। इससे जाति प्रथा से उत्पन्न खाई को पाटने की कोशिश को झटका लगता है। जातीय समाज/संगठनों की आड़ में लोगों को बरगलाया जाता है। ऐसे नजारे प्रायः जातीय संगठनों के आयोजनों में दिखाई दे जाते हैं।

साल डेढ़-साल पहले की बात है। मध्यप्रदेश के विदिशा जिले में बायपॉस रोड से गुजरते समय नजर ओवरटेक कर आगे निकली एक लक्जरी सिडान की पिछली नंबर प्लेट पर नजर पड़ी। उस पर नंबर के बजाय अंग्रेजी के बड़े-बड़े अक्षरों में यादव लिखा था। यह डंके की चोट पर नियमों का उल्लंघन था। क्या इसे देखने वाला कोई नहीं है? क्या किसी पुलिस वाले या आरटीओ अधिकारी की नजर इस पर नहीं पड़ी? या फिर, कार मालिक रुतबे के कारण उस पर कार्रवाई से बचा गया? बड़ा सच यह है कि यह देशव्यापी बीमारी है। उद्देश्य जाति का रौब गांठना या ठसक दिखाना मात्र होता है। पौने दो साल पहले उत्तरप्रदेश में परिवहन विभाग के एक अधिकारी ने कहा था कि वाहन की नंबर प्लेट या वाहन पर जाति/बिरादरी की पहचान उजागर करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। ऐसे सैंकड़ों वाहनों की धमाचौकड़ी आज भी यूपी की सड़कों पर देखी जा सकती है। धर्म गुरुओं और सामाजिक संगठनों को समझना होगा कि जाति के प्रति मोह बहुसंख्यक समाज की एकता में सबसे बड़ा रोड़ा है। इसका हटना जरूरी है। एक समाजसेवी का कहना है, सौ साल पहले जब छुआछूत के विरूद्ध सुधार अभियान शुरू किया गया था उसी दौर में यदि जाति प्रथा के विरूद्ध प्रयास किए जाते तो आज हालात अलग होते। आज आरएसएस ने बीड़ा उठाया है, उसके प्रयासों को धर्मगुरूओं का समर्थन मिलना जरूरी है। यह सनातन संस्कृति और धर्म दोनों के लिए बड़ा योगदान होगा। जातिवाद को खत्म करने के लिए जरूरी है कि जाति शब्द का उपयोग न्यूनतम किया जाए। अंतरजातीय विवाहों को बढ़ावा दें। सामाजिक-सांस्कृतिक असमानता दूर हो। यह काम धार्मिक और सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी से संभव है। कड़वा सच यह है कि समानता लाने की सरकारी नीतियों का उद्देश्य भले ही अच्छा रहा हो लेकिन इस दवा का साइड इफैक्ट गहराते जातिवाद के रूप में सामने आ रहा है। जाति व्यवस्था खत्म करने में यदि मोहन भागवत सफल हो पाए तो वाकई उनकी स्थिति राष्ट्रपिता और राष्ट्रऋषि जैसी होगी। वैसे भी भागवत को मुस्लिम समाज के प्रभावशाली धर्मगुरु डा.उमेर अहमद इलियासी राष्ट्रपिता और राष्ट्रऋषि बता चुके हैं।

# (भाजपा v/s आप) पूर्वाग्रही राजनीतिः कॉंग्रेस के नक्शे-कदम पर भाजपा....?



ओमप्रकाश मेहता

भारत की राजनीति का अब जनसेवा या देश सेवा से दूर का भी वास्ता नहीं रहा, अब तो सत्ता सिर्फ और सिर्फ ह्यदीर्घजीवीह्ल और ह्यस्वार्थ सिद्धीह्ल का साधन मात्र बन गई है और इन दोनों राजनीतिक उद्धेश्यों की पूर्ति के लिए पूर्वाग्रह का परिपोषण जरूरी है और उसी रास्ते पर आज की राजनीति अग्रसित है, आज जो भी सत्ता में होता है, वह वही करता है जिसे कॉंग्रेस ने साठ साल सत्ता में रहकर किया अर्थात एक-दूसरे का चीर हरण और पूर्वाग्रही राजनीति। आज भी वही परम्परा जारी है, जिसका जीता जागता उदाहरण सत्तारूढ़ भाजपा पार्टी का केन्द्र सरकार द्वारा गुजरात के मैदान में सामने आई आम आदमी पार्टी के साथ पूर्वाग्रही राजनीतिक चाल। गुजरात चुनाव में जाकर अरविंद केजरीवाल ने मजबूती से ताल क्या ठोंकी, उनकी पार्टी व उनके नेताओं पर आफतों की बरसात शुरू हो गई और उन्हें जेल का रास्ता दिखाने की तैयारी शुरू हो गई।

केन्द्रीय सरकारी खूफिया सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गुजरात चुनावों की संभावनाओं को लेकर केन्द्र सरकार को हाल ही में एक सर्वेक्षण रिपोर्ट मिली है, जिसमें बताया जा रहा है कि मोदी जी और उनकी भाजपा के मुकाबलें अरविंद केजरीवाल की अपील और दलीलें वहां ज्यादा भारी पड़ रही है, यद्यपि मोदी जी ने गुजरात सहित सभी चुनावी राज्यों की चुनावी बागडोर केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह को सौंप दी है और उन्होंने हिमाचल से उसकी शुरूआत भी कर दी है, मध्यप्रदेश में भी रविवार को आयोजित हिन्दी में मेडिकल की पढ़ाई अभियान की शुरूआत का आयोजन भी उसी उद्धेश्य की भेंट चढ़ गया, लेकिन अब यह तय हो गया है




कि अब 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव व उसके पहले होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों का पूरा दारोमदार अमित शाह पर ही केन्द्रीत रहेगा और उन्हीं के निर्देशन में अब भाजपा का ह्यह्यचक्रवर्ती सम्राटह्लह्ल बनने का अभियान चलेगा, भाजपा तथा मोदी- अमित शाह का यही एक सपना है कि वे व उनकी पार्टी देश के सभी राज्यों पर ह्यएक छत्रह्ल राज करें और ये दोनों नेता ह्यचक्रवर्ती सम्राटह्ल बन देश पर राज करें.... और इस महत्वाकांक्षा की पूर्ति हेतु राजनीति के ह्यसाम-दाम-दण्ड-भेदह्ल जो भी साधन अपनाना पड़े, वे जायज ही कहे जाएगें, पूर्वाग्रही राजनीति भी इसी का एक अविभाज्य अंग है, जिसे अपनाने को मोदी-शाह मजबूर है, फिर मोदी-शाह के लिए गुजरात के चुनाव उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है, यदि वहां गैर भाजपा किसी दल का कब्जा होता है तो वह दोनों सर्वोच्च नेताओं की आन-बान-शान के खिलाफ होगा, इसलिए येन-केन-प्रकरण आप व उसके नेताओं को शिकंजे में लेना शुरू कर दिया गया है, जिसकी शुरूआत आप के दूसरे क्रम के बड़े नेता मनीष सिसोदिया से शुरू हो गई है, संभव है सीबीआई में उनकी आजकी पेशी के बाद आबकारी नीति के आरोप में उन्हें गिरफ्तार भी कर लिया जाए, जैसी की अरविंद केजरीवाल की आशंका है। यहाँ यह स्मरणीय होगा कि केन्द्र की भाजपा सरकार ने दिल्ली सरकार की बहुचर्चित आबकारी नीति के तहत शराब के बड़े ठेकेदारों को 144 करोड़ 35 लाख का लाभ पहुंचाने का अरोप लगाया है और केन्द्रीय जांच ब्यूरों (सीबीआई) से उसकी जांच भी शुरू करवा दी गई है और दिल्ली सरकार के आबकारी मंत्री मनीष सिसोदिया जी की सीबीआई के सामने पहली पेशी भी हो चुकी है।

यहाँ मूल रहस्यमयी बात यह भी है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व अमित शाह को उनकी केन्द्र सरकार के नाक के नीचे दिल्ली में गैर भाजपाई सरकार पच नहीं रही है, क्योंकि उनकी निदेर्शों का पालन दिल्ली में ही नहीं हो पा रहा है और जहां तक आम आदमी पार्टी का सवाल है, वह दिल्ली के बाद पंजाब में तो काबिज हो ही गई अब गोवा-गुजरात जेसे राज्यों पर भी कब्जा करने की जुगत में है, इसीलिए अब भाजपा के लिए कांग्रेस नहीं बल्कि आम आदमी पार्टी ह्यह्यदुश्मन नम्बर वनह्लह्ल हो गई है, इसलिए अब भाजपा की नजर कांग्रेस पर नहीं ह्यआपह्ल पर है, किंतु आप से निपटने के लिए हथकण्डे तो कांग्रेसी ही अपनाए जा रहे है, इसके लिए किया क्या जाए, अब तो प्यार व युद्ध की तरह राजनीति में भी सब जायज जो है?

इस प्रकार अब देश में कुल मिलाकर सत्ता की राजनीति केन्द्र में सत्तारूढ़ भाजपा और नए सिरे से उभरती जा रही आम आदमी पार्टी पर ही केन्द्रित होकर रह गई है और देश की वयोवृद्ध कांग्रेस पार्टी अपने बुढ़ापे के दर्द सहन करने को मजबूर है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा विवेक पब्लिशर्स, ए 16, सेक्टर 7, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, से मुद्रित एवं 203 एफ 32, विजय ब्लॉक लक्ष्मी नगर, दिल्ली -11 00 92 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाएगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। मो.: 8700635881, आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266

## संक्षिप्त समाचार

### शराब के नशे में हंगामा कर रहे दो नशेड़ी गिरफ्तार, जुमार्ने के लिए भेजा गया कोर्ट

मदरलैण्ड संवाददाता, छपरा। थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग जगहों से पुलिस ने शराब के नशे में हल्ला-हंगामा कर रहे दो नशेड़ियों को गिरफ्तार किया है। मामले की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष मोहम्मद शोएब आलम ने बताया कि चंचलिया गांव निवासी मोहम्मद फारुख शराब के नशे में हल्ला-हंगामा कर रहा था। जिससे आसपास के लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। स्थानीय लोगों के शिकायत पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। वही पचभिंडा गांव में शराब के नशे में हंगामा कर रहे एक नशेड़ी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार नशेड़ी मोतिहारी जिले के डुमरिया घाट पकड़ी बाजार निवासी मनोज सहनी है। इधर पुलिस गिरफ्तार दोनों नशेड़ियों को जुमार्ने के लिए बुधवार को छपरा कोर्ट भेज दी है।

### घटना और दुर्घटना में एक महिला समेत दो घायल

मदरलैण्ड संवाददाता, छपरा। थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग जगहों पर घटना और दुर्घटना में एक महिला समेत दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पचभिंडा गांव में आपसी विवाद को लेकर साभा देवी को मारपीट कर घायल कर दिया गया है। वही चंचलिया गांव निवासी मोहन सिंह सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए है। घायल सभी व्यक्तियों का प्राथमिक उपचार रेफरल अस्पताल तरैया में किया गया है। इधर मारपीट मामले में पीड़ित पक्ष द्वारा स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस शिकायत के आधार पर मामले की छानबीन में जुट गई है।

### चोरी से बिजली जला रहे आधा दर्जन लोगों को जेई ने पकड़ा, सभी लोगों पर जुमार्ना के साथ प्राथमिकी दर्ज

मदरलैण्ड संवाददाता, छपरा। थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों पर चोरी से बिजली जला रहे आधा दर्जन लोगों को बिजली विभाग के अधिकारियों ने पकड़ा है तथा उन पर प्राथमिकी दर्ज कराते हुए विभागीय कार्रवाई के लिए जुमार्ना लगाया है। इस सम्बंध में विद्युत आपूर्ति परिक्षेत्र तरैया के कनीय अभियंता पंकज कुमार ने तरैया थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें कहा गया है कि वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर गुप्त सूचना के आधार पर क्षेत्र में चोरी से बिजली जला रहे आधा दर्जन लोगों को रंगेहाथों पकड़ा गया तथा उनलोगों पर जुमार्ना लगाते हुए विभागीय कार्रवाई की गई है। जेई ने बताया कि पिपरा गांव निवासी रामचंद्र राय पर 15966 रुपये, सिरमी गांव निवासी राजनारायण राय पर 6343 रुपये, सिरमी टोला निवासी विरेंद्र राय पर 12400 रुपये, पिपरा निवासी रंजीत सिंह पर 13646 रुपये, पोखरेड़ा निवासी पिंटू कुमार पर 1147 रुपये तथा चैनपुर निवासी गजेंद्र सिंह पर 7108 रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। ये सभी लोग बिना विद्युत कनेक्शन लिए ही अवैध रूप से चोरी से टोका फंसाकर बिजली का उपयोग कर रहे थे। इधर पुलिस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### पुलिस ने छापेमारी कर सात लीटर देसी चुलाई शराब किया बरामद एक धंधेबाज गिरफ्तार, गिरफ्तार धंधेबाज ने चौकीदार के साथ की बदसलूकी

मदरलैण्ड संवाददाता, छपरा। थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग जगहों से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर सात लीटर देसी चुलाई शराब बरामद किया है। इस संबंध में एएसआई उमेश चंद्र सिंह ने तरैया थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की है। जिसमें कहा गया है कि गुप्त सूचना मिली की फेनहरा घोघा मोड़ के पास भोला नट अपने घर में पॉलिथीन के पाउच में शराब पैक कर रहा है। जिसके बाद वहां छापेमारी किया तो पुलिस को देखते ही वह एक प्लास्टिक का थैला खेत में फेंककर भागने लगा। जिसका पुलिस बल द्वारा पीछा किया गया लेकिन वह भागने में सफल रहा। जब उसके पॉलीथिन को जांच किया गया तो तीन लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया गया। वही सूचना मिली कि फरीदपूरा गांव में संदेश कुमार अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर घर पर शराब का पाउच बना रहे हैं। जब वहां छापेमारी किया तो एक महिला और एक लड़की एक गैलन से शराब को नहर में पलट कर गिरा दी और एक लड़का गैलन लेकर भागने लगा। जिसे पुलिस बल द्वारा खदेड़कर पकड़ा गया। जो कि उस गांव का संदेश कुमार है। जब उसके हाथ में लिए गैलन को चेक किया गया तो चार लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया गया। जिसके बाद पुलिस संदेश कुमार को गिरफ्तार कर ली और थाने लेकर आ रही थी कि उसी दौरान संदेश कुमार चौकीदार का कॉलर पकड़कर धक्का-मुक्की करने लगा और गाली गलौज करते हुए बदतमीजी पर उतारू हो गया। इस दौरान संदेश कुमार की मां प्रमिला देवी है और बहन मोना कुमारी ने भी गाली देते हुए शराब के केस में अपने पुत्र को गिरफ्तार करने पर एससी एसटी के मुकदमे में फंसाने की धमकी देने लगी। पुलिस मामले में सभी आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार संदेश कुमार को बुधवार को छपरा जेल भेज दी है।

### सुल्तान पोखर तथा कोठी हाट नहर छठ घाट का डीएम ने किया निरीक्षण



मदरलैण्ड संवाददाता, अररिया। जिला पदाधिकारी श्रीमती इनायत खान द्वारा आज छठ पर्व को लेकर नगर परिषद अररिया क्षेत्र अंतर्गत बस स्टैंड नहर पुल के पास, त्रिसुलिया घाट नदी, महावीर मंदिर हरियाली घाट एवं फारबिसगंज स्थिति सुल्तान पोखर तथा कोठी हाट नहर छठ घाट का निरीक्षण किया गया। इस क्रम में जिलाधिकारी द्वारा संबंधित नगर कार्यपालक पदाधिकारी को छठ घाटों तक पहुंच पथ, साफ-सफाई, रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था, गहरे छठ घाटों को चिन्हित करने, आदि को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। साथ ही संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि छठ पर्व की पूर्व तैयारी को लेकर सभी आवश्यक तैयारी ससमय सुनिश्चित करें। वही विभागीय निदेश के आलोक में जिलास्तरीय अनुमंडलस्तरीय, प्रखंडस्तरीय पदाधिकारियों द्वारा आज दिनांक 19.10.2022 (बुधवार) को अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत छठ घाटों की तैयारी की जाँच किया गया। जिला पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में प्रखंड के वरीय प्रभारी संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं पर्यवेक्षीय पदाधिकारियों के साथ प्रखंड क्षेत्र के मुख्य घाट/नदी/तालाब का निरीक्षण किया गया। इसी प्रकार सभी कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद एवं नगर पंचायत अपने शहरी क्षेत्र का निरीक्षण कर, सभी मुख्य घाटों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित किया जा रहा है। संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी, अररिया एवं फारबिसगंज द्वारा भी अपने अनुमंडल क्षेत्र के मुख्य घाट/नदी/तालाब का निरीक्षण किया गया।

## 15 सूत्री मांग को लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने दिया धरना



» मदरलैण्ड संवाददाता

बेगूसराय। आज प्रखंड मुख्यालय तेघरा में पूर्व सूचना के अनुरूप भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं नेबाढ़ पीड़ित को रहतकिसानो के सभी कृषि ऋण माफ करने,जनवितरण में वव्याप्त भ्ष्टार्चार शहीत 15 सूत्रीय मांग को लेकर प्रखंड मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना दिया। इस धरना में मुख्य रूप से तेघरा अंचल में अंचलाधिकारी की नियुक्ति एवं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में किसानों के सैकड़ों एकड़ डूबे हुए फसलों के मुआवजा देने और पीडीएस में डीलरों के द्वारा की जा रही मनमानी के विरोध में तथा लगातार बिजली बिल का जिस प्रकार से काफी अधिक रकम बढ़ाकर उपभोक्ताओं को बिल दिया जाता है इन तमाम चीजों को लेकर धरना का आयोजन किया गया। इस धरना को संबोधित करते हुए किसान नेता दिनेश सिंह ने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी लगातार दबे, कुचले, पिछले, गरीबों की हकमारी की लड़ाई लड़ती रही है और आज जिस प्रकार से तेघरा प्रखंड एवं अंचल में व्यापक पैमाने पर धांधली मची हुई है और आधिकारिक तानाशाह के बाद किसान और गरीब त्राहिमाम कर रहे ,इसके लिए आज इस धरना का आयोजन किया गया है क्योंकि तेघरा अंचल का आधा से अधिक हिस्सा गंगा के किनारे बसा हुआ है और पिछले 2 महीने में लगातार दूसरी बार जिस प्रकार गंगा के जल स्तर में वृद्धि हुई है उससे किसानों के लिए रोटी रोटी के मोहताज की बात आ गई है और अधिकारी अपने आप में मस्त हैं। कोई देखने के लिए भी नहीं आते तेघरा अंचल को तो भरना लगाकर छोड़ दिया गया है बैसाखी के सहारे बरौनी के अंचल अधिकारी को प्रतिनियुक्त कर दिया गया है।वह मनमाने ढंग से कभी आते हैं कभी नहीं आते हैं।डीलरों के द्वारा भी इसी प्रकार मनमानी की जा रही है और व्यापक पैमाने पर जब डेंगू का खतरा पूरे नगर में व्याप्त है ,उस स्थिति में भी एक भी दिन किसी भी पंचायत में फागिंग नहीं कराई गई है जो अपने आप में एक मृतप्राय प्रशासन का संकेत दे रही है। इस धरना में इस धरना सनातन सिंह, दिनेश सिंह ,परमानंद सिंह, भूषण सिंह ,रविंदर सिंह ,हसमत कुमार बालाजी,छात्र नेता पिंटू शहीत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मार्क्सवादी कार्यकर्ता का पँचायत सम्मेलन



» मदरलैण्ड संवाददाता

बेगूसराय। मार्क्सवादी किसान सभा का पंचायत स्तरीय बरौनी पंचायत 2 का पंचायत सम्मेलन किया गया जिसकी अध्यक्षता कामरेड उमेश झा और कॉमरेड जामुन पासवान ने की। हीरा देवी ने झंडोत्तोलन किया।उसके बाद एक शोक प्रस्ताव पारित कर सीपीआईएम के पोलित ब्यूरो सदस्य केडीआर बालकृष्णन एवं स्थानीय सदस्य कॉमरेड विनय चौधरी कामरेड ,दिनेश प्रसाद सिंह किशनपुर,और कॉमरेड अर्जुन पासवान को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।सम्मेलन के उद्घाटन में कॉमरेड गणेश चौरसिया ने गंगा में आई बाढ़ से फसल नुकसान की चर्चा की और और सरकार से किसानों को मुआवजा देने की मांग की।रामचन्द्र गुप्ता ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि मोदी सत्कार किसानों और खेत मजदूर को पूरी तरह उपेक्षा कर रही है।हिन्दू और मुसलमानों के बीच सिर्फ नफरत फैलाने की काम कर रही है।सम्मेलन में राधे पासवान, कपूरी देवी और अन्य लोगों ने अपना विचार रखा। सम्मेलन में सर्वसम्मति से 11 सदस्य कमेटी का चुनाव हुआ जिसके अध्यक्ष प्रमोद पासवान,उपाध्यक्ष राजेश पासवान सचिव ललन पासवान उपसचिव अमोली देवी और कोषाध्यक्ष जगदीश पासवान को चुना गया इसके अलावा रोना देवी राजेश दास राजू पासवान और गरीब दास को कार्यकारिणी समिति रुणा देवी,राजू पासवान,जनों पस्वानको कार्यकारणी सदस्य मनोनीत किया गया।

## भाकपा कार्यकताओं ने विभिन्न जन समस्याओं को लेकर प्रखंड कार्यालय के समक्ष दिया धरना



» मदरलैण्ड संवाददाता

बेगूसराय। बुधवार को भाकपा कार्यकताओं ने क्षेत्र की विभिन्न जन समस्याओं को लेकर प्रखंड सह अंचल कार्यालय खोदावन्दपुर के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया. आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता भाकपा नेता कृष्ण नारायण सिंह ने की. इस मौके पर धरना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी के अनुमंडल प्रभारी राम पदारथ सिंह ने खोदावंदपुर अंचल को सुखार क्षेत्र घोषित करने, किसानों का कर्ज माफ करने, जरूरतमंद किसानों को केसीसी ऋण देने तथा उन्हें उचित मूल्य पर ससमय खाद व बीज उपलब्ध करवाने की मांग की. वहीं अंचलमंत्री उदयचन्द्र झा ने खोदावन्दपुर प्रखंड क्षेत्र के बन्द पड़े राजकीय नलकूपों को चालू कराने, गलत बिजली बिल में सुधार करने, भूमिहीनों को बासगीत पर्चा देने, दौलतपुर में नवनिर्मित सड़क के टूट जाने के मामले की जांच करवाने, बरियारपुर पूर्वी पंचायत में पोखर उड़ाही कार्य में हुई धांधली की जांच किए जाने, बेरोजगार युवाओं को रोजगार की व्यवस्था करने की बात कहीं. मौके पर भाकपा नेता नंदलाल महतो, अशर्फी पासवान, अनिल दास, राजकुमार पासवान, रामकुमार शर्मा, संजीव कुमार सिंह, रामचन्द्र महतो, रामाशीष महतो, उपेंद्र महतो, जानकी वल्लभ प्रसाद सिंह, कामेश्वर महतो, जय नारायण पासवान सहित अनेक कार्यकताओं ने भी अपना अपना उदगार व्यक्त किया. धरनार्थियों के शिष्यमंडल ने अपनी मांगों से संबंधित स्मार पत्र बीडीओ को समर्पित किया. धरना कार्यक्रम में सागी, दौलतपुर, बाड़ा, बरियारपुर पश्चिमी, फफौत, बरियारपुर पूर्वी, खोदावन्दपुर एवं मेघौल पंचायत क्षेत्र के दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे.

## अवैध राशन कार्ड के विरुद्ध कार्यवाही शुरू




» मदरलैण्ड संवाददाता

बेगूसराय। तेघरा अनुमंडल पदाधिकारी, राकेश कुमार ने तेघरा प्रखंड स्थित आरटीपीएस काउंटर का किया औचक निरीक्षण। निरीक्षण का मूल कारण वर्तमान में खाद आपूर्ति विभाग के द्वारा जो राशन कार्ड निर्गत किया जाता है ,उसमें कुछ लाभुकों के राशन कार्ड के लिए आवेदन एवं निर्गत में धांधली की आशंका के बाद यह कार्रवाई हुई। जब अनुमंडल पदाधिकारी राशन कार्ड के स्वीकृति का आवेदन देख रहे थे तो उसने तेघरा एवं भगवानपुर प्रखंड के कुछ आवेदन कार्डो में गड़बड़ी पाई, जिसके बाद से उन्होंने स्वयं आरटीपीएस काउंटर पर जाकर इसकी जांच की एवं संबंधित व्यक्तियों से कड़ी पूछताछ की गई है।वही अधिकार के तरफ से कहा गया कि यदि आप लोग सही नहीं बताएंगे तो हम जिला स्तर के अधिकारियों से इसकी जांच कराएंगे एवं जो दोषी पाए जाएंगे उन पर कार्रवाई होगी। कोरोना काल के बाद से जिस प्रकार लगातार राशन कार्ड के लाभ लेने के लिए आवेदकों की संख्या बढ़ी है, जिसमें व्यापक पैमाने पर नए आवेदकों ने अपना आवेदन जमा किया हालांकि इसमें जांच के क्रम में यह पाया गया कि पूर्व में ही कुछ लोग ऐसे हैं जिनका राशन कार्ड में नाम है वह लोग भी अपने मन से अलग कर के नए राशन कार्ड के लिए आवेदन कर दिया।वहीं से आवेदनों को से चिन्हित करके और अस्वीकृत किया गया साथ ही कुछ ऐसे लोग जो सही आवेदक थे जिन्हें की राशन कार्ड निर्गत किया जा रहा है, हालांकि इस पूरे प्रकरण में जिस समय अनुमंडल पदाधिकारी निरीक्षण कर रहे थे कई कर्मचारियों के पसीने छूट रहे थे देखने से यह स्पष्ट हो रहा था कि कुछ ना कुछ जरूर ह्व दालमें काला है ह्व इस पूरे जांच प्रकरण में दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी तेघरा ,संदीप कुमार पांडे भी मौजूद रहे वही तथ्यगत जानकारी देने के लिए आरटीपीएस के कर्मी अभिषेक कुमार और नरोत्तम कुमार मौजूद रहे।

## छौड़ाही में पर्व के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित



- दीपावली से लेकर छठ तक शान्तिपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील
- बिना लाइसेंस पटाखा बेचने वाले दुकानदार पर होगी कार्रवाई

» मदरलैण्ड संवाददाता

बेगूसराय। छौड़ाही आदर्श प्रखंड मुख्यालय सभागार में बुधवार को दीपावली, काली पूजा तथा छठ पर्व के मद्देनजर विधि व्यवस्था बनाए रखने हेतु शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बीडीओ रवि कुमारी की अध्यक्षता में आहूत की बैठक में प्रखंड के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी तथा काली पूजा समिति के लोग शामिल हुए। बैठक में शामिल मंझौल एसडीएम ई मुकेश कुमार ने कहा कि दिपावली के पर्व पर बिना लाइसेंस पटाखा बेचने पर पाबंदी लगाई गई है। इसका उल्लंघन करने वाले पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होनें पटाखा बेचने वाले दुकानदारों से लाइसेंस बनवा लेने की अपील की। सीओ विजय प्रकाश ने कहा कि किसी भी विवादित स्थल पर मूर्ति की स्थापना नहीं करें। साथ ही काली पूजा करने वाले पूजा समिति लिखित सूचना देकर लाइसेंस प्राप्त कर तय समय पर प्रतिमा का विसर्जन करें। ओपी अध्यक्ष राघवेंद्र कुमार ने कहा कि काली पूजा व विसर्जन जुलूस में डीजे बजाने पर पूर्णतः पाबंदी रहेगी। दीपावली से छठ पर्व के दौरान असमाजिक तत्वों पर भी पुलिस निगरानी रखेगी और शिकायत मिलते ही ऐसे लोगों पर पुलिस सख्त से सख्त कार्रवाई करेगी। बैठक में अधिकारियों छठ के पर्व को देखते हुए छठ घाटों की साफ-सफाई, चिन्हित खतरनाक घाटों पर बैरिकेडिंग लगाने समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा करते हुए सभी पर्व शान्तिपूर्ण माहौल में मनाने की अपील बैठक में उपस्थित लोगों से की। मौके पर पुलिस निरीक्षक दीपक कुमार, बीपीआरओ सुजीत कुमार, आरओ पूजा शर्मा, मुखिया रामप्रीति ठाकुर, रामसेवक पासवान, रोहित कुमार, पंकज दास, पंसस महेश्वर सहनी, रंजू कुमारी, ललिता देवी, सरपंच मो मिस्बाहउद्दीन, मो अजमत अली, भाजपा नेता रामकुमार वर्मा, समाजसेवी अरूण पासवान, गंगा विशुन महतो, शेख फूलहसन, निगम कुमार यादव, अरुण यादव, संजय पासवान, अनिल यादव, दानिश आलम, रामपदारथ राय, उमेश प्रसाद, वीरेश्वर चौरसिया समेत अन्य जनप्रतिनिधि एवं समाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जद यू प्रदेश उपाध्यक्ष का लोगों ने किया स्वागत

» मदरलैण्ड संवाददाता



सिमराहा। फारबिसगंज प्रखंड स्थित रेणुगांव औराही हिंगना में बुधवार को पूर्व विधायक पदम पराग राय वेणु के जद यू प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। स्थानीय स्तर पर आयोजित सम्मान समारोह में जद यू के कई नेता, कार्यकर्ता व स्थानीय लोग शामिल हुए। सम्मान समारोह के दौरान जद यू नेताओं व कार्यकताओं ने फूल माला, अंग वस्त्र व बुके प्रदान कर नव नियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष का स्वागत किया। अयोजित समारोह के दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि जद यू कार्यताओं के स्वागत से वे काफी अभिभूत है। पार्टी ने उन्हें पूरे प्रदेश में कार्य का मौका दिया है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष को बधाई दी। उन्होंने कहा की पार्टी ने जो भरोसा दिया है उस पर खरा उतरने का उनका भरपूर प्रयास रहेगा। जद यू की सदस्यता अभियान पर उनका जोर रहेगा। इस मौके जद यू के श्रम एवं तकनीकी प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव, तकनीकी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष संजय राय, जद यू नगर अध्यक्ष गुड्डू अली ने कहा की इनके प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर मनोनयन से पार्टी को काफी बल मिला है। मौके पर पवन मिश्र, मुखिया प्रतिनिधि आफताब आलम, नौमान आलम, मो. अबुल, मो. मुश्ताक, अखलेश यादव, लक्ष्मी यादव, विजय मंडल, शिव नारायण मंडल, अकबर अली, गोपाल मंडल, मुर्शीद आलम, लिखमन मंडल, जरीना खातून,निशांतकर धानुक, अनुराग राय, हसीना खातून सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## ऐजनी-बेंगा सुनसान मोड़ पर अपराधियों ने दिनदहाड़े बाइक सवार से 80 रुपए लूटे

- तीन की संख्या में बाइक सवार हथियारबंद अपराधियों ने घटना को दिया अंजाम
- महिला समूह का रुपए जमा करने महिला-पुरुष जा रहे थे खोदावंदपुर
- घटना के बाद छानबीन में जुटी पुलिस

» मदरलैण्ड संवाददाता

बेगूसराय। छौड़ाही सहायक थाना क्षेत्र के मध्य विद्यालय ऐजनी से पूरब सुनसान मार्ग पर ऐजनी-बेंगा मोड़ के समीप बाइक सवार नकाबपोश हथियारबंद अपराधियों ने एक बाईक सवार ग्रामीण से हजारों रुपए लूट लिए। घटना बुधवार की दोपहर साढ़े 12 बजे के आसपास की बताई जा रही है। बाईक सवार से लूटपाट उस समय घटित हुई जब वे अपने ही गांव की एक महिला के साथ महिला समूह का रुपया कलेक्शन कर जमा करने भारत फाइनेंस खोदावंदपुर की ब्रांच आफिस की ओर जा रहा थे। तभी पूर्व से घात लगाए तीन हथियारबंद अपराधियों ने ऐजनी-बेंगा मोड़ के निकट बाइक ओवरटेक करते हुए पहुंचे और आगे से घेर लिया। घटना के बावत पीड़ित ऐजनी निवासी स्व शिवचन्द्र पासवान के पुत्र प्रमोद पासवान तथा बाइक पर बैठी महिला स्थानीय सुक्कन पासवान की पत्नी रामसखी देवी ने बताया कि बाइक धीरे होते ही तीन नकाबपोश अपराधियों में से दो अपराधियों ने हमदोनों की कनपटी में पिस्तौल सटा दिया और बाईक की चाभी निकाल ली। जिसके बाद अपराधियों ने युवक को पिटाई कर दी और उसके पेंट की जेब में रखे करीब 80 हजार रुपये लूटकर हथियार लहराते हुए मालीपुर की ओर चलते बने। घटना के तुरंत बाद फाइनेंस कर्मी ने ब्रांच के सीनियर पदाधिकारी व छौड़ाही पुलिस को



जानकारी दी। पीड़ित ने बताया कि काले रंग की बाइक और तीनों के चेहरे पर नकाब लगे रहने से अपराधियों को पहचान नहीं सके। पीड़ित ने बताया कि रुपए लेकर चले थे कि गांव में ही बिल्ली ने रास्ता काट दिया था, जिसके बाद हमने रूट बदल बदल दी लेकिन ऐसे अपशकुन होने का सोचा भी नहीं था कि समूह का रूपया अपराधी लूट लेगें। बहरहाल लूटपाट के घटना की जानकारी समूचे गांव में फैल गई और घटनास्थल पर सैकड़ों लोग उमड़ पड़े। सुनसान पथ के दोनों ओर खेत में घास काटने तथा लकड़ी चुनने वालें लोगों ने भी घटना को घटित होते देखा है। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने

प्रत्यक्षदर्शी व स्थानीय लोगों से पूछताछ कर अपराधियों को दबोचने के लिए अन्य थानों से भी मदद ली लेकिन अपराधी पुलिस की पकड़ से दूर निकल चुके थे। वही दूसरी तरफ लंबे समय के बाद दिनदहाड़े लूट की वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई है।

बोले ओपी अध्यक्ष

घटना के संबंध में ओपी अध्यक्ष राघवेंद्र कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही घटनास्थल पर जाकर छानबीन की गई है। घटना की पूरी जांच-पड़ताल के बाद ही कुछ बताया जा सकता है। पीड़ित का आवेदन भी फिलहाल अप्राप्त है। आवेदन मिलते ही पुलिस आगे की विधिसम्मत कार्रवाई करेगी।

# बरारी में मछुआ की जीविका पर अपराधीयों का कहर नाव का चक्का जाम, प्रशासन से सुरक्षा की गुहार

» मदरलैण्ड संवाददाता





कटिहार। कटिहार जिले के बरारी प्रखंड अन्तर्गत मतस्यजीवि सहयोग समिति लिमिटेड बरारी के हजारों मछुआ परिवार का भरण पोषण,जीविकोपार्जन का मुख्य संसाधन मछली मारना ,उसे बेचकर घर परिवार का भरण पोषण करता आ रहा है,प्रखंड के गंगा में जब बाढ़ आती है तो कई नवसृजित जलकर में छोटी डेंगी नाव में जाल लेकर रात्री ,प्रातः में मछली का शिकार करते हैं, नया जलकर से जो आमदनी होती है उससे घर परिवार का खर्चा चलता है,मंगलवार को काढ़ागोला गंगा घाट एवं स्पर - 5,6 पर करीब सात दर्जन मछुआरा डेंगी नाव जाल सहित बंद अपराधीयों के विरूद्ध मोर्चा खोल दिया, मतस्यजीवि मंत्री उमेश सिंह बतातें हैं,अपराधी काफी सक्रिय हैं,गंगा में नये जलकर में मछली मारने को रंगदारी मांगते है,अपराधी का मुंशी वसूली कर अपराधी को भेजता है,अपराधी के साथ चंद मछुआरा भी है जो गरीब मछुआरा के जीविका को छीन लेना चाहता है,जो अन्याय है , मतस्यजीवि मंत्री ने कहा कि गरीब होना क्या अभिषाप है,अपराधी के डर से मछुआरा मछली मारने का काम पिछले तीन दिनों से बंद कर सभी परेशान हैं,गंगा में पुलिस पेट्रोलिंग नही होती है ,जिसके कारण अपराधी का मनोबल बढ़ता जा रहा है, राजनेता का भी ध्यान नही हैं, उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ मछवा रंगदार से मिलकर गरीब मछुवा को परेशान कर रहे हैं जिसके कारण दीपावली,छ्ठ जैसे महत्वपूर्ण त्योहार में इनके सामने भुखमरी जैसी समस्या आन पड़ी हैं, जिला प्रशासन को संज्ञान लेने की जरूरत है, मतस्य विभाग पर भी निष्क्रिय है, बताया कि दर्जन भर टीम गंगा में अपराध को अंजाम दे रहे हैं,मछुआ को सुरक्षा को प्रशासन विश्वास दिलाये तो एक एक का खुलासा होगा,जौनिया से मोहनाचांदपुर आदि तक गंगा में फैला है नया जलकर, आक्रोशित मछुआरा पप्पू सिंह, लालबहादुर सिंह, पोलो साह, भरत सहनी, टेटन, राजू सहनी, रामबाबू, धर्मेन्द्र सहनी, बुद्धु महतो, बेचन महतो, विक्की, शंकर सहनी, रविंद्र, रवि, मंटू, दुक्खु, मिथुन, रंजीत, अजीत, सुबोध, विजय, मक्कू, अर्जुन सिंह, अनंत, रामनिवास, नकुल सिंह, उपेन्द्र साह, जितेन्द्र, साजन महलदार, विनोद, संजय, प्रमोद, हीरालाल, गुड्डु, रूदल, मनोज, पिंटू, बिपिन, अखिलेश, लखन, फैटूस, गौतम, श्याम, सुरेश, सोभी, रघुवंश, पंकज यादव, रंजीत, गौतम, बबलू सहित मछुआरो ने स्थानीय एवं जिला प्रशासन से अपराध पर अंकुश लगाने,सुरक्षा की गुहार लगाते हुए त्योहार के मौसम में भरण पोषण की व्यवस्था कराने की मांग की,सामुहिक आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की।

## संक्षिप्त समाचार

### छठ घाट का डीसीएलआर ने किया निरीक्षण



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। कटिहार जिले के आजमनगर प्रखंड मुख्यालय के निकट स्थित दर्जनों घाट का बारसोई डीसीएलआर शिव शंकर पासवान अंचल अधिकारी संजय कुमार ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया इस दौरान आजमनगर मुखिया डॉ भरत कुमार राय पंचायत समिति सदस्य राकेश पदार्थ बाबुल कुमार रजक अमित पांडे सनी आलोक चूनना पोद्दार जयदेव बोसाक पवन बोषाक रंजीत कुमार साह कृष्ण कुमार राय आदि सहित कई छठ घाट कमेटी के अध्यक्ष व सचिव मौके पर उपस्थित रहे डीसीएलआर शिव शंकर पासवान ने कहा कि प्रत्येक छठ घाट की साफ सफाई करना छठ घाट समिति के सदस्यों जिम्मेदारी है प्रशासनिक स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था का संपूर्ण ख्याल रखा जाएगा इस मौके पर चंडी काली अस्थान छठ घाट आजमनगर छठ घाट आदि सहित कई छठ घाटों का निरीक्षण किया गया।

### प्रधानमंत्री ने दिपावली पर किसानों को दिया सौगातः सौरभ मालाकार



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। भाजपा युवा मोर्चा कटिहार जिलाध्यक्ष सौरभ कुमार मालाकार ने कहा की नरेन्द्र मोदी ने किसानों को दिपावली की सौगात दी है। श्री मालाकार ने बताया की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 12वी किस्त किसानों के खाते मे डालकर दिवाली की खुशियों को दोगुना कर दिया है। साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को देशभर मे 600 पीएम किसान समृद्धि केन्द्र की शुरूआत भी की है। इससे किसान को एक ही स्थान पर कृषि से जुड़ी कई तरह की सुविधाएं मिल सकेगी, जिससे किसानो को के लिए कृषि कार्य आसान होने के साथ साथ ज्यादा फलदायी होगा।जिलाध्यक्ष ने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किसानों के सच्चे हितैषी है, वे किसानों की खुशियां एवं उनके जिवन मे खुशहाली के लिए सतत प्रयत्नशील रहते है।कृषि क्षेत्रों का विकास कृषि कार्यों मे सहुलियत और उपज की अच्छी कीमत के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे केंद्र सरकार लागातार काम कर रही है। फसलो की एम एसपी बढाई गई। इससे किसानों की आय बढ रही है भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए किसानों की सबसे बड़ी भुमिका रही है। यह कृषि क्षेत्र के विकास के लिए चलाई जा रही महती कृषियोजना का ही सुफल है।

### शौच करने गए वृद्ध की धार में डूबने से मौत

मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। कटिहार जिले के कदवा प्रखंड क्षेत्र के भर्री पंचायत अंतर्गत बदवाबाड़ी वार्ड संख्या सात निवासी 68 वर्षीय प्रसादी राय की फुलवर्षा धार में डूबने से मौत हो गया।घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार उक्त व्यक्ति मंगलवार की शाम करीब पांच बजे शौच करने गया हुआ था। घर वापस नहीं आने के उपरांत परिजनों द्वारा काफी खोजबीन की गई नहीं मिलने पर जब ग्रामीणों ने फुलवर्षा धार के पानी मे खोजबीन की जहाँ पानी मे घण्टों खोजने के बाद शव को पानी से बाहर निकाला।

### सात दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट का फाइनल मैच तेलडंगा टीम ने जीता

मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। अमदाबाद प्रखंड के बैरिया मदरसा मैदान में मदरसा मेले के शुभ अवसर पर सात दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया जिसका फाइनल मैच तेलडंगा मनिहारी एवं जमरा अमदाबाद के बीच खेला गया इस फाइनल मैच को तेलडंगा मनिहारी की टीम ने जमरा अमदाबाद टीम को दो गोल से हरा कर ट्रॉफी पर कब्जा किया इस मैच को देखने के लिए हजारों की संख्या में फुटबॉल प्रेमी एवं ग्रामीण मैदान में मौजूद थे और ढोल नगाड़ो के साथ खिलाड़ियों का स्वागत कर रहे थे विजेता टीम के कप्तान को प्रथम पुरस्कार के रुप में 5100 रुपिया एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया गया जबकि उपविजेता टीम को 4100 रुपिया एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया गया यहा आप को बताते चले कि पिछले 50 वर्षों से मदरसा मेले के शुभ अवसर पर बैरिया मैदान में क्रिकेट एवं फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया जाता है जिसमे ग्रामीण एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि अपना योगदान देते है यहां आप को यह भी बताते चले कि सात दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट का भी फाइनल इसी मैदान पर बैरिया बिहार एवं भालूका पश्चिम बंगाल के बीच खेला जाएगा।

## जिले के बच्चों के लिए वरदान साबित हो रहा है बाल हृदय योजना

» प्रवीण झा, मदरलैण्ड संवाददाता



- स्क्रीनिंग के बाद उचित परामर्श एवं इलाज के लिए सरकार प्रतिबद्ध नोडल अधिकारी
- आगामी 25 अक्टूबर को दिल में छेद वाले मरीज को ऑपरेशन के लिए भेजा जाएगा अहमदाबाद : डॉ आरपी सिंह

कटिहार। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में शामिल बाल हृदय योजना का लाभ राज्य के सभी बच्चों को मिल रहा है। इस योजना के तहत राज्य के सभी वैसे बच्चे जिनका जन्म के समय से ही दिल में छेद होने की बीमारी मौजूद हो। ऐसे नवजात शिशुओं एवं बच्चों के लिए उक्त योजना जीवनदायिनी साबित हो रही है। बता दें कि पूर्णिया जिले के सैकड़ों बच्चों को सर्जरी कर उसको नया जीवन मिल चुका है। इस योजना के तहत हृदय में छेद के साथ जन्मे बच्चों का इलाज की निःशुल्क सुविधा मुहैया कराई जा रही हैं। साथ ही इलाज के दौरान आने जाने में होने वाली खर्च को भी राज्य सरकार वहन कर रही है। खासकर यह योजना वैसे माता/पिता के लिए वरदान साबित हो रहा है। जो आर्थिक रूप से तंगी के कारण हृदय में छेद के साथ जन्मे अपने बच्चों का समुचित इलाज करवाने में सक्षम नही हैं। इस योजना के कारण ही आज हृदय रोगी बच्चों की मृत्यु दर में काफी कमी आयी है।

**मरीजों का परामर्श एवं इलाज के लिए सरकार संकल्पितः नोडल अधिकारी**

एसीएमओ सह आरबीएसके के नोडल अधिकारी डॉ मोहम्मद साबिर ने बताया कि इस योजना के तहत हृदय में छेद जैसेरू जन्मजात बीमारियां, कटा होठ एवं तालु, न्यूरल ट्यूब, क्लब फुट सहित अन्य गंभीर बीमारियों के लिए प्रखंड स्तर से जिलास्तर तक स्क्रीनिंग की जाती है। जिसमें शिशु रोग विशेषज्ञ के अलावा अन्य चिकित्सक एवं अधिकारी को भी शामिल किया जाता हैं। इसके बाद जिला प्रारंभिक हस्तक्षेप केंद्र (डीईआईसी) पूर्णिया द्वारा उक्त बच्चें को परामर्श एवं उचित इलाज के लिए पटना स्थित एम्स, आईजीआईएमएस एवं आईजीआईसी में बच्चों की संपूर्ण जांच करने के बाद बीमारियों की गंभीरता को देखते हुए गुजरात के अहमदाबार रेफर किया जाता है। स्क्रीनिंग के अलावा यात्रा से लेकर इलाज तक का खर्च सरकार द्वारा वहन किया जाता हैं। जिले से लगभग 50 से अधिक बच्चों को निःशुल्क इलाज कराकर योजना से संबंधित लाभ दिया जा चुका है।

**आगामी 25 अक्टूबर को दिल में छेद वाले मरीज को ऑपरेशन के लिए भेजा जाएगा अहमदाबाद : डॉ आरपी सिंह**

आरबीएसके के जिला समन्वयक डॉ आरपी सिंह ने बताया कि धमदाहा प्रखंड अंतर्गत वंशीपुर के कक्कर बाधा गांव निवासी गुड्डु कुमार एवं सुलेखा देवी के मात्र 10 माह का पुत्र अभिमन्यु कुमार जन्मजात हृदय में छेद का मरीज हैं। आरबीएसके दल के चिकित्सक डॉ रियाजुद्दीन अंसारी द्वारा उक्त बच्चे का स्क्रीनिंग कर डीईआईसी पूर्णिया रेफर किया गया। वहीं नोडल अधिकारी एवं आरबीएसके द्वारा आईजीआईसी पटना एम्बुलेंस द्वारा भेजा गया। बाल हृदय योजना के अंतर्गत अहमदाबाद के संत श्री साईं हृदय संस्थान द्वारा पटना में बच्चे की जांच की गई। जांचोपरांत दिल में छेद होने के कारण ऑपरेशन के लिए चयन किया गया है। आगामी 25 अक्टूबर को इनके घर से एंबुलेंस द्वारा पटना स्थित जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल एयरपोर्ट भेजा जाएगा। वहीं से अहमदाबाद स्थित संत श्री साईं हृदय संस्थान भेज कर बच्चे के हृदय का ऑपरेशन होगा। सफल ऑपरेशन के बाद अहमदाबाद से पूर्णिया के धमदाहा स्थित घर लाया जाएगा।

## सालमारी ओपी में दीपावली छठ को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। कटिहार जिले के सालमारी ओपी में आगामी दीपावली, कालीपुजा, छठ पर्व को लेकर सालमारी ओपी प्रांगण में ओपी अध्यक्ष नवनीत कुमार नमन की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजन की गयी। इस मौके पर उन्होंने सभी कालीपुजा कमेटियों से कहा की मुर्ति स्थापित करने एंव विसर्जन के लिए अनुमति लेना जरूरी है।वहीं दीपावली का पर्व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील करते हुए कहा की यह खुशीयों का त्योहार है।आस्था का महा पर्व छठ के मौके पर लोगों को अफवाहों पर ध्यान नहीं दे कर किसी प्रकार की कोई अफवाह फैलाने का प्रयास करता है तो इसकी जानकारी देने की अपील की गयी।वैसे लोगों पर सख्त कार्रवाई होगी।दोनों पर्व आपसी भाईचारे के साथ मनाने की बात कहे उन्होंने कहा की छठ के मौके पर जगह जगह पुलिस बल एंव दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त रहेगा इस मौके पर पूर्व एमएलसी मोहनलाल अग्रवाल ने कहा की छठ के मौके पर अत्यधिक भीड़ लगने के कारण बाजार में चिन्हित स्थलों पर बैरियर लगाने का सुझाव दिया तेघड़ा मुखिया प्रतिनिधि मोतीलाल तांती ने कहा की बाजार में अतिक्रमण की समस्या लगातार बढ़ रही है इस पर प्रशासन को अंकुश लगाने की मांग की क्योंकि पर्व त्यौहार का माहौल है।और बाजारों में भीड़ बढ़ गई है। इस अवसर पर पूर्व एमएलसी मोहनलाल अग्रवाल, अशोक सरावगी, संजय गुप्ता, अशफाक आलम, विजय केवट, ललित बुबना, गोपाल अग्रवाल, दीपक अग्रवाल,गोपाल प्रसाद अग्रवाल,, लालू भगत, मोतीलाल तांती, सादीक आलम, नाहीद आलम,मुकेश विश्वास, जहांगीर आलम,अनसार आलम सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## साहब अपना काम तो बन जाता है मुश्किल में है जनता सालों से पुल निर्माण की हो रही है मांग



» मदरलैण्ड संवाददाता

- जान हथेली पर लेकर करते हैं सफर
- 35वर्षो से पुल का है इंतजार
- नेता जी टाइप वाले नहीं दे रहे हैं ध्यान

कटिहार। कटिहार जिले के प्राणपुर प्रखंड क्षेत्र के मदनसाही काठ पुल ध्वस्त होने से 35 वर्ष बीत जाने के बाद भी पुल का निर्माण नहीं हो सका है।जिसको लेकर क्षेत्र के लोगों में काफी नाराजगी देखी जा रही है।उक्त पुल नहीं बनने से प्राणपुर प्रखंड एवं मनसाही प्रखंड की एक बड़ी आबादी को आवाजाही में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है यहां के स्थानीय लोगों का कहना है कि एक तरफ देश में बुलेट ट्रेन चलाने की बात कह रही है। वही दूसरी ओर छोटे-छोटे पुल आजादी के बाद से अब तक नहीं बन पाई है।यह तो चिंताजनक वाली बात है।और यहां के लोगों के लिए आवाजाही का एकमात्र साधन चचरी पुल एवं बाढ़ में नाव ही सहारा होता है। इससे लोग जान जोखिम में डालकर आवा गमन करते हैं। वहीं स्थानीय लोगों द्वारा इस समस्या को लेकर जनप्रतिनिधियों से लेकर पदाधिकारी तक कई बार फरियाद लगाई जा चुकी है।लेकिन उसके बावजूद भी कोई पहल आज तक नहीं हो सका है।जबकि जानकारी के मुताबिक 1987 में प्रकलिय बाढ़ मैं यह पुल ध्वस्त हो गया था। वहीं स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि आज तक पुल निर्माण को लेकर सांसद विधायक एवं जिला प्रशासन से कई बार मांग किया गया है।लेकिन आज तक किसी भी नेता एवं प्रशासन का ध्यान इस पुल पर आकर्षित नहीं हुई है। उक्त पुल को लेकर इस अखबार के माध्यम से बिहार के डिप्टी सीएम से मांग करती हूं कि यह चचरी पुल से हम लोगों को जल्दही निजाद दिलाया जाए।अब तो देखने वाली बात यह होगी की कब तक आवा गमन करने वाले की आशय पूरी होती है।

## कुपोषण को जड़ से मिटाने के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों पर मना अन्नप्राशन दिवस

» मदरलैण्ड संवाददाता




- पोषण को बढ़ावा देने के लिए सेविकाओं ने कराया बच्चे का अन्नप्राशन
- नवजात शिशुओं को आंगनबाड़ी केंद्रों पर मिलने वाली सेवाओं का सामाजिक अंकेक्षण भी किया गया : डीपीओ
- नवजात शिशुओं की बढ़ती उम्र के साथ पौष्टिक आहार देना भी जरूरी

कटिहार। जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सेविकाओं द्वारा नवजात शिशुओं को खीर खिलाकर अन्नप्राशन दिवस मनाया गया। जिले के सभी सेविकाओं द्वारा शिशुओं को अन्नप्राशन कराने के साथ ही स्थानीय लोगों को सही पोषण की जानकारी देने एवं उसके उपयोग करने के लिए भी प्रेरित किया गया।

**आंगनबाड़ी केंद्रों पर मिलने वाली सेवाओं का किया गया सामाजिक अंकेक्षण : डीपीओ**

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी किशलय शर्मा ने बताया नवजात शिशुओं में कुपोषण को दूर करने के लिए उन्हें सही पोषण दिया जाना बहुत ज्यादा जरूरी होता है। जिसके लिए पोषण के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रत्येक महीने में अन्नप्राशन दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर स्थानीय लोगों को आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा पोषण के प्रति जागरूक भी किया जाता है। इसके अलावा सामान्य दिनों में भी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सेविकाओं द्वारा नवजात शिशुओं के परिजनों को पोषण की जानकारी दी जाती है।

**नवजात शिशुओं की बढ़ती उम्र के साथ पौष्टिक आहार देना जरूरी**

राष्ट्रीय पोषण अभियान के जिला समन्वयक अनमोल गुप्ता ने बताया कि एसडीजी लक्ष्य 2.2 के अनसार सभी प्रकार के कुपोषण को वर्ष 2030 तक खत्म करना है। इसमें 2025 तक अंतररातष्ट्रीय सहमति से निर्धारित पांच साल के बच्चों में स्टंटिंग, उम्र के अनुसार कम लंबाई और वेस्टिंग (लंबाई के अनुसार कम वजन) के लक्ष्य के साथ ही किशोर लड़कियों, गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली महिलाओं और बुजुर्गों की पोषण की जरूरतों को हासिल करने का लक्ष्य भी शामिल हैं। एसडीजी लक्ष्य 3.2 के मुताबिक वर्ष 2030 तक नवजातों और पांच साल तक के बच्चों की रोकी जा सकने वाली मौतों पर लगाम लगाना है। उन्होंने यह बताया कि जन्म लेने के एक घंटे बाद ही शिशु को स्तनपान करवाना अनिवार्य है। छः महीने तक विशेष स्तनपान और उसे दो साल तक बरकरार रखना है। छह महीने के बाद शिशु को ठोस आहार देना और उम्र बढने के साथ-साथ बच्चों को विविधतापूर्ण भोजन भी दिया जाना चाहिए ताकि बढ़ती उम्र में उसे पौष्टिक तत्व मिल सके।

## हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर पदस्थापित नवनियुक्त सीएचओ को किया गया प्रशिक्षित

» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। कटिहार में बेहतर स्वास्थ्य प्रबंधन द्वारा संस्थागत एवं सुरक्षित प्रसव को बेहतर व सुदृढ़ बनाने को लेकर स्वास्थ्य विभाग संकल्पित है। इसका मुख्य उद्धेश्य है मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन कर शत प्रतिशत लक्ष्य को पूरा करने में जुटा है। सदर अस्पताल परिसर स्थित सभा कक्ष में जिलें के 21 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर प्रभारी सिविल सर्जन डॉ दीनानाथ झा, गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ आरएन पंड़ित, जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ अशरफ रिजवी, जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम डॉ किशलय कुमार, डीएमएंडई अखिलेश सिंह, डीपीसी मजहर अमीर, जपाइगो के विनय गुप्ता, केयर इंडिया के मुकेश पाण्डेय सहित कई अन्य स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

**स्वास्थ्य सेवाओं को किया जा रहा है पहले से बेहतरः डॉ आरएन पंड़ित**

गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ आर एन पंड़ित ने कहा कि जिले के सभी नागरिकों को बेहतर चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कटिहार जिला अग्रसर है। इसको पहले से बेहतर बनाने के लिए सुरक्षित प्रसव के साथ.साथ शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में मुख्य भूमिका सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों होती हैं। क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में इनलोगों की भूमिका अतिमहत्वपूर्ण मानी जाती है। जिले में 30 आयुवर्ष से अधिक उम्र के लोगों को गैर संचारी रोगों का जांच और उपचार हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर उपलब्ध हैं। स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार सकारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं।

**ग्रामीणों की सेहत संवारने में सीएचओ की भूमिका अहमः डॉ अशरफ रिजवी**

जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ अशरफ रिजवी ने उपस्थित सभी सीएचओ को अपने कर्तव्यों के प्रति जिम्मेदार बनने के लिए सलाह दिया। क्योंकि जिले में क्रियाशील सभी



हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की गर्भवती महिलाओं सहित सभी तरह के लोगों को उचित परामर्श एवं इलाज में सीएचओ को भूमिका काफी अहम होती हैं। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर टीबी बीमारी की जांच और उपचार मुहैया कराई जा रही हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलें के नागरिकों को सेहत संवारने के लिए हर तरह की चिकित्सा मुहैया कराई जा रही है। जिसके लिए सीएचओ तैयार किया गया है। वहीं गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली महिलाओं को उचित सलाह भी दिया जाता है।

**-बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ करने की जिम्मेदारी सीएचओः डीपीएम**

डीपीएम डॉ किशलय कुमार ने बताया कि बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ करने में सीएचओ की अहम भूमिका हैं। वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा सुरक्षित मातृत्व को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। क्योंकि जब तक स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मियों को बेहतर चिकित्सीय प्रबंधन से संबंधित जानकारी नहीं होगी तब तक लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो सकती हैं। समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्यक्रमों, गतिविधियों एवं आउटरिच (आरोग्य दिवस) पर उपलब्ध सेवाओं में सुधार के लिए ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति के माध्यम से सामूहिक सामुदायिक कार्रवाई को नेतृत्व प्रदान करना, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में सुरक्षित पेयजल, गुणवत्ता वाले आहार, कूड़े मुक्त परिसर स्वच्छ शौचालय, साफ चादर, सुव्यवस्थित तरीके से रहने की जिम्मेदारी होती हैं।

**नवनियुक्त सीएचओ को किया गया प्रशिक्षितः प्रशिक्षक**

प्रशिक्षक डीपीसी मजहर अमीर एवं जपाइगो के विनय गुप्ता ने बताया कि जिले के सभी 21 नवनियुक्त सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) का स्वास्थ्य विभाग की ओर से दी गई दिशा-निर्देश के आलोक में प्रशिक्षित किया गया है। इस प्रशिक्षण में सामान्य प्रसव एवं शिशु जन्म किसी भी तरह की जटिलता के लिए प्राथमिक प्रबंधनए नवजात शिशुओं में खतरे के संभावित लक्षणों की पहचान, रेफर करने की प्रक्रिया, उच्च जोखिम वाले प्रसव की पहचान, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान की जानकारी के अलाव जन्म के समय नवजात शिशुओं को त्वरित देखभाल जिसमें बच्चे की सांसो का चलना, रक्त संचार,

एचडब्ल्यूसीएनसीडी, टेलीमेडिसिन, टीबी, डीवीडीएमएस पर सभी सीएचओ को प्रशिक्षित किया गया। ताकि वे लोग अपने कार्यों को ठीक से निष्पादित कर सकें। इसके साथ ही सुरक्षित मातृत्व एवं मातृ स्वास्थ्य पर आगे की रणनीति के लिए विचार विमर्श किया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## एसएसबी के द्वारा हर दिन हर घर आयुर्वेदिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन



मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया। मैनाटांड़ सशस्त्र सीमा बल 44 वीं बटालियन के सीमा चौकी पचरौता में हर दिन हर घर आयुर्वेद जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सहायक कमांडेंट की अध्यक्षता में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। जिसमें ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। ग्रामीणों को आयुर्वेद के तमाम गुणकारी फायदे के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। सहायक कमांडेंट ने बताया कि 23 अक्टूबर को सातवें आयुर्वेद दिवस को घर घर में मनाने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया गया। सरकार का लक्ष्य है कि आयुर्वेद को हर घर तक ले जाना है। और स्वास्थ्य भारत का सपना साकार करना है। हम सभी को आपस में मिलकर हर घर सभी ग्रामीणों को जागरूक करना है। आयुर्वेद के महत्व को समझाना है। ताकि सभी लोग इस मुहिम का ज्यादा से ज्यादा लाभ लेकर स्वस्थ जीवन जी सकें।

## 20 किलो गांजा के साथ एक भंगहा के मोबाइल दुकानदार गिरफ्तार




मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया। मैनाटांड़ भांगहा थाना क्षेत्र के नगरदेही एसएसबी और भंगहा थाना की संयुक्त कार्रवाई से आठ लाख के गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष नवीन कुमार ने बताया के एसएसबी को सूचना मिली की पिलर संख्या 425/19 के पास से कुछ संदिग्ध सामान आने वाला है। संयुक्त कार्रवाई के दौरान देखा गया कि एक व्यक्ति कुछ सामान लेकर नेपाल से भारत की तरफ आ रहा था। उस व्यक्ति को रोक तलाशी शुरू कर दी गई। तलाशी के दौरान देखा गया की प्लास्टिक में 20 किलो गांजा छिपा कर रखा था। त्वरित तस्कर को धर दबोचा गया। तस्कर को पहचान सिसवाताजपुर निवासी आकाश कुमार के रूप में की गई। इधर बता दे की तस्कर का भंगहा बाजार में आकाश मोबाइल के नाम से दुकान भी है।

## फुलकाहा एसएसबी ने कालाबाजारी का 80 बोरा डीएपी सहित ट्रैक्टर ट्रैलर को किया जब्त, चालक फरार



मदरलैण्ड संवाददाता, नरपतगंज। एसएसबी 56वीं वाहिनी के बथनाहा मुख्यालय के सहायक सेनानायक रमेश कुमार के निर्देश के आलोक में मंगलवार की रात करीब ग्यारह बजे फुलकाहा बीओपी के जवानों ने अवैध तरीके से कालाबाजारी कर 80 बोरी डीएपी खाद लदे ट्रैक्टर को जब्त किया है। यह जब्ती एसएसबी जवानों ने नरपतगंज प्रखंड के भारत नेपाल सीमा से सट फुलकाहा थाना क्षेत्र अंतर्गत भंगही पंचायत के हनुमाननगर गांव के से सटे भारतीय क्षेत्र में की है। बताया जाता है कि यह खाद भारत से नेपाल ले जाया जा रहा था। इस संबंध में फुलकाहा बीओपी प्रभारी विश्मदेव ने बताया कि डीएपी खाद व ट्रैक्टर ट्रैलर भंगही पंचायत के भोड़हर गांव निवासी भुटकुन साह बताया जाता है। जो बंगाल से चोरी-छिपे बिना कागजात के बड़े वाहनों से फारबिसगंज के समीप अनलोड कर ट्रैक्टर ट्राली पर लोड कर फुलकाहा होते हुए नेपाल ले जा रहा था। एसएसबी ने कार्रवाई हेतु नरपतगंज कृषि पदाधिकारी के सुपुर्द किया। हालांकि स्थानीय किसानों ने बताया कि खाद नहीं मिलने की वजह से हम सभी किसान बाहर से खाद मंगाए थे। इस मामले में एसएसबी के अधिकारी को किसानों के द्वारा कहा गया लेकिन एसएसबी ने जब्ती सूची बनाकर कृषि विभाग को सुपुर्द कर दिया। नरपतगंज प्रखंड के प्रभारी कृषि पदाधिकारी राजेश्वर प्रसाद सिंह ने बताया कि एसएसबी द्वारा कालाबाजारी का डीएपी खाद पकड़ा गया है। इस मामले में पुलिस थाने में ट्रैक्टर ट्राली मालिक के खिलाफ केस दर्ज किया गया। मामले की जांच की जा रही है।

# जन सुराज पदयात्रा के 18 वें दिन नरकटियागंज शिविर में प्रशांत किशोर का जन संवाद

### पश्चिम चंपारण के लोग तय करेंगे जन सुराज की आगे की रणनीति

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेतिया। प्रशांत किशोर ने 3500 किमी लंबी जन सुराज पदयात्रा ने 17 दिन पूरे कर लिए। 18वें दिन पश्चिम चंपारण के नरकटियागंज में विश्राम के दिन उन्होंने मीडिया से बातचीत की। पदयात्रा का अनुभव साझा करते हुए प्रशांत किशोर ने बताया कि वे पदयात्रा में रोज लगभग 15-20 किलोमीटर चलते हैं, और जब 15 से 20 पंचायत का भ्रमण हो जाता है तब एक जगह रुकते हैं, ताकि जिन पंचायतों से पदयात्रा गुजरी है, वहां के स्थानीय समस्याओं पर लोगों से मिलकर उसे सुन व समझ कर उसे संकलन कर पंचायत आधारित ब्लूप्रिंट बना सकें।

पश्चिम चंपारण में पदयात्रा की समाप्ति पर होगा जिले भर के 'सही लोगों' का सम्मेलन।

प्रशांत किशोर ने कहा, ऱ्पदयात्रा के माध्यम से हम हर गांव, पंचायत से गुजर रहे हैं और लोगों की मूल समस्या समझने की कोशिश कर रहे हैं। हमारा प्रयास है कि जब पश्चिम चंपारण छोड़ें उससे पहले पश्चिम चंपारण के हर पंचायत की समस्याओं के आधार पर घोषणा पत्र बना सकें। साथ ही पदयात्रा के माध्यम से पश्चिम चंपारण जिले के जिन सही लोगों को हमने चिन्हित किया है या जो लोग हमसे जुड़े हैं उनका एक जिले स्तर का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा और उसमें हम जन सुराज की आगे की रणनीति तय करेंगे।

नरकटियागंज- भिखनाठोड़ी छोटी रेलवे लाइन शुरू की जानी चाहिए: प्रशांत किशोर।

नरकटियागंज की जन समस्याओं पर विस्तार से बात करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि चीनी मिलों के दवाब में पश्चिम चंपारण के गन्ना किसानों ने एक नई तरह के गन्ने की फसल का उत्पादन शुरू किया है। लेकिन इस गन्ने में कई तरह के रोग की शिकायत आ रही है, जिससे किसानों का नुकसान हो रहा है। शिक्षा की बदहाली पर बात करते हुए प्रशांत किशोर बोले की छात्रों ने सरकारी स्कूलों के साथ निजी स्कूलों में भी दाखिला लिया हुआ है, ताकि सरकारी स्कूलों का जो भी थोड़ा लाभ मिल रहा है, वो भी लेते रहें। पदयात्रा का अनुभव साझा करते हुए प्रशांत किशोर ने बताया कि अबतक पदयात्रा जिन गांव पंचायतों से गुजरी है वहां कोई भी सुचारू अस्पताल नहीं। जो खुले में शौच से मुक्त बिहार की स्कीम चलाई जा रही है, वह कहीं दिखाई नहीं दे रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत भी लोगों को घूस देना पड़ रहा है। साथ ही नरकटियागंज से भिखनाठोड़ी की छोटी रेलवे लाइन को जल्द शुरू किया जाना चाहिए ताकि बड़ी संख्या में लोगों को नरकटियागंज आने-जाने में सहूलियत हो सके।

## बगहा एसडीएम के औचक कार्यवाही से बालू खनन कारोबारियों मे हड़कंप

### भैरोगंज थानाक्षेत्र से जप्त हुए बालू लदे तेरह ट्रैक्टर ट्राली जब्त



» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। सोमवार की देर संध्या बगहा एस डी एम दीपक कुमार मिश्र ने बालू कारोबारियों पर बड़ी कार्यवाही करते हुए बालू लदे तेरह ट्रैक्टर ट्राली को माइनिंग इंस्पेकर बेतिया के हवाले कार्यवाही के लिए सौंप दिया है। इधर सभी वाहन भैरोगंज थाना पुलिस की अभिरक्षा मे मौजूद हैं।मामले के संदर्भ मे भैरोगंज थानाध्यक्ष राम उदय ने बताया की वरिय अधिकारियों के आदेश के आलोक मे सभी वाहन पुलिस अभिरक्षा मे हैं।

उधर बगहा एसडीएम दीपक कुमार मिश्र ने मोबाइल सम्पर्क पर बताया की पहले से हीं खनन रोकने को लेकर भैरोगंज के आसपास के लोगों के आवेदन मिले थे। लोगों की शिकायतें खनन के कारण खेती की जमीन का बुरी तरह प्रभावित होना बताया गया है। उन्होंने बताया की सोमवार संध्या व किसी अन्य कर्तव्य निर्वाहन की पूर्ति के बाद रामनगर से लौट रहे थे। इसीक्रम मे उपरोक्त आवेदनों को लेकर मौके का निरक्षण करने भैरोगंज गाँव स्थित खनन स्थल की तरफ निकल गये। मार्ग मे बालू लदे कई ट्रैक्टर ट्राली आ रहे थे। इस निरीक्षण के दरम्यान पकड़े गये वाहनों के चालाना सही थे, परन्तु इन्वाइलिड यानि आउट डिटेड पाए गये तथा वाहनों पर निर्दिष्ट क्षमता से अधिक भार भी लोड किया गया था। फ़लस्वरूप उपरोक्त वाहनों को कानूनी कार्यवाही के लिए मायनिंग इंस्पेक्टर के हवाले किया गया है। जानकारी माँगने पर उन्होंने बताया की अधिभार मामले मे आर्थिक दंड की राशि तीस हजार तीन सौ तीस रुपये हैं।

## साहेबगंज में हुए भीषण अग्निकांड में दो घर जलकर राख, तीन मवेशी झुलसे

### लाखो की क्षति

» मदरलैण्ड संवाददाता



नरपतगंज। नरपतगंज नगर पंचायत के साहैबगंज गांव में बुधवार दोपहर अचानक हुए अग्निकांड से एक परिवार का दो घर जलकर राख हो गया जिसमें रखा अनाज, वस्त्र, नगद, जेवरात सहित लाखों रुपए के समान जलकर राख में तब्दील हो गया तो वही तीन मवेशी झुलसने से घायल हो गए घटना के बाद पहुंचे स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा अथक प्रयास के बाद चापाकल व पम्पसेट की मदद से आग पर काबू पाया जानकारी अनुसार बुधवार दोपहर नरपतगंज नगर पंचायत के साहैबगंज निवासी मोहम्मद उस्मान पिता मोहम्मद जमहिर के घर में अचानक आग लग जाने के कारण दो घर जलकर राख हो गया जिसमें रखा अनाज, वस्त्र ,नगद, जेवरात सहित सभी समान जलकर राख हो गया तो वही घर में बंधे 3 मवेशी की झुलसने से घायल हो गए घटना के बाद पीड़ित परिवार ने अंचल पदाधिकारी को आवेदन देकर मुआवजे की मांग किया मामले को लेकर अंचल पदाधिकारी शम्भू प्रकाश ने बताया कि जांच रिपोर्ट मिलने के बाद पीड़ित परिवार के बीच सरकारी सहायता के तहत मिलने वाली राशि उपलब्ध कराया जाएगा।

## गौनाहा प्रखण्ड में प्रमुख निधि से हो रहे योजनाओं में व्यापक भ्रष्टाचार उजागर

» मदरलैण्ड संवाददाता



- नाली निर्माण कार्य में हो रहा सरकारी राशि का दुरुपयोग
- तकनीकी सहायक के मना करने के बाद भी मनमाने ढंग से हो रहा है निर्माण कार्य
- तथ्य को छुपाने के लिए बिना बोर्ड लगाए चोरी चुपके हो रहा है नाली निर्माण
- प्रमुख निधि के सभी योजनाओं में अवैध खनन की सिल्ट बालू का होरा बड़े पैमाने पर उपयोग

बेतिया। गौनाहा प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में प्रमुख निधि से हो रहे योजनाओं में व्यापक भ्रष्टाचार उजागर हो रहा है। उदाहरण के तौर पर सीठी पंचायत के वार्ड नंबर 14 ग्राम पचकहर गांव में राम शिव महतो के घर से भरत महतो के घोठा तक लगभग 900 फीट नाली निर्माण में बिना योजना बोर्ड लगाए पुराने नाली को तोड़कर उसी नाली के ईट तथा आसपास के नदी से अवैध खनन के बालू से योजना किया जा रहा है। कार्यस्थल पर काम कर रहे शुरूआती दिन से ही मजदूर काशी कुमार, जितेंद्र कुमार, विक्रम राम, बेबी देवी , बिंदु देवी, मंजू देवी, द्वारा पूछे जाने पर बताया गया कि पुराने नाली के तोड़े गए सभी ईंटों को इसी नाली में लगाया गया है। वही बालू से संबंधित मजदूरों के अलावा अनेकों लोगों ने बताया कि यह बालू आसपास के नदियों से ट्रेक्टर टेलर से लाकर गिराया जाता है। और लोकल सिल्ट बालू से योजना का काम किया जाता है। वही इस संदर्भ में योजना से संबंधित तकनीकी सहायक राम बिहारी राम से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि हमसे पूछे बिना इस योजना का काम करवाया जा रहा है। जिसका प्राकलन राशि भी मुझे मालूम नहीं है। वही ईस संबंध में प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी अन्नपूर्णा कुमारी द्वारा बताया गया कि दो दिन पहले मुझे किसी माध्यम से ईस योजना के बारे में मालूम हुआ है। यदि उक्त योजना में प्राक्कलन के अनुसार अनियमितताएं बरती गई है। तो उसे फिर से तुड़वा कर नई नाली बनाई जाएगी। वही योजना से सम्बंधित तकनीकी सहायक राम बिहारी राम ने बताया कि यह योजना हमसे बीना बताए किया जा रहा है। जिसके गुणवत्ता के बारे में मुझे खुद जानकारी नही है। तो मैं उस योजना का एम बी भी नही बनाऊंगा। क्योंकि कार्य होने की सूचना मिलने के बाद मे कार्य स्थल पर एक वार्ड सदस्य शिवराव राम को मना करने पर भी घटिया नाली निर्माण कार्य को नहीं रोका गया है।उन्होंने बताया कि यह काम चोरी छुपके किया जा रहा है। वही ग्रामीणों ने बताया कि दस वर्षों पूर्व इस नाली का निर्माण विधायक निधि से हुआ था। और अब इस नाली को ऊपर से तोड़ कर पुनः उसी पुरानी नीव के ऊपर से इसी नाली से निकला गया पुराने ईंट और आस पास के नदी से लाया गया लोकल सिल्ट बालू से घटिया निर्माण हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस नाली योजना में बहुत भारी लूट खसोट हुआ है।

## भितहा प्रखंड मुख्यालय पर वार्ड संघ ने किया धरना प्रदर्शन




- सरकार से अपनी मांग के लिए बीडीओ के माध्यम से दिया आवेदन

» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। समस्याओं के समाधान कराने को लेकर भितहा प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को भितहा वार्ड संघ ने धरना व प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन के बाद संघ ने एक लिखित ज्ञापन बीडीओ को सौंपा। भितहा प्रखंड कार्यालय पर वार्ड संघ ने अपनी मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। जिसमें प्रखंड के हर पंचायत के सभी वार्ड सदस्यों ने भाग लिया। वार्ड संघ के अध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश गौड़ ने बताया कि वार्ड क्रियान्वयन प्रबंध समिति द्वारा खाता शीघ्र खुलवाने की मांग किया। सभी नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों को प्रभार सौंपा जाए। आगे उन्होंने कहा कि पूर्व वार्ड सदस्यों के मानदेय की बकाया राशि और मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत पूर्व में कराए गए कार्यों की बकाया राशि की शीघ्र ही भुगतान किया जाए। प्रखंड विकास पदाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपते हुए उन्होंने वार्ड संघ ने कहा की जो सुविधा दी जाती है। वैसे ही सुविधा वार्ड सदस्यों को भी दी जाए।पंचायत स्तर पर जो भी योजना का शिलान्यास एवं उद्घाटन हो उस शिलापट्ट पर वार्ड सदस्य का नाम भी अंकित किया जाए। ग्राम पंचायत के अंदर मनरेगा से कार्य कराने का अधिकार वार्ड सदस्यों को दी जाए, नल जल योजना की रखरखाव राशि को पंचायत के माध्यम से न भेजकर सीधी जिला से ही वार्ड क्रियान्वयन प्रबंध समिति के खाते में डाली जाए। वार्ड सदस्य के मानदेय की राशि पांच हजार की जाय। मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत विकास का राशि वार्ड क्रियान्वयन एवं प्रबंध समिति के खाते में शीघ्र भेजी जाए। इन सभी मांगों को लेकर सभी वार्ड सदस्यों ने प्रखंड कार्यालय पर शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से मनोज पांडे नरेश कश्यप मनोज राम मैनुद्दीन शेख , उप अध्यक्ष प्रतिनिधि मंजर ईमाम, सचिव प्रतिनिधि मिरतुनज राय, सभी वार्ड सदस्य एवम प्रतिनिधि समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## शहादत को नमन: सी आर पी एफ अभिषेक कुमार सिंह का शहादत दिवस आज

» मदरलैण्ड संवाददाता



किसी गजरे की खुशबू को महकता छोड़ कर आया हूं। एक नन्हीं सी चिड़िया को चहकता छोड़ कर आया हूं। मुझको अपनी छाती से लगा ले हे भारत मां मैं अपनी मां की तरसती बाहों को छोड़कर आया हूं। किसी सैनिक के लिए लिखी गई यह कविता अभिषेक कुमार सिंह व उसके परिवार के लिए सही साबित हुई है। आजादी शब्द की सबसे ज्यादा अहमियत उस पक्षी के लिए है जो पिंजरे में रह चुका है। 20 अक्टूबर शंकरपुर गांव सहित हर हिंदुस्तानियों के लिए यह तारीख सबसे अजीज है। सबसे ज्यादा गौरव भारतीय सेना पर है जो हर मुश्किल में हमारी रक्षा कर रही है। बताते चलें कि हमारे टीम ने शंकरपुर के उन सैनिकों के भाई से बात की जिन्होंने छत्तीसगढ़ के ग्राम मोदकपाल, जिला बाजीपुर के थिंकीगुट्टा जंगल में पैट्रोलिंग के दौरान आतंकी हमले में नक्सलियों से बहादुरी से लड़ते हुए शहीद हो गए थे। गौरव की बात है कि वो देश के रियल हीरो अररिया जिला के भरगामा थाना क्षेत्र के शंकरपुर वार्ड 07 के शहीद जीडी अभिषेक कुमार सिंह हैं।

दुश्मन एक इंच जमीन पर कब्जा करे ये हमें गवारा नहीं

जीडी अभिषेक कुमार सिंह चंद्रशेखर सिंह के बेटे हैं। आजादी लाखों की कुबार्नी ले चुकी है उसे यूं ही तो आसानी से गंवा नहीं सकते। दुश्मन हिंदुस्तान की एक इंच जमीन पर कब्जा कर ले ये एक सैनिक कभी गवारा नहीं कर सकता। एक सैनिक के लिए जंग आसान नहीं लेकिन उसका प्रोत्साहन यही है कि पूरा देश उस पर भरोसा कर चैन की नींद सो रहा है।

शहीद जीडी अभिषेक कुमार सिंह की कहानी उनके पिता की जुबानी

बहुत कुछ करना है। जीवन बहुत छोटा है। एक तिहाई जीवन बीत गया, जी हां, छत्तीसगढ़ हमले में शहीद जीडी अभिषेक कुमार सिंह की डायरी में लिखे ये शब्द हैं। अभिषेक को डायरी लिखने का बेहद शौक था। पिता चंद्रशेखर सिंह कहते हैं, जब छत्तीसगढ़ आतंकी हमले से बेटे का सामान आया, हमें तो तब मालूम हुआ कि वो तो अपने हर लम्हे को डायरी में कैद कर रहा था। कौन जानता था आज वही लम्हे हमारे जीने का सहारा बन जाएंगे। पिता डायरी पढ़कर सुनाते हुए बताया कि ये बातें अभिषेक ने अपनी डायरी में लिखा है।

खुद शहीद हुए पर दूसरों की फिक्र अंत तक रही

देशसेवा और कुछ कर गुजरने का जज्बा ही था, जिसके लिए खुद को देश पर न्यौछावर कर गए। भाई रोशन कहते हैं, भैया के मन में हमेशा से देश सेवा की चाहत थी। प्रभावित होकर ही सीआरपीएफ जॉइन की। 20 अक्टूबर 2008 को आतंकी हमले में नक्सलियों से बहादुरी से लड़ते हुए छत्तीसगढ़ में शहीद हो गए, लेकिन आज भी वो हमारे जेहन में हैं। लड़ाई के मैदान में घायल होने पर भी भैया ने साथियों से कहा, मैं ठीक हूं और चोटिल होते हुए भी खड़े हो गए। लेकिन बुरी तरह से घायल होने के वजह कुछ देर बाद वे शहीद हो गए। लेकिन लोग आज भी उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहते हैं अपने कर्तव्य के पथ पर फिदा वतन के इस सच्चे सपूत की शहादत को नमन, अपनी बटालियन में लोगों से उसकी अच्छी दोस्ती थी। गांव में युवाओं को भी वो लगातार प्रेरित करता रहा था। रोशन ने बताया भैया हमेशा मुझे पढ़ने के लिए प्रेरित करते रहे। वे खुद भी फौज में जाने के लिए इतने अनुशासित थे कि उनके दैनिक जीवन का कोई भी काम मिस नहीं होता था। सच में वो हमेशा याद आते हैं। बड़ी आबादी वाला शंकरपुर गांव उसकी शहादत पर गर्व कर रहा है।

# नरपतगंज बाजार में नए अंडरपास निर्माण को लेकर सांसद ने किया निरीक्षण

### जलजमाव और हाईवे क्रॉसिंग की समस्या से लगातार जूझ रहे हैं नरपतगंज के लोग

» मदरलैण्ड संवाददाता



नरपतगंज। नरपतगंज बाजार में जलजमाव एवं हाईवे क्रॉसिंग की व्यवस्था को लेकर सांसद प्रदीप सिंह बुधवार को एनएचएआई दरभंगा के प्रोजेक्ट डायरेक्टर एवं अधिकारियों के साथ बुधवार को नरपतगंज बाजार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सांसद ने बाजार की समस्या से अधिकारियों को अवगत कराते हुए बताया कि इंडो-नेपाल सीमा से जयनगर को जोड़ने वाली अति महत्वपूर्ण सड़क नरपतगंज बाजार में अवरुद्ध हो गया है। सांसद ने बताया नरपतगंज बाजार में लोगों को हाईवे पर करने की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। एक छोटा सा अंडरपास बनाया गया है। जिसमें घुटने भर से ज्यादा कीचड़ एवं जलजमाव रहने से लोग सीधे हाईवे के पार होकर फोरलेन को पार करते है। जिस कारण अब तक करीब एक दर्जन से ज्यादा मौत हो चुकी है और सैकड़ों लोग सड़क दुर्घटना में जख्मी हुए है। वहीं बाजार में जलजमाव की समस्या से अवगत कराते हुए बताया कि एनएचआई द्वारा बनाया गया नाला आधा अधूरा होने के कारण जलजमाव की समस्या बनी रहती है। पूरे बाजार में कहीं पर भी रिटर्न बाल नहीं बनाया गया जिस कारण रेन कट की समस्या से हाईवे का मिट्टी बहकर पूरे बाजार में आ जाता है। जिससे कीचड़ की स्थिति उत्पन्न रहती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बारिश होने के बाद सर्विस लेन पर घुटने भर से ज्यादा पानी जमा रहता है। फोरलेन निरीक्षण में सांसद प्रदीप सिंह के साथ प्रोजेक्टर डायरेक्टर रामप्रीत पासवान, जीएम नंदू अकोटकर, हाईवे मैनेजर आलोक कुमार समेत भाजपा नेता धीरेंद्र यादव, अनंत सिंह, बबलू यादव, राजेंद्र यादव, विनय सिंह, मनीष कुमार दास, दीपनारायण पासवान, पप्पू साह समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

एनएचएआई दरभंगा के प्रोजेक्ट डायरेक्टर रामप्रीत पासवान ने नरपतगंज बाजार के फोरलेन की समस्याओं से अवगत होते हुए कहा कि नरपतगंज बाजार में जल्द ही महावीर चौक के समीप 5.5 मीटर बड़ा अंडरपास जिसमें ऊंची गाड़ियां भी पार हो सकेगी उनका प्रस्ताव भेजा जाएगा। प्रस्ताव पास होने के बाद डीपीआर बनाकर नरपतगंज बाजार में हाईवे क्रॉसिंग की सुचारू व्यवस्था करवाने की बात कही। क्या कहते हैं सांसद- सांसद प्रदीप सिंह ने बताया कि नरपतगंज में फोरलेन हाईवे पार करने की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण इस मुद्दे को लोकसभा में भी उठाया गया है बताया कि अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया गया है जल्द ही बाजार में बड़े अंडरपास निर्माण की बात कही।

# फैमिली एंटरटेनर फिल्म ‘जुगजुग जियो’ का टीवी प्रीमियर कलर्स सिनेप्लेक्स और कलर्स पर

चंडीगढ़ :इस दिवाली, कलर्स सिनेप्लेक्स और कलर्स पर ब्लॉकबस्टर मूवी ह्यजुगजुग जियोह्व के टेलीविजन प्रीमियर के साथ मनोरंजन के डबल धमाका का आनंद उठाने के लिये तैयार हो जाइए। तरह-तरह की फिल्मों के लिये एक वन-स्टॉप डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित वायकॉम 18 का प्रमुख मूवी चैनल, कलर्स सिनेप्लेक्स फिल्मों की अपनी विस्तृत लाइब्रेरी में से ब्लॉकबस्टर फिल्मों को दिखाता है। इनमें हिन्दी ऑरिजिनल्स और अन्य भाषाओं की डब की गई फिल्में शामिल हैं। इन्हीं सुपरहिट फिल्मों के दमदार कलेक्शन में से, कलर्स सिनेप्लेक्स 22 अक्टूबर 2022 को रात 8:00 बजे ह्यजुगजुग जियोह्व फिल्म का महा प्रीमियर करने के लिये तैयार है। इस फिल्म का प्रसारण सोमवार, 24 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे कलर्स पर भी किया जायेगा। पंजाब की खूबसूरत पृष्ठभूमि पर आधारित ह्यजुगजुग जियोह्व में प्यार और पारिवारिक मूल्यों के मुद्दों को दिखाया गया है। वरूण धवन, अनिल कपूर, कियारा आडवाणी, नीतू कपूर, मनीष पॉल और प्राजक्ता कोली द्वारा अभिनीत इस फिल्म को भरपूर मनोरंजन के लिये बहुत सराहा गया है। नीना इलाविया जैपुरिया, हेड-हिन्दी मास एन्टरटेनमेंट एवं किड्स टीवी नेटवर्क, वायकॉम 18 ने कहा, ह्लजुगजुग जियोह्व एक बेहतरीन फैमिली एन्टरटेनर है और साल की सबसे सफल फिल्मों में से एक है। कलर्स सिनेप्लेक्स और कलर्स पर इसका टेलीविजन प्रीमियर करते हुये हमें बेहद खुशी हो रही है। यह दर्शकों के लिये मनोरंजन के हमारे दमदार डोज की एक खास दिवाली पेशकश है। हम एक ऐसी फिल्म को प्रस्तुत करने के लिये उत्साहित हैं, जो जबरदस्त ड्रामा एवं कॉमेडी से भरपूर है एवं जिसमें भारत की सांस्कृतिक नब्ज को भी दिखाया गया है।







# रियलमी ने अपने ग्राहकों को जबरदस्त एक्सपीरियंस देने के लिए नए रियलमी केयर सर्विस सिस्टम के लॉन्च की घोषणा की

चंडीगढ़, 19 अक्टूबर, 2022: सबसे भरोसेमंद टेक्नोलॉजी ब्रांड, रियलमी ने अपने उपयोगकताओं के लिए एक निर्बाध और सरल एंड-टू-एंड कस्टमर सपोर्ट के लिए रियलमी केयर सर्विस सिस्टम लॉन्च किया है। यह लॉन्च ब्रांड के विकास के दूसरे चरण में प्रवेश का प्रतीक है, जिसमें कस्टमर एक्सपीरियंस पर अपेक्षा से अधिक ध्यान केंद्रित किया गया है। भारत में रियलमी के 70 मिलियन+ उपयोगकर्ता अब देश भर के 1000+ सर्विस सेंटरों के ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों टच-प्वाइंट पर व्हाट्सएप से लेकर सोशल मीडिया तक आसानी से कस्टमर सर्विसेज का उपयोग कर सकते हैं।

रियलमी अपनी हाई-क्वालिटी सर्विस के साथ कस्टमर सर्विस एक्सपीरियंस और कस्टमर सैटिस्फैक्शन को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। रियलमी के अपडेटेड सर्विस सिस्टम के रूप में, रियलमी केयर ह्लकंज्यूमर-ओरिएंटेडह्व कॉन्सेप्ट को और ज्यादा हाईलाइट करता है।

इस घोषणा पर रियलमी इंडिया के सीईओ, रियलमी के वीपी, और रियलमी इंटरनेशनल बिजनेस ग्रुप के प्रेसिडेंट श्री माधव शेठ ने कहा, ह्लरियलमी केयर हमारे ग्राहकों को सर्वोत्तम सेवा देने और हमारे कस्टमर एक्सपीरियंस को और अच्छा बनाने पर ध्यान केंद्रित करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इस पहल के माध्यम से, हम ह्यसर्विस क्वालिटीह्व और ह्यकंसिस्टेंसी, कन्वीनिएंस और केयरह्व जैसे मूल्यों के साथ डिजिटल टेक्नोलॉजी के माध्यम से एक सम्पूर्ण सर्विस को सुनिश्चित कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि रियलमी की सर्विस टेक्नोलॉजी इंडस्ट्री में कस्टमर एक्सपीरियंस बेंचमार्क बनेगी।

रियलमी ने रियलमी केयर+ की भी घोषणा की है, जो मात्र 489 रुपये से शुरू होनेवाली एक किफायती कीमत पर उपलब्ध है। प्रिविलेज्ड प्लान उपभोक्ताओं को 1 साल की एक्सटेंडेड वारंटी, 1 साल की स्क्रीन प्रोटेक्शन और 1 साल की एक्सीडेंटल और लिक्विड प्रोटेक्शन सहित कई पैकेजों के माध्यम से कम्पलीट मोबाइल प्रोटेक्शन सर्विसेज का लाभ उठाने की सुविधा देता है।

## संक्षिप्त समाचार

### नेस्ले का मुनाफा 8.25 प्रतिशत बढ़कर 668 करोड़ हुआ

नई दिल्ली, एजेंसी। दैनिक उपभोग के सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली प्रमुख कंपनी नेस्ले इंडिया का जुलाई-सितंबर तिमाही में मुनाफा 8.25 प्रतिशत बढ़कर 668.34 करोड़ रुपए हो गया। नेस्ले इंडिया ने बुधवार को बीती तिमाही के आंकड़ों की जानकारी बीएसई को देते हुए कहा कि एक साल पहले की समान अवधि में उसका मुनाफा 617.37 करोड़ रुपए रहा था। जनवरी-दिसंबर के कारोबारी वर्ष का अनुसरण करने वाली इस कंपनी ने कहा कि सितंबर तिमाही में उसकी बिक्री 18.24 प्रतिशत बढ़कर 4,591 करोड़ रुपए हो गई जो एक साल पहले की समान अवधि में 3,882.57 करोड़ रुपए थी। जुलाई-सितंबर तिमाही में उसका कुल खर्च 20.55 प्रतिशत बढ़कर 3,715.40 करोड़ रुपए हो गया। एक साल पहले की समान अवधि में यह 3,081.99 करोड़ रुपए रहा था। कंपनी की घरेलू बिक्री 4,361.15 करोड़ रुपए रही जो एक साल पहले के 3,687.37 करोड़ रुपए की तुलना में 18.27 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान इसका निर्यात 15.68 प्रतिशत बढ़कर 205.45 करोड़ रुपए हो गया जबकि पिछले साल की समान तिमाही में यह 177.60 करोड़ रुपए रहा था।

### प्रेस्टीज एस्टेट्स की बिक्री 66 फीसदी बढ़कर 3,511 करोड़

नई दिल्ली, एजेंसी। रियल्टी फर्म प्रेस्टीज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स लिमिटेड की बिक्री बुकिंग चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में सालाना आधार पर 66 प्रतिशत बढ़कर 3,511 करोड़ रुपए हो गई। कंपनी ने शेयर बाजारों को दी गई सूचना में कहा कि जुलाई-सितंबर 2022 की तिमाही में उसकी बिक्री का आंकड़ा 3,511 करोड़ रुपए पर पहुंच गया जो एक साल पहले की समान अवधि में 2,111.9 करोड़ रुपए था। इसके साथ ही उपभोक्ताओं से प्राप्त राजस्व 68 प्रतिशत की बढ़त के साथ 2,602.9 करोड़ रुपए हो गया। आवासीय कर्ज की ब्याज दरों में बढ़ोतरी होने के बावजूद घरों की मांग में तेजी बनी हुई है जिससे प्रेस्टीज एस्टेट्स की बिक्री को समर्थन मिला है। कंपनी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही अप्रैल-सितंबर में भी उसकी बिक्री का आंकड़ा 6,523.1 करोड़ रुपए पर पहुंच गया जो एक साल पहले की समान अवधि में 2,845.9 करोड़ रुपए था।

### बीईएल ने हाइड्रोजन सेल बनाने अमेरिकी कंपनी से किया करार

बेंगलुरु, एजेंसी। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) ने हाइड्रोजन ईंधन सेल के उत्पादन के लिए अमेरिकी कंपनी ट्राइटन इलेक्ट्रिक वेहिकल (टीईवी) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया है। बीईएल ने कहा है कि इस समझौते के साथ प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण भी शामिल है। इस समझौते के तहत भारतीय बाजार में स्वच्छ ऊर्जा समाधानों की जरूरतों को पूरा करने के अलावा आपसी सहमति वाले विदेशी बाजारों में हाइड्रोजन सेल का निर्यात भी किया जाएगा। बयान के मुताबिक टीईवी ने भारत में अपना शोध एवं विकास केंद्र खोलने के अलावा विनिर्माण इकाई भी शुरू की है। इसने हाल ही में हाइड्रोजन से चलने वाले वाहनों के खंड में कदम रखा है।

### जेएमसी ने एनसीडी से 100 करोड़ जुटाने को मंजूरी दी

नई दिल्ली, एजेंसी। जेएमसी प्रोजेक्ट्स ने कहा कि उसके निदेशक मंडल ने निजी आवंटन के माध्यम से गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर जारी करके 100 करोड़ रुपए जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। शेयर बाजारों को दी गई सूचना के मुताबिक कंपनी के निदेशक मंडल की प्रबंधन समिति की बैठक में निजी नियोजन के माध्यम से 100 करोड़ रुपए के असुरक्षित, सूचीबद्ध, प्रतिदेय गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर जारी करने को मंजूरी दी गई। इसके तहत 10 लाख रुपए के अंकित मूल्य वाले कुल 1,000 असुरक्षित, सूचीबद्ध, प्रतिदेय, गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर जारी किए जाएंगे, जिन्हें सीरीज ए और सीरीज बी डिबेंचर में विभाजित किया जाएगा।

### अमेरिका ने ओपेक प्लस के फैसले को बताया ‘भूल’

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका ने कहा है कि पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक) और उसके सहयोगियों का तेल उत्पादन में कटौती का फैसला एक भूल है, जिससे रूसियों को फायदा हुआ है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरीन जीन पियरे ने कहा कि ओपेक प्लस ने पिछले हफ्ते जो निर्णय लिए, हमारा मानना है कि वे रूसियों के पक्ष में थे और अमेरिकी लोगों व दुनिया भर के परिवारों के हितों के खिलाफ थे। उन्होंने कहा कि हम मानते हैं कि यह निर्णय निम्न-आय वाली अर्थव्यवस्था वाले देशों को चोट पहुंचाने और नुकसान पहुंचाने वाला है। यह गुमराह करने वाला फैसला है और यह एक भूल तथा अदूरदर्शी निर्णय है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव ने कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन सऊदी अरब के साथ अपने संबंधों का पुनर्मूल्यांकन करने जा रहे हैं। इस प्रशासन की शुरूआत से ही उन्होंने इसकी बात की है। सऊदी अरब के साथ अपने संबंधों की बात करें तो वह इसे द्विदलीय तरीके से करना चाहते हैं, जैसा कि पिछले आठ दशकों से किया गया है।

## एनसीआर में बदली पेट्रोल और डीजल की कीमत

नई दिल्ली, एजेंसी। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में पिछले 24 घंटे के दौरान और गिरावट आई है। ब्रेंट क्रूड का भाव एक बार फिर 90 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच रहा है। देश के चारों महानगरों में पेट्रोल-डीजल के भाव स्थिर रहे हैं, लेकिन एनसीआर सहित लखनऊ, पटना जैसे शहरों में तेल के खुदरा दाम बदल गए हैं। गौतम बुद्ध नगर (नोएडा-ग्रेटर नोएडा) जिले में पेट्रोल 5 पैसा गिरकर 96.59 रुपए लीटर और डीजल 5 पैसे गिरकर 89.76 रुपए लीटर हो गया है। एनसीआर के अन्य शहरों फरीदाबाद में पेट्रोल 8 पैसे महंगा होकर 97.57 और डीजल 7 पैसे चढ़कर 90.42 रुपए लीटर पहुंच गया, जबकि गुरुग्राम में पेट्रोल 41 पैसे बढ़कर 97.18 और डीजल 40 पैसे बढ़कर 90.05 रुपए लीटर हो गया। यूपी की राजधानी लखनऊ में पेट्रोल 5 पैसे सस्ता होकर 96.57 और डीजल 5 पैसे सस्ता होकर 89.76 रुपए लीटर बिक रहा है। पटना में पेट्रोल 30 पैसे बढ़कर 107.54 रुपए और डीजल 28 पैसे चढ़कर 94.32 रुपए लीटर पहुंच गया है। पिछले 24 घंटे में ब्रेंट क्रूड का भाव 1.09 डॉलर गिरकर 90.83 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है, जबकि डब्ल्यूटीआई 1.83 डॉलर नीचे आकर 83.89 डॉलर प्रति बैरल के भाव बिक रहा है।

दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.59 रुपए और डीजल 89.76 रुपए प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.57 रुपए और डीजल 89.76 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.54 रुपए और डीजल 94.32 रुपए प्रति लीटर हो गया है। फरीदाबाद में पेट्रोल 97.57 रुपए और डीजल 90.42 रुपए प्रति लीटर हो गया है। गुरुग्राम में पेट्रोल 97.18 रुपए और डीजल 90.05 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

## दवाली-धन तेरस से पहले सोना सस्ता, चांदी की चमक बढ़ी





नई दिल्ली, एजेंसी। वैश्विक और भारतीय वायदा बाजार में बुधवार 19 अक्टूबर को सोना और चांदी की कीमतों में बदलाव हुआ है1 अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने में गिरावट आई है तो चांदी में हल्की तेजी देखी गई है। यही स्थिति भारतीय बाजार में है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का भाव शुरूआती कारोबार में 0.08 फीसदी गिर गया है1 वहीं चांदी एमसीएक्स पर 0.05 फीसदी की तेजी लिए हुए है1 दिवाली और धनतेरस के कारण दोनों कीमती धांतुओं की अच्छी मांग है. परंतु, यह मांग सोने में अभी तेजी नहीं ला रही है। बुधवार को वायदा बाजार में 24 कैरेट शुद्धता वाले सोना सुबह 40 रुपए टूटकर 50,374 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। सोने का भाव सुबह 50,397 रुपए पर खुला था। एक बार यह 50,317 रुपए तक चला गया। बाद में इसमें थोड़ी मजबूती आई और भाव 50,374 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर चांदी के भाव में थोड़ी तेजी देखी जा रही है। चांदी 26 रुपए तेज होकर 56,380 रुपए प्रति किलोग्राम गई है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के भाव में हल्की गिरावट आई है। सोने का हाजिर भाव 0.04 फीसदी गिरकर 1,650.13 डॉलर प्रति औंस रह गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी का भाव तेज हुआ है। चांदी का हाजिर भाव 0.34 फीसदी बढ़कर 18.72 डॉलर प्रति औंस हो गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, ज्वैलरी बाजार में धनतेरस और दिवाली पर सोने और चांदी की मांग बढ़ जाती है। मांग बढ़ाने के लिए ज्वैलर्स ग्राहकों को ऑफर्स भी दे रहे हैं। धनतेरस के लिए सोने और चांदी के सिक्कों की बुकिंग और खरीदारी शुरू हो चुकी है। कारोबारियों का कहना है कि इस बार पिछले साल से बेहतर बिक्री की उम्मीद है।

## आगामी बजट में एक फिर उद्योग जगत को टैक्स में राहत दे सकती है सरकार


### सरकार ने उद्योगों और व्यापारिक संगठनों से बजट के लिए मांगे सुझाव




नई दिल्ली, एजेंसी। सरकार ने वित्तवर्ष 2023-24 के बजट के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं और सभी हितधारकों से बजट को लेकर सुझाव मांगे जा रहे हैं। इस कड़ी में उद्योगों और व्यापारिक संगठनों से भी सुझाव मांगा है। वित्त मंत्रालय ने इस बार उद्योगों और व्यापारिक संगठनों से टैक्स को लेकर सुझाव मांगे हैं, जिसके बाद ये कयास लगाए जाने लगे हैं कि आगामी बजट में एक फिर उद्योग जगत को टैक्स में राहत मिल सकती है।वित्त मंत्रालय ने कहा है कि उद्योगों और व्यापारिक संगठनों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष टैक्स पर अपने सुझाव 5 नवंबर तक देने होंगे। सुझाव के साथ इंडस्ट्री को अपनी मांग भी मंत्रालय के पास भेजनी होगी और इसमें से जो भी तर्कसंगत लगेगा उसे 1 फरवरी, 2023 को जारी होने वाले आम बजट में शामिल किया जा सकता है। टैक्स के मामले में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर के साथ शुल्क और भाव को लेकर भी सुझाव मांगे गए हैं। मंत्रालय ने कहा है कि अगले वित्तवर्ष 2023-24 के लिए केंद्रीय बजट तैयार करने में इन सुझावों और प्रस्तावों से काफी मदद मिलेगी। साथ ही संगठनों और अलग-अलग उद्योगों के सहयोग से बजट को ज्यादा बेहतर बनाया जा सकता है।

वित्त मंत्रालय ने उद्योगों पर कम्प्लायंस का बोझ घटाने को लेकर भी सुझाव मांगे हैं। इससे टैक्स को लेकर निश्चित कानून बनाने और इससे जुड़े विवादों को कम करने में भी मदद मिलेगी। सरकार ने बजट 2019 में कॉरपोरेट टैक्स में बड़ा बदलाव और सुधार किया था और कॉरपोरेट टैक्स को घटाकर 22 फीसदी कर दिया था। हालांकि, इसके लिए शर्त ये थी कि कंपनी को बाकी छूट और प्रोत्साहन छोड़ना होगा। इसी तरह, 1 अक्टूबर 2019 के बाद निवेश करने वाली कंपनियों पर 15 फीसदी टैक्स का नियम बना था। इसके लिए भी कंपनियों को सभी तरह के लाभ छोड़ने होंगे। हालांकि, कंपनियों को नए और पुराने इनकम टैक्स की दर चुनने का भी विकल्प मिला है।

## स्टार्टअप कंपनी प्रवेग करेगी पहली इलेक्ट्रिक कार लॉन्च



नई दिल्ली, एजेंसी। भारत में स्टार्टअप कंपनी प्रवेग अपनी पहली इलेक्ट्रिक कार लॉन्च करने जा रही है। कार के नाम को लेकर अब तक कोई खुलासा नहीं किया गया है। माना जा रहा है कि नवंबर में कंपनी इससे भी पर्दा उठाया जा सकता है।आने वाली इलेक्ट्रिक कार एक एसयूवी होगी, जिसका हाल ही में टीजर रिलीज किया है।

कंपनी के मुताबिक, प्रवेग इलेक्ट्रिक एसयूवी की खास बात यह होगी कि ये एक बार चार्ज करने पर 500 किमी तक चल सकेगी। इसकी टॉप स्पीड 200 किमी प्रतिघंटा होगी। इसके अलावा कार का पिकअप किसी लग्जरी स्पोर्ट्स कार से कम नहीं होगा। यह महज 4.3 सेकंड में 0-100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार तक पहुंच सकेगी।डिजाइन के मामले में यह इलेक्ट्रिक एसयूवी किसी स्पोर्ट्स लग्जरी कार से कम नहीं होगी।

इसके फ्रंट लुक की बात करें तो यह काफी शार्प दिखाई दे रहा है, वहीं रियर ग्लास को शार्प लुक दिया गया है। फ्रंट व्हील आर्च को फ्लेयर किया गया है। पीछे की पूरी चौड़ाई में पतला लाइटबार है। यह उम्मीद की जा सकती है कि फ्रंट में भी हेडलैम्प्स के समान डिजाइन होगा। लेफ्ट रियर फेंडर पर चार्जिंग पोर्ट है। दरवाजे के हैंडल देखने में काफी दिलचस्प लगते हैं। साथ ही इसमें 5-स्पोक अलॉय व्हील भी देखने को मिलेंगे।कंपनी ने लॉन्च से पहले इस इलेक्ट्रिक एसयूवी की कुछ विशेषताओं का खुलासा कर दिया है। कंपनी ने बताया है कि इसकी बैटरी की फुललाइफ 10 लाख किलोमीटर होगी।

खास बात यह है कि इसमें सेफ्टी के लिए भी कई फीचर्स देखने को मिलेंगे। कंपनी ने इसमें सिल्क स्मूथ सस्पेंशन का इस्तेमाल किया है। आने वाली इलेक्ट्रिक एसयूवी की टॉप स्पीड 200 किमी प्रति घंटा होगी। एसयूवी में फास्ट चार्जिंग क्षमता होगी, इसलिए केवल 30 मिनट में 80 प्रतिशत तक चार्ज हो जाएगी। इसके अलावा कार को एक बार चार्ज करने पर 504 किमी तक भी चलाया जा सकता है।

## सैमसंग का किफायती 5जी स्मार्टफोन जल्द होगा लांच


नई दिल्ली, एजेंसी। सैमसंग कंपनी जल्द ही कई बजट स्मार्टफोन लॉन्च कर सकती है। सैमसंग कंपनी फिलहाल गैलेक्सी ए04ई और गैलेक्सी एम04 स्मार्टफोन पर काम कर रही है। इस बीच गैलेक्सी ए14 5जी को लेकर ताजा रिपोर्ट सामने आई है।

सर्टिफिकेशन से संकेत मिलता है कि कंपनी अपना नया स्मार्टफोन बहुत जल्द बाजार में लॉन्च कर सकती है।माना जा रहा है कि यह सैमसंग का सबसे किफायती 5जी स्मार्टफोन होगा। कंपनी इस फोन में अमोलेड के बजाय बड़ा एलसीडी डिस्प्ले ऑफर कर सकती है। बता दें कि इस महीने की शुरूआत में भी स्मार्टफोन के रेंडर सामने आए थे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक गैलेक्सी ए14 5जी स्मार्टफोन को वाई-फाई अलायंस वेबसाइट पर मॉडल नंबर एसएम-ए146पी के साथ लिस्ट किया गया है। फिलहाल स्मार्टफोन के बारे में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है।

लिस्टिंग के मुताबिक नए फोन में 2.4 गीगाहर्ट्ज और 5 गीगाहर्ट्ज वाई-फाई को सपोर्ट मिल सकता है। फोन एंड्रॉयड 13-बेस्ड वन यूआई 5.0 स्किन ओएस पर चलेगा।इस महीने की शुरूआत में इस स्मार्टफोन के रेंडर सामने आए थे। रेंडर इमेज के मुताबिक, गैलेक्सी ए14 में वॉटरड्रॉप नॉच मिलेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि फोन ने दाएं कोने पर वॉल्यूम रॉकर और पावर बटन होंगे। वहीं लेफ्ट कॉर्नर पर कोई बटन नहीं मिलेगा। फोन में यूएसबी-सी पोर्ट और 3.5 मिमी हेडफोन जैक के साथ स्पीकर ग्रिल होगा।

## एप्पल का जल्द आ रहा आईपैड प्रो 2022 व आईफोन

### मिलेगा सबसे दमदार चिपसेट एम2



मुंबई , एजेंसी। एप्पल कंपनी बहुत जल्द आईपैड प्रो 2022, 10वीं जेनरेशन आईफोन और नए मैक की पेशकश करने के लिए तैयार है। कहा जा रहा है कि ऐपल अपने इन प्रोडक्ट्स को 24 अक्टूबर को पेश करेगी। ब्लूमबर्ग के मार्क गुरमन के मुताबिक, ऐपल आईपैड 10 कोडनेम ख272 पर काम कर रहा है। माना जा रहा है कि आने वाले आईपैड में यूएसबी टाइप-सी होगा।

उम्मीद की जा रही है कि ऐपल अपडेटेड 11 इंच और 12.9 इंच का आईपैड प्रो लॉन्च करेगा, और इसमें एम2 चिप और मैगसेफ वायरलेस चार्जिंग सपोर्ट दिया जाएगा। गुरमन का कहना है कि एम2 चिप सबसे बड़ा बदलाव होगा क्योंकि प्रोसेसर से लगभग 20प्रतिशत स्पीड बढ़ाने की उम्मीद है। इसके अलावा ये भी माना जा रहा है कि कंपनी एंट्री लेवल आईपैड लॉन्च करेगी, जो कि नई डिजाइन और 10.5 इंच के बड़े डिस्प्ले के साथ आ सकता है। इसमें यूएसबी-सी पोर्ट, फ्लैट एज चेसिस और रियर कैमरा बंप के साथ आएगा। इसमें ए14 बायोनिक चिप और 5जी सपोर्ट दिया जाएगा।

आईपैड प्रो 11 इंच के आईपैड प्रो के लिए मैगसेफ और मिनी एलईडी के साथ वायरलेस चार्जिंग, बैकलाइटिंग के साथ भी आ सकता है। इस साल मेक मिनी, मेक प्रो, और मेकबुक प्रो के लॉन्च होने की भी उम्मीद है। इसके अलावा इस महीने ऐपल आई पेड ओएस 16.1 के साथ-साथ आईओएस 16.1 को भी पेश करेगी। नए सॉफ्टवेयर से आईफोन यूजर्स को नए फीचर मिलेंगे, जिसमें कि थर्ड-पार्टी ऐप्स के लिए लाइव एक्टिविटी सपोर्ट मौजूद होगा।

# क्या मजबूत डॉलर से दुनिया में मंदी लाएगा अमेरिका?

## अभी डॉलर में ही किया जाता है दुनियाभर में होने वाला 40 फीसदी व्यापारिक लेनदेन

नई दिल्ली, एजेंसी। डॉलर के मुकाबले कमजोर होते रुपए का संकट भारत के लिए एक बड़ी चुनौती है। दुनियाभर के बाजारों में मंदी के बावजूद भारतीय बाजार किसी तरह अपने पैरों पर खड़ा होता नजर आ रहा है, लेकिन कमजोर करेंसी बाजारों को डरा रही है। अब सवाल है कि क्या अमेरिका जानबूझकर डॉलर को मजबूत कर रहा है या फिर अमेरिका को अपनी मंदी से ज्यादा डॉलर के कमजोर होने का डर है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद भारत ने रूस से तेल खरीदा, जिस पर अमेरिका की नजर टेढ़ी हो गई है। अमेरिका को तेल के बजाए इस बात की ज्यादा चिंता है कि भारत, चीन और बाकी विकासशील देश कहीं आपस में मिलकर अपनी-अपनी करेंसी में व्यापार करने लगे तो उसके लिए बड़ी चुनौती खड़ी हो जाएगी। ऐसा हुआ तो डॉलर का अंतरराष्ट्रीय करेंसी के तौर पर बना रूतबा कम हो जाएगा। अमेरिका को डॉलर के अंतरराष्ट्रीय करेंसी होने से जबरदस्त फायदे होते हैं। केंद्र सरकार भी कई सालों से इस बात का सपना देख रही है कि कब वो अपने बड़े लेनदेन रुपए में करने लगेगी। इसके लिए मौजूदा मोदी सरकार ने अपनी पॉलिसी में भी बड़ा बदलाव किया है। आईएमएफ के आंकड़े देखें तो अभी दुनियाभर में होने वाला 40 फीसदी व्यापारिक लेनदेन डॉलर में ही किया जाता है।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत आने वाले विदेश व्यापार महानिदेशालय ने विदेश व्यापार नीति में संशोधन किया था, जिसके बाद वित्तीय लेनदेन भारतीय रुपये में करने का रास्ता खुला है। आरबीआई ने भारतीय बैंकों को विदेश में ब्रांच और खाता खोलने की अनुमति दी, लेकिन फिलहाल इस योजना के धरातल पर और तेजी से काम करने में समय लग सकता है। रूस देश स्विफ्ट ट्रांजेक्शन के तहत डॉलर के दबदबे को कम करने की कोशिशें कर रहे हैं लेकिन अभी तक कामयाब होते नहीं दिख रहे हैं। मजबूत होते डॉलर की वजह से भारत समेत दुनिया की इमरजिंग इकोनॉमी को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। चीन भारत और रूस ने ज्यादा से ज्यादा लोकल करेंसी में ट्रांजेक्शन की इच्छा जताई है लेकिन अमेरिका अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए किसी भी कीमत पर डॉलर को कमजोर नहीं होने दे रहा है। इस बात को इस प्रकार समझ सकते हैं कि अमेरिकी फेड ने ब्याज दरें बढ़ाई तो बाकी देशों को भी ब्याज दरों को बढ़ाने के लिए मजबूर होना पड़ा है। अब पूरी दुनिया अमेरिका की इस डॉलर दादागिरी से मुक्त होने के लिए झटपटा रही है। दूसरी ओर फेड की आसमान छूती ब्याज दरों से अमेरिकी नागरिक और इकोनॉमी टूट रही है। अमेरिकी बाजार 30 से 40 प्रतिशत तक टूट चुके हैं लेकिन अमेरिका को सिर्फ महंगाई और डॉलर की मजबूती की चिंता है। रूस-भारत समेत दुनिया के बाकी देशों के साथ लोकल करेंसी में कारोबार करने के लिए तैयार हैं लेकिन अमेरिका नहीं चाहता कि उसका डॉलर डॉमिनेंस किसी भी तरह से कम हो।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

मदरलैण्ड वॉइस 11
नई दिल्ली, गुरुवार, 20 अक्टूबर 2022

# भारतीय टीम टी20 विश्व कप मुकाबले में पाक पर हावी रहेगी : बांगर

नई दिल्ली, एजेंसी। पूर्व बल्लेबाजी कोच संजय बांगर ने कहा है कि भारतीय टीम पुरुष टी20 विश्व कप मुकाबले में परंपरागत विरोधी टीम पाकिस्तान पर भारी पड़ेगी। विश्व कप में भारत और पाक की टीम 23 अक्टूबर को आमने-सामने होगी। इसमें भारतीय टीम बल्लेबाजी विभाग में पाकिस्तान की तुलना में कहीं बेहतर हालत में है। बांगर ने कहा कि कप्तान रोहित शर्मा की टीम हाल में मिली जीत से अब अच्छी लय में आ गयी है। भारत और पाक की टीम एक माह बाद ही तीसरी बार आमने-सामने होंगीं। दोनो ही टीमों के बीच पिछले माह एशिया कप में दो मुकाबले हुए थे। इसमें से भारत ने एक जबकि पाक ने भी एक ही मैच जीता। अब दोनो ही टीमें एक बार फिर मेलबर्न क्रिकेट मैदान (एमसीजी) में आमने-सामने होंगी।



बांगर ने कहा कि भारतीय टीम बल्लेबाजी के मामले में पाक से कहीं बेहतर है। भारतीय टीम के पास रोहित शर्मा, विराट कोहली, लोकेश राहुल और सूर्यकुमार यादव जैसे अच्छे बल्लेबाज हैं। सूर्यकुमार ने हाल के दिनों में काफी आक्रामक क्रिकेट खेली है। वहीं दूसरी ओर पाक के पास कप्तान बाबर आजम और विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान जैसे बल्लेबाज हैं पर पाक टीम का मध्य क्रम अच्छा नहीं है जिसका लाभ भारतीय गेंदबाज उठा सकते हैं। पाक टीम की बल्लेबाजी आजम और रिजवान पर निर्भर है पर भारत के साथ ऐसा नहीं है।

भारतीय टीम के पास चार या पांच मैच विजेता हैं। बांगर ने कहा, बल्लेबाजी के नजरिए से मुझे लगता है कि भारतीय टीम बेहतर स्थिति में है। बांगर ने हालांकि माना कि मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बाहर होने से भारतीय टीम गेंदबाजी में पाक से कुछ पिछड़ गयी है हालांकि इसके बाद भी भारतीय टीम के पास जीत दर्ज करने की पूरी क्षमता है। इसके अलावा टीम के पास युवा अर्शदीप सिंह जैसे उभरते हुए तेज गेंदबाज हैं। बाएं हाथ के गेंदबाज अर्शदीप अपनी स्विंग गेंदबाजी और डेथ ओवरों में मारक क्षमता के कारण मैच विजेता बनकर उभर सकते हैं। इस प्रकार देखा जाये तो भारतीय टीम कौशल के मामले पर पाक पर भारी है।

# जीत के बाद एएफसी कप के लिए क्वालीफाई नहीं कर पायी भारतीय टीम



कुवैत सिटी, एजेंसी। भारतीय फुटबॉल टीम ने टायसन सिंह और गुरकीरत सिंह के गोल से अंतिम क्वॉलिफिकेशन मैच में कुवैत को 2-1 से हरा दिया। भारत की ओर से टायसन और गुरकीरत ने एक-एक गोल दागा जबकि कुवैत की ओर से एकमात्र गोल कसालेह अलमेहताब ने किया हालांकि इस जीत के बाद भी भारतीय टीम एएफसी अंडर 20 एशियाई कप के लिए क्वॉलिफाई नहीं कर पायी। भारतीय टीम ग्रुप एच में कुवैत से पहले तीसरे स्थान पर रही। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम शीर्ष पर रही जबकि और ईराक को दूसरा स्थान मिला।

एएफसी अंडर 20 एशियाई कप के लिए ग्रुप की शीर्ष टीमें और पांच सर्वश्रेष्ठ उपविजेता टीमों को ही प्रवेश मिला है। इसमें उजबेकिस्तान को मेजबान होने के कारण सीधे प्रवेश दिया गया है। यह टूनार्मेंट एक से 18 मार्च 2023 के बीच खेला जाएगा। इससे पहले के क्वॉलिफिकेशन मैच में भारत को ईराक ने 4-2 से और आस्ट्रेलिया ने 4-1 से हराया था। कुवैत के खिलाफ मैच में भारतीय टीम ने तेज शुरूआत की। टायसन ने आठवें मिनट में एक गोल कर भारत को बढ़त दिलाई। कुवैत ने भी पलटवार का प्रयास किया पर भारतीय डिफेंडरों ने उसे रोक दिया। ब्रेक तक भारत के पास एक गोल की बढ़त हो गयी थी। वहीं मैच समाप्त होने के 20 मिनट पहले ही कुवैत के कप्तान अलमेहताब ने एक गोल कर स्कोर बराबर कर दिया। अभी कुवैत खुशी मना ही रहा था कि भारत की ओर से गुरकीरत ने गोल करके टीम को जीत दिला दी।

## संक्षिप्त समाचार

### मिस्बाह ने पाक खिलाड़ियों की फिटनेस पर सवाल उठाये

करांची, एजेंसी। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मिस्बाह उल हक ने टी20 विश्वकप में इंग्लैंड के खिलाफ अभ्यास मैच में मिली हार पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अपनी टीम के खिलाड़ियों की फिटनेस पर ही सवाल उठा दिये। पाक टीम को इस अभ्यास मैच में 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा है। इस मैच में पाक टीम हर क्षेत्र में बल्लेबाजी के अलाव गेंदबाजी ओर क्षेत्ररक्षण में भी नाकाम रही। मिस्बाह ने पाक खिलाड़यों की फिटनेस को लेकर टीम प्रबंधन को आड़े हाथों लिया है। मिस्बाह ने कहा,ह्व खिलाड़ियों के पेट दिखाई दे रहे हैं, बजन बढ़ने के कारण वह तेजी से भाग भी नहीं पा रहे हैं। इसका कारण यह है कि खिलाड़ियों के चयन के समय एक भी फिटनेस टेस्ट नहीं हुआ मिस्बाह ने कहा कि पूर्व कोचिंग स्टाफ और मैंने कोच के तौर पर टीम छोड़ दी, क्योंकि उन्हें अच्छा ट्रेनर और कोच नहीं माना जाता था। मिस्बाह ने कहा, ह्लसाफ तौर पर, फिटनेस का मामला हार के पीछे नजर आ रहा है। वकार ने चार बार कोच के रूप में टीम को छोड़ा और मैंने एक बार छोड़ा। मेरे जैसे खिलाड़ी, शोएब मलिक और यूनिस खान फिटनेस का काफी ख्याल रखते थे और हम स्वयं की फिटनेस को लेकर जोर देते थे।ह्व घरेलू सत्र के दौरान फिटनेस टेस्ट का स्तर मजाक बन जाता है। हम कहते थे कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले मानक घरेलू स्तर के लिए भी इस्तेमाल किए जाने चाहिए पर घरेलू स्तर पर जिम्मेदार लोगों ने हमेशा हमारा विरोध ही किया है

### भारतीय टीम पाक को हराती है तो विश्व कप जीतेगी : रैना

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना भी आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2022 में भारत ओर पाकिस्तान के बीच होने वाले बहुप्रतिक्षित क्रिकेट मुकाबले को लेकर उत्साहित हैं। इससे पहले हुए एशिया कप में भारतीय टीम लीग स्तर पर जीती थी जबकि पाक को सुपर फोर में जीत मिली थी। रैना ने कहा, अगर भारतीय टीम पाक के खिलाफ शुरूआती मैच जीतती है तो उसके विश्व कप जीतने की संभावनाएं बढ़ जाती है। रैना का मानना है कि मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा की कमी टीम को महसूस होगी पर इसके बाद भी टीम में जीत हासिल करने की क्षमताएं हैं। रैना के अनुसार भारत के पास कई ऐसे खिलाड़ी हैं, जो ऑस्ट्रेलिया में टूनार्मेंट जीतने में सक्षम हैं। रैना ने कहा, टीम अभी अच्छा कर रही है। बुमराह की जगह शामिल शमी ने अभ्यास मैच से अच्छी शुरूआत की है। इसके अलावा टीम के पास युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और आक्रमक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव हैं जो कभी भी खेल का रुख मोड़ सकते हैं। हर खिलाड़ी अच्छी लय में है। अनुभवी बल्लेबाजविराट कोहली के अलावा टीम में रोहित शर्मा जैसे अच्छे कप्तान हैं। अगर हम पहला मैच जीत जाते हैं तो यह हमारे लिए सकारात्मक कदम रहेगा। देश में हर कोई उनके लिए प्रार्थन कर रहा है और मैं वाकई चाहता हूं कि वे विश्व कप जीतें।

### एमचेस रेपिड ऑनलाइन शतरंज में तीनों भारतीय खिलाड़ी हारे

चेन्नई, एजेंसी। भारत के डी गुकेश, अर्जुन एरिगेसी और विदित संतोष गुजराती एमचेस रेपिड ऑनलाइन शतरंज टूनार्मेंट के क्वार्टर फाइनल में हार गये हैं। गुकेश को रिचर्ड रेपर्ट के खिलाफ मुकाबले में 1.5-2.5 से शिकस्त मिली है। गुकेश ने यहां दूसरी बाजी जीतकर बढ़त बनाई थी पर इसके बाद वह लय को बनाये नहीं रख पाये। पहली बाजी ड्रॉ रहने के बादद दूसरी बाजी में गुकेश ने 1.5-0.5 की बढ़त बनाई पर रही थी। रेपर्ट ने इसके बाद वापसी करते हुए तीसरी बाजी 55 चाल में जीतकर स्कोर बराबर किया और फिर चौथी बाजी में गुकेश पर जीत हासिल कर मैच पर कब्जा कर लिया। अर्जुन को विश्व के इस नंबर एक खिलाड़ी मैगनस कार्लसन ने क्वार्टर फाइनल में 0.5-2.5 से हराया। कार्लसन ने पहली बाजी में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए बाजी ड्रॉ करायी। इसके बाद अगली दो बाजी में उम्मीद के मुताबिक खेलते हुए जीत के साथ ही सेमीफाइनल में जगह बनायी। वहीं विदित को पोलैंड के यान क्रिस्टोफ डुडा ने आसान से 0.5-2.5 से हराया।

# शाह के बयान पर भड़के अनवर , भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप को भी तटस्थ स्थल पर खेलेंगे

● जब सभी देश पाक में खेल रहे हैं तो बीसीसीसीआई को क्यों है परेशानी

लाहौर, एजेंसी। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज सईद अनवर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह के एशिया कप को पाकिस्तान की जगह किसी तटस्थ स्थल पर कराये जाने की मांग को लेकर भड़क गये हैं। अनवर ने सोशल मीडिया पर लिखा, जब सभी देशों की टीमें और क्रिकेटर पाक में मैच ओर क्रिकेट लीग खेल सकते हैं तो भारतीय क्रिकेटर क्यों नहीं खेल सकते। साथ ही पूछा है कि बीसीसीआई को आंखिर परेशानी क्या है ? साथ ही कहा कि अगर बीसीसीआई पाकिस्तान के साथ तटस्थ स्थल पर ही खेलने पर जोर देगा तो अगले साल भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप को भी हम तटस्थ स्थल पर ही खेलेंगे। .



वहीं स्थानीय मीडिया के अनुसार पीसीबी ने बीसीसीआई सचिव जय शाह के एशिया कप को पाक से बाहर कराए जाने पर दिए गए बयान को लेकर एक बैठक भी बुलाई थी। इसमें तय किया गया कि अगर बीसीसीआई एशिया कप को तटस्थ स्थल पर आयोजित करने दबाव बनाता है तो उनका देश भारत में होने वाले 2023 एकदिवसीय विश्व कप में भाग नहीं लेगा। वहीं इससे पहले मंगलवार को आम बैठक के बाद बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा था कि भारतीय टीम एशिया कप के लिए पाक नहीं जाएगी और ऐसे में हम आईसीसी से इस टूनार्मेंट को किसी तटस्थ स्थल पर आयोजित करने की मांग करेंगे।



नवी मुम्बई में फीफा अंडर-19 फुटबॉल विश्वकप मैच में गेंद के लिए संघर्ष करती हुई चीनी और स्पेनिश खिलाड़ी।

# प्रो कबड्डी लीग में जयपुर और पुनेरी पलटन जीते

बेंगलुरू, एजेंसी। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल9) में जयपुर पिंक पैंथर्स ने बंगाल वॉरियर्स को 39-24 से हरा दिया। इसी के साथ ही जयपुर ने इस सत्र में लगातार चौथी जीत हासिल की है। वहीं बंगाल को इस टूनार्मेंट में पहली हार मिली है। जयपुर की जीत में अर्जुन देसवाल और वी अजीत की अहम भूमिका रही। अर्जुन ने एक बार फिर सुपर टेन (10 या अधिक अंक) हासिल किये, जिससे जयपुर ने पांच मैचों में चौथी जीत दर्ज की। वहीं एक अन्य मुकाबले में आखिरी रेड में पुनेरी पलटन ने तेलुगू टाइटंस को पराजित किया। पलटन ने इसी के साथ ही लगातार दूसरा मुकाबला जीता।



इस मैच के पहले 10 मिनट तक मुकाबला बराबरी पर रहा था और दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। इसके बाद जयपुर ने हावी होना शुरू कर दिया। 14वें मिनट में बंगाल को ऑल आउट करते हुए जयपुर ने मैच में 6 अंकों की बढ़त हासिल की। वहीं ऑल आउट होने के बाद बंगाल की वापसी नहीं कर पाई। पहला हाफ समाप्त होने तक जयपुर के पास 8 अंकों की बढ़त आ गयी थी। इस दौरान बंगाल के कप्तान मनिंदर सिंह पहले हाफ में 8 रेड करने के बाद भी केवल एक ही अंक हासिल कर पाये। वहीं जयपुर की ओर से अर्जुन देशवाल ने अच्छा प्रदर्शन किया।

आखिरी रेड तक चले मुकाबले के बाद पलटन ने टाइटंस की गलतियों से लाभ उठाते हुए लगातार दूसरी जीत हासिल की। टाइटंस को इस सत्र में चौथी हार मिली है। पलटन का खेल मुकाबले में अच्छा नहीं रहा और उन्हें टाइटंस की गलतियों के कारण आराम से जीत मिल गयी।

पुनेरी पलटन की ओर से इनामदार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये। टाइटंस ने सिद्धार्थ देसाई को स्टार्टिंग सेवन में जगह नहीं दी थी। मोनू गोयत चार रेड करने के बाद भी खाता खोलने में नाकाम रहे। हाफ टाइम तक पलटन को 11-9 की बढ़त मिल गयी। दूसरे हाफ में पलटन ने और बेहतर प्रदर्शन करते हुए उन्होंने तीसरे मिनट में ही टाइटंस को समेट करके मैच में पांच अंकों की बढ़त हासिल कर थी।


# भारत-पाकिस्तान मैच महामुकाबले पर पानी फेर सकती है बारिश

सिडनी, एजेंसी। भारत ओर पाकिस्तान के बीच होने आईसीसी टी20 विश्वकप कप 2022 के महामुकाबले को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह है ओर सभी इस मैच का इंतजार कर रहे हैं। वहीं मौसम विभाग की एक रिपोर्ट प्रशंसकों की उम्मीदों पर पानी फेर सकती है। इस रिपोर्ट के अनुसार भारत-पाक मैच में बारिश को सकती है। मौसम विभाग के अनुसार 23 अक्टूबर को मेलबर्न में बारिश की 90 फीसदी आशंका है। ग्रुप चरणों के दौरान कोई दिन आरक्षित दिन नहीं हैं। ऐसे में यह मैच अगर उस दिन नहीं खेला जा सका। तो किसी ओर दिन नहीं हो पायेगा। ऐसे में दोनो ही टीमों में अंक बांट दिये जाएंगे।

इसको देखते हुए भारत और पाक दोनों ही टीमों को मौसम के अनुसार अनुसार अपनी अंतिम ग्यारह का चयन करना होगा। इसका कारण है कि अगर कम ओवर का मैच हुआ तो पिच और मैदान के अनुसार हालात बदल जाएंगे। ऐसे में कौन सा खिलाड़ी कब चलेगा। इसका भी ध्यान रखना होगा। मौसम विभाग के मेलबर्न में गुरुवार 20 अक्टूबर की रात को हल्की बारिश को सकती है। इसके बाद अगले तीन दिनों तक बारिश का असर दिखेगा। 96 फीसदी संभावना है कि 21 अक्टूबर को बारिश होगी और 22 अक्टूबर को शनिवार के दिन भी मौसम इसी प्रकार का रहेगा। इसके बाद 23 अक्टूबर रविवार को भी भारी बारिश होने की संभावना है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 100 फीसदी बादल रहेंगे और अगर इसमें बारिश नहीं हुई तो तेज गेंदबाजों को पिच से अच्छी सहायता मिलेगी। वहीं भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने हाल ही में कहा था कि उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ अपने टूनार्मेंट के पहले मैच के लिए अंतिम ग्याहर को पहले ही अंतिम रूप दे दिया है और सभी खिलाड़ियों को भी इसके अनुसार तैयारी करने के लिए कहा है पर अगर बारिश आयी तो रोहित को हालातों को देखते हुए टीम में बदलाव करने पड़ सकते हैं।

# बुमराह की जगह नहीं ले सकते शमी : रैना

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की जमकर प्रशंसा करते हुए उन्हें एक अनौखा क्रिकेटर करार दिया। बुमराह फिट नहीं होने के कारण टी20 विश्व कप से बाहर हैं। ऐसे में उनकी जगह तेज गेंदबाजी मो शमी को शामिल किया गया है। शमी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अभ्यास मैच में तीन विकेट लेकर वाहवाही लूटी हैं पर इसके बाद भी रैना उन्हें बुमराह का उपयुक्त विकल्प नहीं मानते हैं।



रैना ने कहा,ह्वमैं शमी को एक परफेक्ट रिप्लेसमेंट नहीं कहूंगा, बुमराह एक अनोखे खिलाड़ी हैं। कोई भी बुमराह या ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा की जगह नहीं ले सकता। इसका कारण है कि बुमराह और जडेजा ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने लगातार भारतीय टीम के लिए शानदार प्रदर्शन किया है।ह्व रैना ने हालांकि यह भी कहा,ह्व बुमराह के विकल्प के तौर भारत के पास मोहम्मद सिराज, शार्दुल ठाकुर और मोहम्मद शमी जैसे विकल्प थे पर भारतीय टीम ने शमी के तौर पर सबसे अच्छा विकल्प चुना है। पिछले कुछ समय में मोहम्मद शमी ने अच्छा प्रदर्शन किया है। फिलहाल, वह शानदार फॉर्म से गुजर रहे हैं। बीसीसीआई ने मोहम्मद शमी को ऑस्ट्रेलिया भेजकर सही काम किया है।

# नेट पर पसीना बहाने का आजम का वीडियो वायरल

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के लय देख पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम भयभीत हैं। टी20 वर्ल्ड कप के अपने पहले वॉर्मअप मैच में ऑस्ट्रेलिया को 6 रन से हराया, तो वहीं पाकिस्तान को इंग्लैंड के हाथों हार झेलनी पड़ी। अब भारत को 19 अक्टूबर यानी बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरा वॉर्मअप मैच खेलना है। हालांकि, इस मैच से पहले टीम इंडिया ने प्रैक्टिस करने के बजाए आराम करने का फैसला लिया। वहीं, पाकिस्तान की टीम इंग्लैंड से हारने के बाद नेट्स पर पसीना बहाने के लिए उतर गई। पाकिस्तान को अपना पहला मैच भारत से 23 अक्टूबर को खेलना है। इस हाई वोल्टेज मुकाबले के लिए दोनों ही टीमें कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती हैं। हर खिलाड़ी इस मैच से पहले अपनी कमियों और कमजोरियों को दूर कर लेना चाहता है। इसमें पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम भी शामिल हैं।

बाबर भारत के खिलाफ होने वाले मैच से पहले नेट्स पर खास तैयारी कर रहे हैं। इसका वीडियो सामने आया है। इसमें वो शॉर्ट पिंच और बाउंसर गेंदों के खिलाफ नेट्स पर प्रैक्टिस करते नजर आए। बाबर ने करीब एक घंटे तक नेट्स पर शॉर्ट गेंदों के खिलाफ बल्लेबाजी का अभ्यास किया। बीते कुछ महीनों में भारतीय तेज गेंदबाजों ने अपनी शॉर्ट पिंच गेंदों से विपक्षी बल्लेबाजों को काफी परेशान किया है। एशिया कप, इसके बाद ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हुई घरेलू टी20 सीरीज में भी भारतीय तेज गेंदबाजों ने शॉर्ट पिच गेंदों और बाउंसर का अच्छा इस्तेमाल किया था। पाकिस्तान की टीम भी भारतीय गेंदबाजों की इस नई ताकत से अंजान नहीं है। इसलिए बाबर और दूसरे पाकिस्तानी बल्लेबाज नेट्स पर शॉर्ट पिच गेंदों को खेलने का अभ्यास कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलियाई पिचों पर वैसे भी तेज गेंदबाजों को अतिरिक्त उछाल मिलता है और गेंदबाज इसका पूरा फायदा उठाने की कोशिश करते हैं। भारतीय टीम भी इसमें पीछे नहीं रहने वाली है। हाल के कुछ महीनों में बाबर शॉर्ट गेंदों के खिलाफ संघर्ष करते नजर आए हैं। एशिया कप में भी भारत के खिलाफ पहले मैच में बाबर शॉर्ट गेंद पर ही आउट हुए थे। तब उन्हें भुवनेश्वर कुमार ने अपनी रफ्तार से चौंका दिया था। टीम इंडिया में भले ही जसप्रीत बुमराह नहीं हैं। लेकिन, मोहम्मद शमी और हार्दिक पंड्या दोनों शॉर्ट गेंदों और बाउंसर का इस्तेमाल करना बखूबी जानते हैं। ऐसे में बाबर महामुकाबले से पहले अपनी तैयारी पूरी कर लेना चाहते हैं।

शमी ने जिस तरह से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वॉर्मअप मैच में सीधे 20वां ओवर फेंका और अपनी सटीक यॉर्कर से ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को चारों खाने चित कर दिया। उसे, पाकिस्तान टीम ने भी देखा होगा। उन्हें भी इस बात का अंदाजा मिल चुका होगा कि शमी पूरी तरह तैयार हैं और बुमराह की गैरहाजिरी में भी भारतीय गेंदबाजों से पार पाना पाकिस्तान के लिए उतना आसान नहीं होगा।

# कपिल को भारतीय टीम के सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें कम

## कहा टीम के पास है ऑलराउंडरों की कमी


नई दिल्ली, एजेंसी। महान ऑलराउंडर कपिल देव का मानना है कि इस बार रोहित शर्मा की कप्तानी में उतरी भारतीय टीम का प्रदर्शन देखकर लगता है कि वह शायद ही सेमीफाइनल तक पहुंच पाये। कपिन के अनुसार भारतीय टीम के सेमीफाइनल तक पहुंचने की संभावनाएं केवल 30 फीसदी ही हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी टूनार्मेंट में टीम की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि उसके पास कितने ऑलराउंडर हैं और इस बार टीम का ये पक्ष कमजोर है। ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा सर्जरी के कारण टीम से बाहर हैं। ऐसे में टीम के पास केवल एक ही अनुभवी ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या है।



कपिल ने एक कार्यक्रम में कहा, टी20 क्रिकेट में जो टीम आज मैच जीत रही है वही इसमें अगला मैच हार सकती है। ऐसे में भारत के विश्व कप जीतने का दावा करना संभव नहीं है। मुझे टीम के सेमीफाइनल में पहुंचने पर भी संदेश है। अगर टीम यहां पहुंच गयी तभी आगे को लेकर कुछ कहा जा सकता है। मेरे अनुसार टीम इंडिया के आखिरी 4 में रहने की संभावना ही 30 फीसदी है। इस पूर्व भारतीय कप्तान ने टीम में ऑलराउंडर की जरुरत को लेकर कहा , ह्यआप टीम में एक ऐसा ऑलराउंडर चाहते हैं, जो न केवल विश्व कप में, बल्कि बचे हुए मैचों या दूसरे टूनार्मेंट में भी टीम को जीत दिला सके। भारतीय टीम के लिए अब तक पंड्या जैसे ऑलराउंडर उपयोगी रहे हैं। ऑलराउंडर किसी भी टीम के प्रमुख खिलाड़ी होते हैं और वे ही टीम की ताकत बनते हैं ह्ल उन्होंने आगे कहा, ह्यहार्दिक जैसा ऑलराउंडर कप्तान को छठे गेंदबाज का इस्तेमाल करने की पूरी आजादी देता है। इसके अलावा जडेजा भी भारत के लिए एक बेहतरीन ऑलराउंडर हैं। हमारे समय में भी, भारतीय टीम में बहुत सारे ऑलराउंडर थे।ह्ल ऑलराउंडर खिलाड़ी से टीम को एकसाथ कई विकल्प मिल जाते हैं जिससे उसका पलड़ा भारी हो जाता है।

# शाहीन की शानदार वापसी , 29 रन देकर 2 विकेट लिए

सिडनी, एजेंसी। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के मुख्य तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने चोट के बाद वापसी करते हुए टी20 विश्वकप अभयास मैच में अफगानिस्तान के खिलाफ शानदार गेंदबाजी की है। शाहीन ने चार ओवर में ही दो विकेट ले लिए। इस तेज गेंदबाज ने पहले 4 ओवर में ही 29 रन देकर 2 खिलाड़ियों को पेवेलियन भेज दिया। इस मैच में अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 153 रन बनाए। शाहीन के अलावा तेज गेंदबाज हारिस रऊफ ने भी 34 रन देकर 2 विकेट लिए। इसके अलावा शादाब खान और सपिनर मोहम्मद नवाज को एक-एक विकेट मिला।



शाहीन ने तीन माह के बाद वापसी करने के बाद भी अपने आक्रामक रुख को दिखाया। उन्होंने पहले ओवर की 5वीं गेंद पर ही अफगानिस्तान के बल्लेबाज रहमातुल्लाह गुरबज को एलबीडब्ल्यू कर दिया। गुरबज इस दौरान चोटिल भी हो गए। उन्हें खिलाड़ी सहारा देकर मैदान से बाहर ले गए। गुरबज एक भी रन नहीं बना पाये। शाहीन ने इसके बाद अपने तीसरे ओवर में ही अफगान बल्लेबाज हजरातुल्लाह जाजाई को शिकार बनाया। जाजाई केवल 9 रन ही बना पाये।

अफगानिस्तान ने अपने चार विकेट पचास रनों के अंदर ही खो दिये। इसके बाद इब्राहिम जारदान ने 34 गेंद पर 35 रन बनाकर पारी संभालने का प्रयास किया। उन्होंने 4 चौके लगाए। इसके बाद कप्तान मोहम्मद नबी और उस्मान गनी ने अच्छी बल्लेबाजी करके स्कोर को 150 रनों के ऊपर पहुंचाया। नबी ने तेजी से बल्लेबाज करते हुए पांच चौके और एक छक्का लगाकर 37 गेंद पर नाबाद अर्धशतक बनाया। वहीं गनी 20 गेंद पर 32 रन बनाकर नाबाद रहे।




newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# लंबे समय तक ऐसे सुरक्षित रखें मसाले

**आज हम आपको ऐसे कई तरीके बताएंगे, जिनसे आप मसालों को लंबे समय तक सुरक्षित रख पाएंगी. लेकिन उससे पहले आपको यह जानना होगा कि किस प्रकार के मसालों को कितने दिनों तक स्टोर किया जा सकता है, जो कि निम्न प्रकार है.**

- बीजों या छाल को 2 साल तक स्टोर किया जा सकता है.
- औषधि या फूलों को 1 साल तक स्टोर कर सकती हैं.
- हर्ब और मसालों को हमेशा सूखे स्थानों पर ही रखें. नमी वाली जगह पर रखने से इनमें गोलियां जैसी बन जाती है और कीड़े पड़ जाते हैं.
- बहुत ज्यादा रोशनी वाली जगह पर मसालों को न रखें. रोशनी, मसालों के अंदर होने वाले औयल को औक्सीडाइज कर देता है जिसकी वजह से उनका वास्तविक जायका बेकार हो जाता है.
- पारदर्शी जार में मसालों को रखने से बेहतर है कि किसी डार्क जार में इन्हे रखें. इससे उनमें लाइट भी ज्यादा नहीं पड़ेगी.
- कई लोगों को ऐसा लगता है कि फ्रिज में मसालों को रखने से वो कभी खराब नहीं होते हैं. यह एक मिथक है. फ्रिज में रखने से मसालों का फ्लेवर खत्म होने लगता है. लेकिन अगर आप इन्हें एयर-टाइट कंटेनर में रखकर फ्रिजर में डाल देते हैं तो मसाले ठीक रह सकते हैं.
- पीसे हुए मसालों की अपेक्षा, खड़े मसालों को स्टोर करें. जरूरत के हिसाब से उन्हें पीसते रहें. खड़े मसाले इतनी जल्दी खराब नहीं होते हैं जितनी जल्दी पीसे हुए मसाले खराब हो जाते हैं. साथ ही ताजे पीसे हुए मसालों का जायका भी लाजबाव होता है.
- वैक्यूम सील वाले जारों में मसालों को स्टोर करके रखने से इनमें कीट नहीं होते हैं. बस इन्हें आपको किसी अंधेरे वाले स्थान पर रखना होता है. इसमें फ्रेशनेस बरकरार रहती है.



# फूलों से दें पूरे घर को नैचुरल लुक

**घर के माहौल को साफ सुथरा, ताजगी भरा बनाए रखने के लिए फूलों को बतौर साज-सज्जा मे इस्तेमाल करने का चलन दिन ब दिन बढ़ता जा रहा है। आप घर को एग्जॉटिक, एलीगेट व नैचुरल लुक देने के लिए एनथूरियम, बर्डस ऑफ पैराडाइज, ओरियन्टल लिलि जैसे फूलों से सजा सकते है , ये फुले आपके बजट मे भी फिट बैठते है और घर को भी खूबसूरत लुक देते है ।**





यदि आप इसे अपने बेडरूम या सोफे के पास टेबल पर रखेगी तो लगेगा जैसे टेबल लप रखा हो जिसमे से नारंगी, पीला व लाल रोशनी की किरण आपके कमरे मे बिखर रही हो। इसे घर मे सजाने के अलावा किसी को बुके गिफ्ट भी कर सकती है। एक फूल की कीमत 40 से 90 रुपये होती है। काल्ला लिली और ओरियंटल लिलीज् खूबसूरत काल्ला लिली जितनी नैचुरल दिखती है, उतनी ही सॉफ्ट, ग्रेसफुल होती है। यह वास फ्लावर के लिए बढ़िया ऑप्शन है। यह काफी डेलिकेट होती है जो किसी भी फूल वाले के पास मिल जाएगा।

ओरियन्टल लिली भी बेहद खूबसूरत होते है और इनके शेडस टेक्सचर व गरेस इतने अच्छे होते है कि बिना लिए आपका दिल नहीं मानेगा। सबसे फेमस ओरियन्टल लिली 'स्टार गेजर' है जिसकी पंखुड़ियां स्टार की तरह दिखती है। इसकी कीमत 45 से 85 रुपये और काल्ला लिली की 25 से 50 रुपये होती है। स्टार गेजर की पंखुड़ियां गुलाबी व किनारा सफेद रंग का होता है। ये सभी फूल लाइट व डार्क पिंक, पर्पल, व्हाइट कलर्स मे आते है। इसे डाइनिंग व सेंट्रल टेबल पर रख अपने मेहमानों का दिल खुश कर सकती है। हेलिकोनियाज् रंगज्बिरंगा हेलिकोनिया को लिविंग रूम के किसी कोने मे रख कर देखे। ऐसा लगेगा जैसे लंबी माला टंगा हुई है। इसे लॉबस्टर क्लॉ, वाइल्ड प्लांटेन या फॉल्स बर्ड ऑफ पैराडाइज भी कहा जाता है। केकड़ों मे आगे की ओर दो लंबेज्लंबे क्लॉ होते है, ये इसी तरह दिखते है।

मल्टी कलर और भिन्नज्भिन्न आकार वाले इस फूल से घर मे आकर्षक फ्लावर अरेजमेट कर सकती है। खासकर पार्टी, फंक्शन आदि के दिनों मे। वैसे फूल तो बड़े नाजुक व हल्के होते है पर हेलोकोनिया ऐसा नहीं। यह थोड़ा हेवी होता है। इसकी कीमत 65 से लेकर 90 रुपये तक होती है। एमैरिलिसज् यह फूल कुछ हद तक ओरियन्टल लिली की तरह दिखता है। इसे रोमांटिक फ्लावर के तौर पर भी माना जाता है, इसलिए अपने बेडरूम मे इसे सजाकर अपने रूठे साथी को खुश कर सकती है। यह लाल रंग के चेरी शेड, पिंक, नारंगी, सफेद और नारंगी व सफेद के कॉम्बिनेशन मे आता है। इसकी कीमत 15 से 25 रुपये होती है। इसमे नीचे पतली सी हरी डंडी और ऊपर की ओर फूल लगा होता है।

# आयुर्वेदिक गुणों से भरपूर हैं सहजन की पत्तियां

**डायबिटीज :** सहजन की पत्तियों के अर्क में मधुमेह विरोधी और एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं जिस वजह से ये मधुमेह रोगी के लक्षणों को कम करने में सहायक होती हैं। ये इंसुलिन के स्तर और संवेदनशीलता को भी बढ़ा सकती हैं जिससे मधुमेह रोगी को फायदा मिलता है। हार्ट के लिए अच्छा सहजन की पत्तियों के फायदे आपके दिल को खराब कोलेस्ट्रॉल के प्रभाव से बचा सकते हैं।

**बीपी को रखे कंट्रोल में :** सहजन की पत्तियों में पोटैशियम की अच्छी मात्रा होती है जो रक्तचाप को कम करने में प्रभावी होता है। पोटैशियम वैसोप्रेसिन को नियंत्रित करता है और यह हार्मोन रक्तवाहिकाओं के कामकाज को प्रभावित करता है। सहजन की पत्तियों के सेवन से उच्च रक्तचाप रोगियों को फायदा मिलता है।

**कैंसर के खतरे को करता है कम :** कैंसर के लक्षणों को कम करने के लिए सहजन की पत्तियों का उपयोग किया जा सकता है। सहजन की पत्तियों में कई प्रकार के एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन सी, जस्ता और अन्य सक्रिय घटक होते हैं जो कैंसर कोशिकाओं और फ्री रेडिकल्स के प्रभावों को कम करने में सहायक हैं।

**लीवर स्वस्थ रखे :** सहजन के पत्तों के रस में सिलिमारिन जैसे घटक होते हैं जो लिवर एंजाइम फंक्शन को बढ़ाते हैं। यह घटक यकृत को भी प्रारंभिक क्षति से भी बचाता है जो उच्च वसा के सेवन या यकृत रोग के कारण होती है।

# बोगेनवेलिया

## जितना सुंदर, उतना ही गुणकारी

**जैसा नाम वैसा बहार, इसे कागज़ का फूल भी कहा जाता है। बहुत ही कम देखभाल मे बग़ीचे को सुंदर और रंगीन बनाने में यह पौधा उत्तम है। अलग अलग देशों में इससे अलग अलग नामों से जाना जाता है। मूलरूप से यह पौधा दक्षिण अमेरिका के देशों में पाया जाता है। आम तौर पर वहां के लोग इसे बग़ीचे मे एवं वह अपने घर के मुख्य द्वार पर लगाते हैं। इसकी खोज फिलबरट कॉमर्रसन और लुई एंटोनी डी बोगनविले नाम के दो वैज्ञानिकों ने किया था। इनमें से एक वैज्ञानिक के नाम पर इस पौधे का नाम रखा गया।**

बोगेनवेलिया और इस पौधे को जन समक्ष प्रस्तुत किया गया 1789 में। यह एक लता प्रजाति का पौधा है। पूरी दुनिया ने इस पौधे की 20 प्रजाति पाई जाती है जिसे लगभग 300 से ज्यादा क़िस्म के पौधे देखने को मिलते हैं। यह किसी भी प्रकार के मिट्टी और जलवायु में ज़िंदा रहते हैं। इनमें ज्यादातर प्रजातियों के पौधे मैं नुकीले काँटे होते हैं। इसमें करीब बारहों महीने फूल होते है। ये सभी एक साथ खिलते हैं, फूलों के साथ-साथ पूरा पौधा भी हरा भरा हो जाता है। बोगेनवेलिया के फूल देखने में ही सुन्दर नहीं हैं बल्कि इसके बहुत सारे एलोपैथिक एवं आयुर्वेदिक इलाज सामने आए हैं। यह पौधा आयुर्वेद मे खांसी, दमा, पेचिश, पेट या फेफड़ों के तकलीफ जैसी समस्याओं मे उपयोग में लाया जाता है।

आईआईटी कानपुर के विशेषज्ञो ने बोगेनवेलिया के फूल से ऐसी कृत्रिम त्वचा तैयार की, जिससे गहरे घाव भरने और खराब हो चुकी त्वचा को जल्दी ठीक करने मे इस्तेमाल किया जा सकेगा। इसकी खासियत यह है सामान्यतः जितने समय में चोट ठीक होती है या जख्म भर जाता है उससे आधे समय मे ये हीलिंग हो जाएगी। इस शोध को पेटेंट करा लिया गया है। इस रिसर्च के फॉर्मूले को एक निजी कंपनी को दिया जाएगा जहां कृत्रिम त्वचा तैयार की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक इस साल के अंत तक कृत्रिम त्वचा तैयार करने का काम शुरू हो जाएगा।



# दिल को स्वस्थ रखने के लिए जरूर खाएं सूजी

**गेहूं से बनती है। सूजी को रवा के नाम से भी जाना जाता है। सूजी से बहुत से पकवान बनाएं जाते हैं। आपको बता दें कि सूजी से सिर्फ स्वादिष्ट डिशेज ही नहीं बनाएं जाते बल्कि इससे हेल्थ को भी कई फायदे होते हैं। सूजी को हेल्थ के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। सूजी में कार्बोहाइड्रेट, फाइबर, गुड फैट, प्रोटीन, विटामिन, विटामिन ए, राइबोफ्लेविन बी2, फोलेट बी9, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, कैल्शियम, आयरन, पोटेशियम, सोडियम, जिंक के गुण पाए जाते हैं, जो शरीर को कई समस्याओं से दूर रखने में मददगार माने जाते हैं।**

सूजी को औषधीय गुणों से भरपूर माना जाता है। सूजी में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बिल्कुल नहीं होती है। सूजी को डाइट में शामिल कर ब्लड प्रेशर की समस्या से बचा जा सकता है। सूजी आसानी से पच भी जाती है। सूजी को वजन घटाने में भी काफी मददगार माना जाता है। अगर आप मोटापे की समस्या से परेशान हैं और वजन को कम करना चाहते हैं तो आप सूजी को डाइट में शामिल कर सकते हैं। इसके अलावा सूजी में पाए जाने वाले पोषक तत्व मांसपेशियों के निर्माण में भी मददगार माने जाते हैं।



# ग्लोइंग स्किन के लिए अपनाएं ये होममेड सीरम

**महिलाएं आमतौर पर मार्केट में मिलने वाली महंगी क्रीम और ब्यूटी प्रॉडक्ट्स को झट से खरीद लेती हैं। इन प्रॉडक्ट्स में एक प्रॉडक्ट है सीरम। जो आपकी त्वचा का ख्याल रखता है। लेकिन केमिकल युक्त सीरम कभी-कभी आपकी त्वचा पर विपरीत प्रभाव भी डालते हैं। हम आपको घर पर ही बेहतरीन सीरम बनाने की विधि के बारे में बता रहे हैं-**

सबसे पहले एक बाउल में आर्गन तेल और अंगूर के बीज का तेल डालकर मिलाएं। इसके बाद इसमें विटामिन ई तेल व लेमन एसेंशियल ऑयल डालकर अच्छे से मिक्स करें। अब इसको ड्रॉपर बोतल में डालें। मेकअप करने या सोने से पहले इस सीरम की 2 बूंदे लेकर अपने चेहरे पर लगाएं। यह सीरम हर तरह की स्किन समस्याओं को दूर करने का माद्दा रखता है। लेमन एसेंशियल ऑयल स्किन पर मौजूद स्कार्स, दाग-धब्बे व झाइयों को खत्म करने का काम करता है। वहीं विटामिन ई तेल से झुर्रियां व बढ़ती उम्र की सभी निशानियां दूर हो जाती हैं। अंगूर के बीज के तेल में एंटी-स्कार्स और एंटी-मार्क्स प्रॉपर्टीज होती हैं, जो आपकी त्वचा को बेदाग बनाने का काम करती है।। आर्गन तेल से स्किन को पोषण मिलेगा होगी और चेहरे पर मौजूद धब्बे दूर होंगे।



# राइट डाइट से आप रहेंगे हेल्दी

अगर आप अपनी डाइट पर ध्यान दें तो कई तरह की बीमारियों से बचे रह सकते हैं या उन्हें कंट्रोल में रख सकते हैं। 'अगर आप अपने ब्लड प्रेशर को संतुलित रखना चाहते हैं तो आपको अपनी डाइट में ओमेगा 3 फैटी एसिड्स से भरपूर खाद्य पदार्थों को शामिल करना होगा।

जो ओमेगा 3 फैट को खाते हैं, उनमे ब्लड प्रेशर की दर जो ओमेगा 3 फैट का सेवन नहीं करते हैं, उनके मुकाबले कम रहती है। ओमेगा 3 फैट न केवल हार्ट की सेहत के लिए अच्छा होता है बल्कि यह आपके मूड को अच्छा रखने में भी मदद करता है। सर्दियों में यह हम सबके लिए बहुत जरूरी है। अलसी, चिया के बीज और अखरोट ओमेगा-3 फैटी एसिड के बहुत समृद्ध स्रोत हैं।

इसी तरह ऐसा भोजन जिसमें फाइबर ज्यादा मात्रा में होता है, उसका सेवन करने से हार्ट की बीमारियों, डायबिटीज और कई तरह के कैंसर होने का खतरा कम हो जाता है। अगर आप वजन कम करना चाहते हैं तो फाइबर युक्त खाद्य पदार्थ एक बढ़िया विकल्प है। आप अपनी डाइट में साबुत अनाज शामिल करें। बल्कि ब्लड शुगर में परिवर्तन आने से मूड स्विंग, सिर दर्द और थकान का भी कारण बनता है। अपने नाश्ते और दोपहर के भोजन में ज्यादा सब्जियां शामिल करें। यह सबसे ज्यादा लाभकारी डाइट है। ज्यादातर लोगों को अपने नाश्ते में सब्जियों को शामिल करना थोड़ा मुश्किल लगता है। सब्जियों को खाने में शामिल करके आप अपने खाने को ज्यादा स्वादिष्ट और पौष्टिक बना सकते हैं।



# सेम की फली के फायदे

**सब्जियों का सेवन हमारे शरीर के लिए बहुत जरूरी होता है क्योंकि इसके सेवन से हमारे शरीर को जरूरी मिनरल्स और पोषक तत्व प्राप्त होते हैं। आज के इस आर्टिकल में हम आपको ऐसी एक सब्जी के बारे में बताने जा रहे हैं जो कोई मामूली सब्जी नहीं है, इसका सेवन करना मीट से कई गुना ज्यादा फायदेमंद होता है। आयुर्वेद में भी इस बात का जिक्र किया गया है कि इस सब्जी के सेवन से कई गंभीर रोग भी ठीक हो जाते हैं।**

आपको बता दें कि आज हम जिस सब्जी की बात कर रहे हैं उस सब्जी का नाम सेम की फली है। सैम की सब्जी के सेवन से हमारे शरीर की सारी थकावट खत्म होने लगती है और दिमाग पहले से ज्यादा तेज होने लगता है।

दिल की बीमारियों में भी इसका सेवन हमारे शरीर के लिए काफी फायदेमंद होता है, इसके सेवन से हमारे शरीर में मौजूद खराब कोलेस्ट्रॉल धीरे-धीरे खत्म होने खत्म होने लगता है, जिस वजह से हार्ट अटैक जैसी खतरनाक बीमारी होने का खतरा भी कम हो जाता है।

जो लोग पाचन संबंधी समस्या से पीड़ित है, उनके लिए भी सेम की सब्जी का सेवन बहुत ही फायदेमंद रहता है। इसके सेवन से कब्ज जैसी समस्या धीरे-धीरे खत्म होने लगती है।

# वुमन ट्रेवलर्स के लिए सबसे सेफ हैं ये शहर

**अगर आपको भी अकेले ट्रेवल करना पसंद है तो आप बिना किसी टेंशन के इन शहरों को एक्सप्लोर कर सकती हैं। भ्रमण के शौकीन लोग किसी पर्यटन स्थल पर जाने से पहले कुछ बातों को सुनिश्चित जरूर करना चाहते हैं, जिनमें सबसे पहले आता है महिलाओं की सुरक्षा। हमारे देश में कई ऐसे शहर है जो महिला पर्यटकों के लिए सुरक्षित माने जाते हैं। यहां पर अकेली महिला पर्यटक भी बिना किसी दिक्कत के यात्रा कर सकती है।**

**लद्दाख**

यह सोलो ट्रेवलिंग के लिए सबसे बेहतरीन जगहों में से एक है और जहां तक संभव हो यहां अकेले ही जाना चाहिए। कहीं बाइकर्स के ग्रुप तो कहीं अकेले यात्रा करते लोग भी आपको यहां मिल जाएंगे। मगर यहां अकेले जाने से पहले एक बात का ध्यान जरूर रखें कि यहां से जुड़ी हर जानकारी पहले से जुटा लें। यहां के स्थानीय लोग भी पर्यटकों के लिए बहुत मददगार होते हैं।

**उदयपुर**

राजस्थान के लोगों की खास बात होती है कि वो बहुत फ्रेंडली और हेल्पफुल नेचर के होते हैं और उदयपुर में ऐसे लोगों की कमी नहीं है। बस उदयपुर की एक बात आपको बोर कर सकती है वो ये कि यहां की ज्यादातर जगहें कपल डेस्टिनेशन के तौर पर जानी जाती है तो अकेले वहां जाना थोड़ा अजीब लग सकता है। लेकिन अगर आप एडवेंचर के शौकीन हैं तो बिना किसी फ्रिक के यहां घूम सकते हैं।

**नैनीताल**

उत्तराखंड की ये जगह अपनी प्राकृतिक खूबसूरती के साथ यहां के लोगों की खास आवभगत और दोस्ती भरे मिजाज के लिए जानी जाती है। इस कारण से ही देश के अनेक स्थानों से आने वाली लड़कियों या महिलाओं के अकेले घूमने के लिए यह बेहतर जगह है। यहां लोगों की अच्छी-खासी तादाद मिल जाती है, जिससे आप खुद को कभी अकेला महसूस नहीं करेंगी।

**मैसूर**

अगर आप प्राचीन इमारतों व इतिहास की शौकीन हैं तो ये जगह आपके लिए परफेक्ट रहेगी। यहां समय-समय पर कई राजाओं का शासन रहा, जिसके सबूत के तौर पर किले आज भी जीवित हैं। यहां के लिए माना जाता है कि महिलाएं और लड़कियां रात में भी अकेले घूम सकती हैं।

**सिक्किम**

नार्थ ईस्ट की ज्यादातर जगहें आपको अट्रैक्ट करने का कोई मौका नहीं छोड़ेंगी खासतौर से सिक्किम। चारों ओर ऊंची-ऊंची पहाड़ियां, गहरी घाटियां और बौद्ध मोनेस्ट्रीज यहां की खूबसूरती को दोगुना करते हैं। यहां के लोग बहुत ही फ्रेंडली होते हैं इसलिए यहां आप बेफ्रिक होकर ट्रिप को एन्जॉय कर सकती हैं। यहां खाने-पीने के भी ढेरों ऑप्शन्स मौजूद हैं।

**काजीरंगा**

महिलाओं के लिए आसाम के काजीरंगा नेशनल पार्क में घूमना बहुत ही यादगार और शानदार ट्रिप साबित हो सकता है। वाइल्ड लाइफ का एक्सपीरियंस लेने के लिए ये बहुत अच्छा ऑपशन है। अकेले घूमना हो या ग्रूप, महिलाओं के लिए हर लिहाज से सेफ है।

**शिमला**

हिल स्टेशन टूरिस्ट्स की सबसे फेवरेट जगह होते हैं और लगभग पूरे साल यहां आनों वालों की भीड़ लगी रहती है इसलिए ये जगह महिलाओं की लिए ज्यादा सुरक्षित होते हैं। शिमला ऐसी ही जगहों में से एक है। सबसे अच्छी और खास बात इन जगहों की होती है कि यहां देर रात को भी सैलानियों को घूमते, खाते-पीते, मौज-मस्ती करते हुए देखा जा सकता है।

**खजुराहो**

यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज साइट में शामिल खजुराहो के मंदिर की खूबसूरती वाकई देखने लायक है। यहां टूरिस्ट गाइड से बचने के लिए आपको ट्रिक्स आनी चाहिए वरना ये अच्छे खासे पैसे वसूलते हैं इन मंदिरों की सैर कराने की। लक्ष्मण मंदिर, लक्ष्मी मंदिर, मातंगेश्वर महादेव मंदिर, पार्श्वनाथ मंदिर और आदिनाथ मंदिर बहुत ही खूबसूरत है।



आज की रेसिपी

# काबुली चना चिली



**सामग्री :**

- 1 कप भीगे और उबले चना, 1 प्याज , टुकड़ों में कटा हुआ, 1 मीडियम शिमला मिर्च, टुकड़ों में कटा हुआ, 2-4 हरी मिर्च, टुकड़ों में कटा हुआ, 1 टेबल स्पून अदरक लहसुन, मुट्ठी भर हरी प्याज, 1 टेबल स्पून केचप, 1 टेबल स्पून सोया सॉस,1 टेबल स्पून चिली सॉस, 1 टी स्पून काली मिर्च पाउडर, 1 टी स्पून लाल मिर्च पाउडर, 1-2 टेबल स्पून कॉर्नफ्लोर.स्वादानुसार नमक

**विधि :**

- 1 .एक बाउल में भिगोया हुआ और उबला हुआ चना लें, उसमें एक चुटकी नमक, आधा काली मिर्च पाउडर, लाल मिर्च पाउडर और कॉर्नफ्लोर डालकर हर एक चने को अच्छी तरह से कोट कर लें. अब अच्छी तरह मिला लें.
- एक पैन में थोड़ा तेल गरम करें और कॉर्नफ्लोर चने को कोट करके हल्का सुनहरा होने तक तलें. प्लेट में निकाल कर साइड में रख दें.
- उसी पैन में तेल की मात्रा कम करें, फिर अदरक लहसुन, प्याज और शिमला मिर्च डालकर हल्का नरम होने तक पकाएं, लेकिन पूरी तरह से मशी न होने दें.
- अब सभी सॉस डालें और अच्छी तरह मिलाएं. बचे हुए सूखे मसाले डालकर अच्छी तरह से पकने दें.
- अगर मसाला जल रहा है या बहुत गाढ़ा है तो आप थोड़ा पानी छिड़क सकते हैं.
- तले हुए चना डालें और अच्छी तरह मिलाएं जब तक कि हर टुकड़े पर मसाले का कोट न हो जाए.